CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 24°C

नई दिल्ली, बुधवार 13 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 132 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बीके सिंह यूपी के नए पुलिस महानिदेशक नियुक्त

पेज 2



कोहली का जलवा इंस्टाग्राम पर बरकरार

खेल टाइम्स



गायब होती नौकाएं और विमान का कारण बर्मुडा ट्रायंगल

सम्पादकीय



पाक ने भारतीय राजनयिकों के घरों की गैस सप्लाई रोकी

पेज 12

# अब फिर से नहीं बसेगा धराली, पूरा गांव नई जगह होगा शिफ्ट

चिरंजीव सेंमवाल

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में 5 अगस्त को दिन के 1:15 बजे खीर गंगा गाड़ में आए सैलाब ने धराली को 34 सेकंड में पूरी तरह तबाह कर दिया। यहां के मकानों, कई भवनों, होटल, होमस्टे, सेब के बागानों सहित पूरे गांव को जमींदोज कर दिया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि आपदा में तबाह हुए धराली को अब उसी स्थान पर फिर से नहीं बसाया जाएगा, बल्कि सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया जाएगा। नदियों के किनारे और भूस्खलन-प्रवण क्षेत्रों में नए निर्माण पर भी रोक लगाई जाएगी। पिछले कई वर्षों में



**■ धराली में आई आपदा के बाद सरकार का साहसिक कदम, संवेदनशील है धराली का इलाका, 42 लापता का अभी तक सुराग नहीं**


धराली तीन बार आपदाओं का सामना कर चुका है, लेकिन हर बार गांव दोबारा बसाया गया। इस बार प्रशासन ने स्थायी विस्थापन की दिशा में कदम उठाया है। अपर सचिव बंशीधर तिवारी के अनुसार, ग्रामीणों से नई बसावट को लेकर बातचीत शुरू हो गई है। लोग 8 से 12 किमी दूर लंका, कोपांग या जांगला में बसाए जाने की मांग कर रहे हैं। वहीं, हर्षिल में आई आपदा में सेना का कैंप भी बह गया था। इसलिए नया कैंप लगाने के लिए सेना श्रीखंड पर्वत और आसपास के ग्लेशियरों, झीलों की रेकी करेगी। सरकार ने अब तक 42 लोगों के लापता होने की पुष्टि की -शेष पृष्ठ दो पर

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव मंजूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कैश कांड मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ मंगलवार को लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला ने महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

स्पीकर ने कहा कि मुझे रविशंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता समेत कुल 146 सदस्यों के हस्ताक्षर से प्रस्ताव मिला है। उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को पद से हटाने की मांग है। स्पीकर ने जांच के लिए 3 सदस्यीय कमेटी का ऐलान



**■ स्पीकर ने तीन सदस्यीय कमेटी बनाई**
**■ कहा: आरोप गंभीर, पद से हटाने की कार्रवाई जरूरी**

किया। इसमें सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के एक-एक जज और एक कानूनविद शामिल हैं। जांच समिति की रिपोर्ट आने तक यह महाभियोग प्रस्ताव लंबित रहेगा। इस साल 14 मार्च को जस्टिस यशवंत वर्मा के घर का वीडिया वायरल हुआ था। इसमें 500-500 के अधजले नोटों की गड्डियां नजर आई थीं। स्पीकर बिरला ने कहा कि तथ्य करप्शन की तरफ इशारा कर रहे हैं, हमने न्यायाधीश जांच अधिनियम के प्रावधानों का अध्ययन किया है। हमने सुप्रीम कोर्ट के घोषित कानूनों के साथ-साथ कई अन्य फैसलों की जानकारी भी रखी है। सुप्रीम कोर्ट ने शिकायत को गंभीर प्रकृति का पाया है। इनहाउस प्रक्रिया का पालन किया।

## सजा पूरी कर चुके कैदियों को तुरंत रिहा करें: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम निर्देश में कहा है कि जो भी कैदी अपनी सजा पूरी कर चुके हैं, उन्हें तुरंत रिहा किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को निर्देश दिया है कि वे इस बात की पुष्टि करें कि सजा पूरी कर चुका कोई कैदी अभी भी जेल में तो बंद नहीं है। अदालत ने ये भी कहा कि अगर कोई ऐसा कैदी पाया जाता है, जिसकी सजा पूरी हो चुकी है और वह किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है, तो उसे तुरंत रिहा किया जाए।

## दिल्ली-एनसीआर में 10-15 साल पुराने वाहनों को राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एनसीआर में डीजल के 10 साल पुराने और पेट्रोल के 15 साल पुराने वाहनों के मालिकों को फिलहाल बड़ी राहत दी है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि ऐसे वाहनों के मालिकों पर फिलहाल कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाएगी। सीजेआई गवई की बेंच ने यह आदेश दिया। यह फैसला तब आया, जब दिल्ली सरकार की ओर से एसजी तुषार मेहता ने कोर्ट से आग्रह किया कि ऐसे वाहनों के मालिकों पर जबरदस्ती कोई कार्रवाई न की जाए।

# आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## बिहार SIR को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा: आधार का सत्यापन जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में चुनाव आयोग (ईसी) द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने स्पष्ट किया कि आधार कार्ड को नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं माना जा सकता।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ इस बात की जांच कर रही है कि क्या चुनाव आयोग के पास इस तरह का सत्यापन अभियान चलाने का कानूनी अधिकार है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अगर उनके पास यह शक्ति नहीं है, तो मामला यहीं खत्म हो जाएगा, लेकिन अगर है, तो कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आधार अधिनियम की धारा 9 का उल्लेख करते हुए कहा कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं है और इसका सत्यापन जरूरी है। राजद सांसद मनोज झा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि चुनाव आयोग की यह प्रक्रिया बड़ी संख्या में मतदाताओं के बहिष्कार का कारण बन सकती है, खासकर उन लोगों के लिए जो निर्धारित फार्म जमा नहीं कर पाते। उन्होंने आरोप लगाया कि 2003 से मतदाता सूची में शामिल लोगों को भी नए सिरे से फार्म भरने को कहा जा रहा है और फार्म न भरने पर, पते में कोई बदलाव न होने के बावजूद, नाम हटा दिए जा रहे हैं। कई मामलों में जीवित मतदाताओं को मृत घोषित कर दिया गया और मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने हुए हैं। पीठ ने कहा कि उच्च प्रतिक्रिया दर बड़े पैमाने पर नाम कटने के दावों को कमजोर करती है। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने कहा कि मौजूदा वोटर लिस्ट में शामिल लोगों के खिलाफ नकारात्मक धारणा बनाना गलत है। यह मामला तत्काल हस्तक्षेप का हकदार है, वरना चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर असर पड़ सकता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर से दोहराया कि अगर सितम्बर के आखिर तक किसी भी स्तर पर अवैधता साबित हो जाती है, तो पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है।

**■ सितम्बर के आखिर तक किसी भी स्तर पर अवैधता साबित हो जाती है, तो पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है**



### योगेंद्र यादव ने सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग के उड़ाए तोते

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट में मामला सम्भाल ले गया था, मगर तभी योगेंद्र यादव ने सुप्रीम कोर्ट में बिहार के दो ऐसे लोगों को पेश किया, जिन्हें चुनाव आयोग ने मृत घोषित कर मतदाता सूची से नाम हटा दिया था,जबकि वे जीवित थे। उन्होंने इसे प्रक्रिया की गड़बड़ी का एक उदाहरण बताया। बिहार के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले की सुनवाई मंगलवार को जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की बेंच ने की। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं और चुनाव आयोग की दलीलें सुनीं। याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल, प्रशांत भूषण, और अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया गैर-पारदर्शी और मनमानी है, जिससे लाखों मतदाताओं, खासकर गरीब और प्रवासी समुदायों का मताधिकार -शेष पृष्ठ दो पर

# वोटर वेरिफिकेशन पर राहुल ने कहा: पिक्चर अभी बाकी है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि केवल एक सीट नहीं बल्कि बहुत सी सीटें हैं, जहां वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है। यह नेशनल लेवल पर सिस्टमेटिकली किया जा रहा है।

बिहार की अपडेट हुई वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर मिंता देवी के सवाल पर राहुल ने कहा कि हां, मैंने उसके बारे में सुना है। ऐसे एक नहीं, अनलिमिटेड केसेस हैं।



पिक्चर अभी बाकी है। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग यह जानता है और हम भी जानते हैं। पहले कोई सबूत नहीं था, लेकिन अब हमारे पास सबूत हैं। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं। एक व्यक्ति एक वोट संविधान की नींव है। ईसी का कर्तव्य है कि वो एक -शेष पृष्ठ दो पर

## आवारा कुत्तों के साथ क्रूरता नहीं होनी चाहिए: राहुल-प्रियंका

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से आवारा कुत्तों को हटाने के उच्चतम न्यायालय के निर्देश को बेजुबानों के साथ क्रूरता और एक प्रतिगामी कदम बताते हुए कहा है कि यह हमारी दशकों पुरानी मानवीय और विज्ञान-आधारित पशु कल्याण नीति को कमजोर करता है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने का उच्चतम न्यायालय का निर्देश दशकों से चली आ रही मानवीय, -शेष पृष्ठ दो पर

अल्लामा इक़बाल यूनानी मेडिकल (यू.जी. एण्ड पी.जी.) कॉलेज एण्ड ए.सी.एन. हॉस्पिटल
रूड़की रोड मुजफ्फरनगर
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
BUMS-4½ वर्षीय कोर्स
पंजीकरण प्रारम्भ -
सामान्य श्रेणी क्वालिफाईड / नीट क्वालिफाईड 144 पर्सेन्टाईल
पिछड़ा वर्ग क्वालिफाई / 113 पर्सेन्टाईल
15th August
प्रोफसर मुश्ताक हुसैन, प्राचार्य, 9897632081
तसलीम उल हक, मेंनेजिंग डायरेक्टर, 9837132196

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री संजय गुप्ता (एम.डी.)
श्री अमन गुप्ता (एम.डी.)
Gupta Resorts
5TH KM. STONE, VEHALNA CHOWK
DELHI-DEHRADUN HIGHWAY, MUZAFFARNAGAR

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Vijay Luxmi Optical Company (P) Ltd.
A Complete Optical Showroom in Westem U.P.
32-A, S.D. college New Market, Ph.: 9897687271
TUESDAY CLOSED
81-B, Vakil Road, New Mandi, 0131-2600782, 7599992254
SUNDAY CLOSED
Wholesale Showroom : 234, 235, 236-A, S.D. College New Market MUZAFFARNAGAR
EMAIL: vijayluxmioptical@yahoo.co.in, Visit us : vijayluxmioptical.com

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Shah Ji Vishnu Swaroop Jewellers
MFRS. OF:
✦ POLKI JEWELLERY
✦ DIMOND
✦ GOLD
✦ KUNDAN
56/1, BHAGAT SINGH ROAD, OPP. DAL MANDI, MUZAFFARNAGAR (U.P.)
Ajay Swaroop
Madhav Swaroop

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
swastik
CYCLE, RICKSHAW TYRES, TUBES & SPARES
M/S : SWASTIK (INDIA)
5th K.M. Meerut Road, Muzaffarnagar - 251 001 (U.P.)
Ph.: 8192061110, 8191061110

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सिंघल इस्पात
एंगल, पत्ती, सरिया, पाईप, चादर आदि के थोक विक्रेता
अमित संगल
नितिन संगल
निकट टाटा धर्मकांटा, मेरठ रोड, वहलना चौक, मुजफ्फरनगर

## संक्षिप्त समाचार

### फतेहपुर में धार्मिक स्थल के आसपास तनावपूर्ण शांति

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में मकबरा को लेकर दो संप्रदायों के बीच हुए विवाद के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में दस नामजद समेत 16 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है हालांकि अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ी भूमिका निभाने वाले भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष को नामजद नहीं किया गया है, जिससे छुटभैए भाजपा नेताओं में आक्रोश है। बीते सोमवार को शहर के आबू नगर मोहल्ले में 300 वर्ष पुराना मकबरा को एक संप्रदाय के लोगों ने शिव मंदिर घोषित किया था।

### मुंबई से दो नई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू करेगी इंडिगो

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने सितंबर में मध्य एशियाई देशों के लिए मुंबई से दो नई उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने मंगलवार को बताया कि वह 01 सितंबर से उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद और 2 सितंबर से कजाकिस्तान के अल्माटी के लिए मुंबई से सीधी उड़ानें शुरू करेगी। दोनों उड़ानें सप्ताह में चार दिन होंगी।

### परिषद के बाहर गिर पड़े पूर्व मंत्री बलराम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विधानभवन में मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधान परिषद की कार्यवाही में हिस्सा लेने पहुंचे पूर्व मंत्री व विधान परिषद सदस्य बलराम यादव परिषद के बाहर गिर पड़े। अचानक उनके गिरने से मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें उठाकर सोफे पर बिठाया। तकरीबन 20 मिनट बाद यादव नार्मल हुए।

# आईपीएस बीके सिंह यूपी पुलिस के नए महानिदेशक नियुक्त किए गए



**लखनऊ।** सीनियर आईपीएस अधिकारी बीके सिंह को यूपी पुलिस का नया महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। उनका पूरा नाम बिनोद के सिंह है और वह 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। बीके सिंह मूल रूप से बिहार की राजधानी पटना के रहने वाले हैं, उनके पिता का नाम श्रीकृष्णा सिंह हैं। सिंह का जन्म नौ मई 1971 को हुआ था। बीके सिंह ने इतिहास विषय से एमए, एमफिल और एलएलबी किया है।

सीनियर आईपीएस बीके सिंह मौजूदा समय में अपर पुलिस महानिदेश साइबर क्राइम के पद पर तैनात हैं उन्हें अभी तक कई महत्वपूर्ण सम्मान से नवाजा जा चुका है। इस आशय की जानकारी राज्यपाल की आज्ञा से प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने दी है।

# यूपी में 67.50 लाख बुजुर्गों को मिलेगी वृद्धावस्था पेंशन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 2024-25 में 5599997 लाभार्थियों को मिल चुका पेंशन का लाभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में 67.50 लाख पात्र बुजुर्गों तक पेंशन की राशि पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इससे पहले बीते वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में ही योगी सरकार ने अपने लक्ष्य के अनुरूप 56 लाख गरीब बुजुर्गों के खाते में 1000 रुपए प्रतिमाह की दर से पेंशन की राशि देकर उनका आर्थिक सहायता कर चुकी है।

आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सरकार ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वर्ष 2025.26 में वृद्धावस्था पेंशन योजना में पेंशनरों का लक्ष्य 61 लाख निर्धारित किया था, जिसे पहले ही वित्तीय वर्ष में प्राप्त कर आगे का नया लक्ष्य तय किया है। इस महत्वपूर्ण फैसले से सरकार ने प्रदेश के बुजुर्गों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। साथ ही सिंगल नोडल एकाउंट प्रणाली ने पेंशन की प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया है, जहां पेंशन सीधे आधार, लिंक्ड खातों में जाती है, बिना किसी मध्यस्थ के। इससे सरकारी धन का सदुपयोग सुनिश्चित होता है और लाभार्थी बिना देरी के लाभ पाते हैं। एसएनए प्रणाली का इस्तेमाल न केवल वितरण को तेज करता है, बल्कि ऑडिट और ट्रैकिंग को आसान बनाता है। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगता है और हर पैसे का हिसाब रखा जाता है। वृद्धावस्था पेंशन योजना योगी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रमुख हिस्सा है, जो बुजुर्गों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने पर केंद्रित है। इस योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक उम्र के आर्थिक रूप से कमजोर वृद्धजनों को प्रतिमाह एक हजार रुपए की पेंशन प्रदान की जाती है, जिससे उनके जीवन के अंतिम वर्षों में वित्तीय परेशानियां कम होती हैं। योगी सरकार ने इस योजना को शुरू से ही प्राथमिकता दी है। 2017 में जब योजना का विस्तार शुरू हुआ, तब लाभार्थियों की संख्या 37.47 लाख थी, जो आज 67.50 लाख के लक्ष्य तक पहुंच गई है। यह वृद्धि सरकार की सक्रियता का नतीजा है, जहां विकासखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर पात्र बुजुर्गों को चिह्नित किया गया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर यदि तय लक्ष्य से अधिक पात्र मिलते हैं, तो उन्हें भी योजना में शामिल किया जाता है। इस योजना के तहत पिछले कुछ वर्षों में लाभार्थियों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2018.19 में 40,71,580 वृद्धजनों को इस योजना का लाभ मिला, जिसमें 187913.10 लाख रुपए की धनराशि खर्च की गई। 2019.20 में यह संख्या बढ़कर 47,99,480 हो गई और 269774.45 लाख रुपए का व्यय हुआ। 2020.21 में 51,24,155 लाभार्थियों को 369449.13 लाख रुपए की पेंशन मिली। 2021.22 में 51,92,779 वृद्धजनों को 427790.56 लाख रुपए की पेंशन दी गई। 2022.23 में यह संख्या 54,97,237 तक पहुंच गई, और इस पर कुल 608374.50 लाख रुपए खर्च हुए। 2023.24 में 55,68,590 वृद्धजनों को इस योजना का लाभ मिला है।

# फतेहपुर मामले में सरकार सख्त कदम उठाए: मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को कहा कि फतेहपुर में मकबरा विवाद पर सरकार सख्त कदम उठाए जिससे सांप्रदायिक सदभाव खराब न हो सके। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा कि यूपी के जिला फतेहपुर में मक़बरा व मन्दिर होने को लेकर चल रहे विवाद/बवाल पर सरकार को किसी भी समुदाय को ऐसा कोई भी क़दम नहीं उठाने देना चाहिए, जिससे वहां साम्प्रदायिक तनाव पैदा हो जाए तथा आपसी भाईचारा व सद्भाव भी बिगड़े। सरकार इस मामले को ज़रूर गम्भीरता से ले तथा ज़रूरत पड़ने पर सख्त क़दम भी उठाए। गौरतलब है कि फतेहपुर जिले के आबू नगर में सोमवार को धार्मिक स्थल पर दावे को लेकर दो समुदाय के लोग आमने सामने आ गए थे। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हिंसा फैलाने के आरोप में दस नामजद समेत 160 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही आज तक के लिए स्थगित

# फतेहपुर मामले पर हंगामे के बीच कई बिल पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सपा सदस्यों ने प्रश्नकाल के बाद एक घंटे तक किया हंगामा सरकार ने दिया जवाब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को फतेहपुर मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने प्रश्नकाल के बाद लगभग घंटे भर तक हंगामा किया, जिसकी वजह से विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी।

सपा के सदस्य फतेहपुर के मामले को लेकर लगातार सदन के भीतर नारेबाजी कर सरकार से इस मामले पर चर्चा की मांग कर रहे थे। हंगामे को देखते हुए सरकार की तरफ़ से संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने फतेहपुर मामले पर जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने समय रहते कार्रवाई की है और एफआईआर भी दर्ज की गई है। दोषियों के खिलाफ़ विभिन्न धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया है। सरकार इस मामले में कठोर कार्रवाई करेगी। सुरेश खन्ना के जवाब देने के बाद भी समाजवादी पार्टी के सदस्य नारेबाजी करते रहे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने अपना जवाब दिया है अब सपा के सदस्यों को शांत हो जाना चाहिए। लेकिन सपा की तरफ़ से नारेबाजी जारी रही। नारेबाजी बंद न होने पर हंगामे के बीच ही कैग की रिपोर्ट टेबल की गई। इसके अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों को भी सदन में रखा गया। हंगामे के बीच करीब 50 मिनट तक कार्यवाही जारी रही। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डे ने सदन के भीतर फतेहपुर का मामला उठाया और कार्य स्थगन प्रस्ताव के ज़रिए सदन में चर्चा कराने की बात कही।

### फतेहपुर में मकबरा विवाद में लिप्त पप्पू सिंह चौहान को सपा ने पार्टी से निकाला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में मकबरा विवाद में संलिप्तिता पाए जाने पर समाजवादी पार्टी ने अपने कार्यकर्ता पप्पू सिंह चौहान को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। हांलाकि पप्पू चौहान ने वीडियो जारी कर सपा को सनातन विरोधी बताते हुए पार्टी से इस्तीफा देने का ऐलान किया है। गौरतलब है कि फतेहपुर के आबूनगर में मकबरा को मंदिर बताते हुए हिन्दूवादी संगठनों ने सोमवार को विवादित स्थल पर पूजा अर्चना की थी। इस सिलसिले में पुलिस ने दस नामजद समेत 160 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर में पप्पू चौहान का भी नाम है। सपा आलाकमान ने मकबरा विवाद में पप्पू चौहान का नाम आते ही उसे पार्टी से बाहर करने का ऐलान किया। फतेहपुर में सपा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने एक पत्र जारी कर कहा कि हुसैनगंज तहसील के गांव रहिमालन के पुरवा निवासी पप्पू सिंह चौहान को पार्टी विरोधी गति. विधियों में शामिल होने के कारण तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित किया जाता है। इससे पहले पप्पू चौहान ने एक वीडियो जारी कर कहा कि मुस्लिमो की रहनुमा सपा वही काम करती है, जो मुस्लिमों को पसंद है। उन्हें अपने किए पर कोई अफसोस नहीं है और वह सनातनी है और सनातन के पक्ष में हमेशा खड़े रहेंगे।

# सपा के शासनकाल में था माफिया का बोलबाला: मौर्य

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में अपराधियों, माफिया का बोलबाला था। सपा के शासन में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती थी। वर्तमान में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त है। अपराध होता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी होती है।

विधान परिषद में कानून व्यवस्था का मसला सपा की तरफ से उठाए जाने पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पहले अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता था। मुख्यमंत्री आवास तक में अपरा. धियों की पैठ थी। सपा के समय में यूपी में भय का वातावरण था। 2017 के चुनाव से पहले समा. जवादी पार्टी अहंकार के आक. ाश पर चढ़ गई थी। जनता को लगा कि सपा सरकार आएगी तो फिर से वही स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। उन्होने कहा कि सपा डूबती हुई नाव है। 2017 में सपा के साथ जो हुआ वहीं 2027 में होगा। भ्रष्टाचारी, अपराधियों को राजनीति में आगे लाने का काम सपा ने किया। सपा के शासनकाल में कोई भी पर्व त्यौहार सकुशल संपन्न नहीं होते थे। 2027 में गरीबों के उत्थान के लिए फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। इससे पूर्व नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि यूपी में रक्षक ही भक्षक बन गए हैं।



**सेंसेक्स** 80235.59
**निफ्टी** 24487.40



**सोना रु.** 99549
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 113593
प्रति किलो



# बैंकिंग, एफएमसीजी शेयरों में बिकवाली से टूटे प्रमुख सूचकांक



मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को एक बार फिर गिरावट देखी गई और बैंकिंग तथा एफएमसीजी शेयरों में बिकवाली से प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 368.49 अंक (0.46 प्रतिशत) लुढ़ककर 80,235.59 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 97.65 अंक यानी 0.40 प्रतिशत टूटकर 24,487.40 अंक पर बंद हुआ। सोमवार को दोनों सूचकांक करीब एक प्रतिशत की बढ़त में बंद हुए थे। निजी बैंक, वित्तीय सेवा, रियलिटी और एफएमसीजी क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद क्षेत्र की कंपनियों में भी बिकवाली हुई। ऑटो, आईटी, धातु और फार्मा सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी रही। संसेक्स की 30 कंपनियों में से 19 के शेयर टूट गए। बजाज फाइनेंस का शेयर 2.87 प्रतिशत, ट्रेंट का 1.36 प्रतिशत और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.35 प्रतिशत फिसल गया। एचडीएफसी बैंक, इटरनल और आईसीआईसीआई बैंक में भी गिरावट रही। बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, टीसीएस, इंफोसिस और आईटीसी के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। वहीं मारुति सुजुकी का शेयर 2.06 फीसदी चढ़ा। टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और टाटा स्टील के शेयर भी बढ़त में रहे। जहां बड़ी और मझौली कंपनियों में निवेशकों ने बिकवाली की, वहीं छोटी कंपनियों में विश्वास दिखाते हुए उनके शेयरों में पैसा लगाया। एनएसई में निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0. 04 प्रतिशत की बढ़त में रहा, जबकि मिडकैप 50 सूचकांक 0.42 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। सौ शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 भी 0.34 प्रतिशत टूट गया। सुबह सेंसेक्स 95.57 अंक की गिरावट में 80,508.51 अंक पर खुला और कुछ ही देर में हरे निशान में चला गया। दोपहर बाद तक सूचकांक में सीमित उतार-चढ़ाव बना रहा लेकिन आखिरी डेढ़ घंटे में मुनाफा वसूली होने से यह अंत में 368 अंक टूट गया। इस दौरान सेंसेक्स ऊपर 80,997.67 अंक और नीचे 80,164.36 अंक तक गया जो 800 अंक से अधिक का उतार-चढ़ाव है।

### सोने के दाम में गिरावट चांदी महंगी हुई

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में मंगलवार को गिरावट दर्ज की गई है। जबकि चांदी महंगी हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 408 रुपए गिरकर 99,549 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,957 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 92 रुपए बढ़कर 1,13,593 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,501 रुपए पर थी। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,100 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 थी। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,450 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,000 रही। 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,387 रुपए बढ़कर 99,549 रुपए पर पहुंच गया है।

# चावल महंगा, गेहूं सस्ता, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़, चीनी मजबूत

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत दाम बढ़ गए जबकि गेहूं में नरमी रही। खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का रुख देखने को मिला। चीनी में मजबूती देखी गई।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 16 रिंगिट चढ़कर 4,400 रिंगिट प्रति टन बोला गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.08 प्रतिशत फिसलकर 52.43 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब नौ रुपए बढ़कर 3,835.89 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं दो रुपए की मामूली गिरावट में 2,839.29 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा 3,293.82 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। सरसों तेल औसतन छह रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। मूंगफली तेल में पांच रुपए की तेजी रही। वनस्पति 65 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। पाम ऑयल में नौ रुपए की तेजी रही। सूरजमुखी तेल में दो रुपए की मामूली गिरावट देखी गई। सोया तेल 14 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत 15 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल सात रुपए नरम हुई जबकि तुअर दाल 14 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल में 15 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। दाल मूंग भी सात रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ के औसत भाव 18 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी सात रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अब फिर...**

है, जबकि स्थानीय लोग यह संख्या 60 से अधिक बता रहे हैं। इनमें 29 नेपाली मजदूर भी शामिल हैं, जिनमें से 5 से संपर्क हो चुका है और 24 अब भी लापता हैं। फिलहाल केवल एक शव बरामद हुआ है, जबकि मलबे में दर्जनों लोगों के दबे होने की आशंका है। गंगनानी से आगे लिम्चागाड़ में टूटा पुल अब के स्थान पर वैली ब्रिज तैयार हो गया है, जिससे उत्तरकाशी और धराली का संपर्क फिर से जुड़ गया, लेकिन भूस्खलन से गंगोत्री हाईवे डबारानी और धराली से पहले 350 मीटर बंद है।

**वोटर वेरिफिकेशन...** व्यक्ति एक वोट को लागू करे, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। हम ऐसा करते रहे हैं और करते रहेंगे। दरअसल संसद के दोनों सदनों में भी बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा और राज्यसभा चल नहीं पाई। सदन की कार्यवाही शुरू के होने के पहले प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के सांसद मकर द्वार पर मिंता देवी के नाम और तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे। विपक्ष का दावा है कि मिंता देवी बिहार चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर हैं। वहीं संसद के दोनों सदनों में बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। विपक्षी सांसदों ने कागज फाड़कर स्पीकर की कुर्सी की ओर फेंके गए। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल सदन की कार्यवाही चला रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के उपनेता की ओर से इशारा किया गया। इसके बाद कागज फाड़कर चेयर की ओर फेंके गए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि आपने सदन की गरिमा गिराई है। देश आपको माफ नहीं करेगा। आपके क्षेत्र के लोग आपसे दुखी होंगे। इसके बाद लोकसभा सोमवार 18 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। हालांकि चुनाव आयोग से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि सीवान के दरौंदा विधानसभा की वोटर के रूप में रजिस्टर्ड मिंता देवी की उम्र 124 नहीं बल्कि 35 साल थी। उनके आवेदन में गलती के कारण उनकी उम्र में बदलाव किया गया।

**योगेंद्र यादव ने ...**

छिन सकता है। कपिल सिब्बल ने बताया कि एक निर्वाचन क्षेत्र में 12 जीवित लोगों को मृत दिखाकर उनकी वोटर लिस्ट से नाम हटाए गए। चुनाव आयोग ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध करना है और यह प्रक्रिया कानूनी है। आयोग ने दावा किया कि 65 लाख नाम हटाए गए, जिनमें 22 लाख मृतक और 36 लाख स्थानांतरित लोग शामिल हैं। हालांकि, आयोग ने इन नामों की सूची सार्वजनिक करने से इनकार किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि बड़े पैमाने पर नाम हटाए गए हैं, तो वह हस्तक्षेप करेगा। जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा कि क्या प्रक्रिया संवैधानिक है और क्या आयोग को नागरि. कता सत्यापन का अधिकार है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर सितम्बर 2025 तक अवैधता साबित होती है, तो पूरी प्रक्रिया रद्द की जा सकती है।

**आवारा कुत्तों...**

विज्ञान-समर्थित नीति से एक कदम पीछे है। ये बेजुबान हैं और इनसे ऐसी कोई 'समस्या' नहीं हैं जिनके कारण उनको खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि आश्रय स्थल, नसबंदी, टीकाकरण और साम. ुदायिक देखभाल के जरिये सड़कों को बिना किसी क्रूरता के सुरक्षित रखा जा सकता है। इनको क्रूरता से हटाना अदूरदर्शी है और हमारी करुणा को खत्म करता है। हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जन सुरक्षा और पशु कल्याण साथ-साथ चलें। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि शहर के सभी आवारा कुत्तों को कुछ ही हफ्तों में आश्रय गृहों में भेजने का नतीजा उनके साथ बेहद अमानवीय व्यवहार होगा। उन्हें रखने के लिए पर्याप्त आश्रय गृह भी मौजूद नहीं हैं। शहरी परिवेश में जानवरों के साथ दुर्व्यवहार और क्रूरता होती है। निश्चित रूप से इस स्थिति से निपटने का एक बेहतर और मानवीय तरीका खोजा जा सकता है, जिससे इन मासूम जानवरों की देखभाल की जा सके और उन्हें सुरक्षित भी रखा जा सके। कुत्ते सबसे सुंदर और कोमल प्राणी होते हैं, वे इस तरह की क्रूरता के लायक नहीं हैं। उच्चतम न्यायालय ने कल दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) को राष्ट्रीय राजधानी के सभी इलाकों से आवारा कुत्तों को तुरंत हटाने का निर्देश दिया। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि हर इलाके को आवारा कुत्तों से मुक्त बनाने में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

### बिहार वोटर यात्रा के लिए कांग्रेस के जिला समन्वयक नियुक्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंगलवार को 25 जिला समन्वयक नियुक्त किए। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है। उनकी सूची में इस प्रकार है, रो. हतास में अजय राय तथा रामकिशन ओझा, औरंगाबाद में धीरज गुर्जर, गया में कमलेश्वर पटेल, नवादा के लिए दिनेश गुर्जर (विधायक), नालंदा में दिनेश गुर्जर (विधायक), शेखपुरा में संजय कपूर, जमुई में कुलदीप इंदोरा, लखीसराय में सत्य नारायण पटेल, मुंगेर के लिए नीलांशु चतुर्वेदी, भागलपुर में अशोक को नियुक्त किया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष लाइटिंग से जगमगाएगा विधानसभा परिसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा परिसर ७९वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर १४ और १५ अगस्त २०२५ को आम जनता के लिए खुला रहेगा। दिल्ली के लोग ११५ साल पुराने ऐतिहासिक भवन का भ्रमण कर सकेंगे और परिसर के अंदर मौजूद महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों को देख सकेंगे। समारोह में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) बैंड देशभक्ति से सराबोर धुनें प्रस्तुत करेगा, वहीं साहित्य कला परिषद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। शाम को विधानसभा परिसर विशेष लाइटिंग से जगमगाएगा, जिससे माहौल और भी उत्सवमय और देशभक्ति से भरा होगा।दिल्ली विधान सभा सचिवालय ने बताया कि इस कार्यक्रम में दिल्ली विधान सभा में अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, माननीय उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, मंत्रीगण, विधायकगण तथा अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। दिल्ली के लोग स्वतंत्रता दिवस समारोह का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकेंगे, ऐतिहासिक भवन की भव्यता देख सकेंगे और इसके वास्तुशिल्प व दिल्ली की लोकतांत्रिक व्यवस्था में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जान पाएंगे।

बीएसएफ बैंड की प्रस्तुति देशभक्ति, एकता और गर्व की भावना को जगाएगी। साहित्य कला परिषद के सांस्कृतिक कार्यक्रम भारत की समृद्ध कला और सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करेंगे, जिससे लोगों में राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक सद्भाव का संदेश जाएगा।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा परिसर में प्रवेश के लिए किसी पूर्व पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। दोनों दिन शाम ५ बजे से प्रवेश शुरू होगा। कार्यक्रम में आने वाले लोगों को पहचान पत्र, जैसे आधार कार्ड दिखाकर विधान सभा परिसर में प्रवेश करना होगा।

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जनता में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को गहरा करना है, ताकि लोग राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि में सार्थक योगदान दे सकें। यह हर नागरिक को लोकतांत्रिक मूल्यों, संस्थाओं और हमारी समृद्ध विरासत की रक्षा व संरक्षण की जिम्मेदारी की याद दिलाता है, जिससे हमारे राष्ट्र की एकता और अखंडता मजबूत हो सकेगी।

# 'आप' नेता पर लगाया जनता के मुद्दों से कटने काआरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है राज्य दर राज्य देश की जनता लगातार चुनाव हरा कर विपक्षी दलों को नाकार रही है पर कांग्रेस के द्वारा यह विपक्षी दल लोकतांत्रिक भाव से हार स्वीकार करने की जगह अब विपक्षी दल चुनाव आयोग एवं सरकार पर मनगढ़ंत आरोप लगा कर लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की हत्या करने में लगे हैं।वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की फरवरी २०२५ में अरविंद केजरीवाल के साथ ही आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार और उसके कई मंत्री चुनाव हारे तो इन्होने इसे जनमत के निर्णय के रूप में स्वीकार किया पर जैसे ही कांग्रेस ने महाराष्ट्र में एवं ष्राजदष ने बिहार में चुनाव आयोग पर आरोप लगाने शुरू किए तो आम आदमी पार्टी ने भी इस पर बोलना शुरू कर दिया।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष है की ष्आपष नेताओं ने खुद को राजनीतिक हास्य का पात्र बना लिया है, ८ फरवरी को अरविंद केजरीवाल ने हार को जनता फैसला बताया पर आज १२ अगस्त को ष्आपष नेता संजय सिंह कह रहे हैं की दिल्ली चुनाव में बेइमानी हुई थी।आपष नेताओं को समाचारों में रहने की इतनी ललक है की देश में कहीं कोई नेता किसी मुद्दे पर बोले वो उस मुद्दे से खुद को जुड़ा दिखाने में एक पल नही लगाते।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की लोकतंत्र में चुनावी हार जीत चलती रहती, खेदपूर्ण है की अपनी स्थापना से सत्ता सुख भोगने वाली 'आप' के नेता यह समझ ही नही पा रहे की वो अपनी सरकार की अराजकता, भ्रष्टाचार एवं अकर्मण्यता के कारण चुनाव हारे और सर्वाधिक खेदपूर्ण है की ष्आपष नेता विपक्ष में आ कर भी जनता के मुद्दों से कटे हैं।

# नई दिल्ली की पहचान बनेगा घंटा घर

■ **1.80 करोड़ की लागत से बनने वाला यह घंटाघर छह माह में बनकर तैयार हो जाएगा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में तालकटोरा स्टेडियम गोलचक्कर पर बनने जा रहा घंटाघर नई दिल्ली की पहचान बनेगा। एनडीएमसी द्वारा निर्मित किए जाने वाले २७ मीटर ऊंचे घंटाघर का शिलान्यास सीएम रेखा गुप्ता और उपराज्यपाल वीके सक्सेना के साथ ही एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने किया। १.८० करोड़ की लागत से बनने वाला यह घंटाघर छह माह में बनकर तैयार हो जाएगा। इस घंटा घर के बन जाने के एक बार फिर नई दिल्ली को अलग पहचान मिलेगी। अब भी दिल्ली में प्रमुख तौर पर हरि नगर घंटाघर, सब्जी मंडी घंटाघर, कमला मॉर्केट घंटाघर जैसे स्थान पहले से ही प्रसिद्ध हैं। यह इन इलाकों की पहचान बन चुके हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि यह घंटाघर एक नया मील का पत्थर बनने के लिए डिजाइन किया गया है। इस घंटाघर का निर्माण सीमेंट कंक्रीट और मिट्टी की ईंटों से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसका डिजाइन हिंदू, मुगल और औपनिवेशिक वास्तुकला का एक अद्भुत मिश्रण है। उन्होंने आगे कहा कि ष्एनडीएमसी द्वारा नए घंटाघर का निर्माण राष्ट्रीय राजधानी के शहरी पुनर्विकास में एक नया अध्याय लिखेगा।

एलजी ने कहा कि यह भव्य घंटाघर महत्वपूर्ण चौराहे पर स्थित है, जो कि एनडीएमसी क्षेत्र का प्रवेश द्वार है। जो यहां पर बड़ी संख्या में आने जाने वाले लोगों को आकर्षित करेगा। उपराज्यपाल ने यह भी बताया कि लाल किले के पीछे रिंग रोड पर सद्भावना पार्क में एक और घंटाघर का निर्माण किया जा रहा है। घंटाघर का विकास डीडीए द्वारा किया जा रहा है जो कि इस माह तक में पूरा हो जाएगा।

# कूड़े से आजादी अभियान के तहत महापौर ने पौधारोपण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की कूड़े से आजादी अभियान के तहत आज दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने पश्चिम विहार स्थित कृष्ण लाल शर्मा पार्क में पौधा लगाया और सफाई अभियान भी चलाया। इस अवसर पर निगम पार्षद श्रीमती शिखा भारद्वाज एवं नगर निगम दिल्ली (एमसीडी) के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। यह आयोजन स्वच्छ और हरी-भरी राजधानी के निर्माण हेतु सामूहिक प्रयासों का प्रतीक है।

महापौर ने इस अवसर पर दिल्लीवासियों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हरियाली न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाती है, बल्कि पर्यावरण को भी बेहतर बनाती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब इस तरह की पहल को सामूहिक रूप से अपनाया जाता है, तो यह प्रदूषण से लड़ने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान देती है। महापौर ने नागरिकों से "दिल्ली की कूड़े से आजादी" अभियान में सक्रिय भागीदारी की भी अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ दिल्ली के लक्ष्य को पाने के लिए सामुदायिक भागीदारी अनिवार्य है। महापौर ने आश्वासन दिया कि एमसीडी शहरभर में सफाई एवं वृक्षारोपण अभियान जारी रखेगा और नागरिकों को दिल्ली को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का आदर्श शहर बनाने के लिए साथ आने के लिए प्रोत्साहित करेगा। महापौर ने बताया कि एमसीडी न केवल सार्वजनिक स्थलों पर सफाई और हरियाली बढ़ाने पर ध्यान दे रहा है, बल्कि स्कूलों, बाजारों और आवासीय कॉलोनियों में भी जन-जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है।



दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान के तहत महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह पश्चिम विहार में पौधारोपण करते हुए।

## एक नजर

### रात जमकर बरसे बदरा कई इलाकों में भारी जलभराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोमवार देर रात दिल्ली के कई इलाकों में मूसलाधार बारिश देखने को मिली। जहां एक तरफ इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। वहीं, दूसरी तरफ कई इलाकों में भारी जलभराव हो गया। इससे पहले शनिवार को तेज बारिश हुए थी। मौसम विभाग ने दिल्ली में शनिवार और रविवार को हल्की बारिश का अनुमान लगाया था। दिल्ली- में ९ अगस्त को हुई मूसलाधार बारिश के बाद मानसून धीमा पड़ गया था। दिल्ली एनसीआर में १३ अगस्त तक हल्की बारिश की संभावना है। इसके बाद १४ से १७ अगस्त के बीच मध्यम बारिश के आसार हैं। बदलते हवाओं के पैटर्न से मौसम में बदलाव होगा। ऐसे में तापमान घटकर ३४-३५ डिग्री से ३१-३२ डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार सुबह ८:३० बजे तक बीते २४ घंटे के दौरान देशभर में जमकर बारिश हुई।

### रणनीतिक साझेदारी की घोषणा

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी लाइफ और नॉर्दर्न आर्क कैपिटल ने एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत नॉर्दर्न आर्क कैपिटल अपने ग्राहकों को एचडीएफसी लाइफ के व्यक्तिगत और ग्रुप लाइफ इंश्योरेंस सॉल्यूशन प्रदान करेगा। नॉर्दन आर्क कैपिटल के प्रबंध निदेशक और सीईओ आशीष मेहरोत्रा ने कहा, नॉर्दर्न आर्क का हमेशा से मानना रहा है कि फाइनेंशियल सिक्योरिटी पहुंच से प्रारंभ होती है और सिक्योरिटी के साथ सशक्त होती है। एचडीएफसी लाइफ की प्रबंध निदेशक व सीईओ विभा पडलकर ने कहा, हमारी देश की आबादी के बड़े वर्ग को फाइनेंशियल सिक्योरिटी की जरूरत है।

### इंडोनेशिया में आयोजित तीसरे वर्ल्ड बीच चैंपियनशिप में खेलेंगी भारतीय चौकबाल टीम

**नई दिल्ली।** जब जोश आपका भरोसा हो तो जीत पक्की होती है। देश का नाम रोशन करने भारतीय चौकबाल खिलाड़ियों का समूह इंडोनेशिया पहुँच गया। भारत की गर्ल्स और बॉयज चौकबॉल टीम इंडोनेशिया में आयोजित 3 तक वर्ल्ड बीच चौकबॉल चैंपियनशिप 2025 में भाग लेने के लिए पहुँची। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 5 अगस्त से 10 अगस्त 2025 तक बाली, इंडोनेशिया में आयोजित की गई, जिसमें दुनिया भर के 92 देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। भारत की ओर से गर्ल्स टीम और बॉयज टीम दोनों इस वैश्विक मंच पर टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करेंगी। जिसमे ऑल दिल्ली चौकबाल एसोसिएशन के द्वारा भी खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और व्यवस्था में मेहनत की गई । दोनों टीमों के कोच जगप्रीत सिंह बख्शी हैं, जो खिलाड़ियों का मार्गदर्शन और प्रशिक्षण कर रहे हैं। गर्ल्स टीम की कप्तान सुहानी हैं, और टीम में वन्या मित्तल, प्राची झा, चिंकी, निशा कुमावत, श्रुति वर्मा, रितिका चौहान, आस्था राघव और साक्षी यादव जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं। बॉयज टीम की कमान दीपांशु के हाथों में है। टीम में जयंत दबास, मिलन दबास, शहादत खान, स्वयं किरण साहू, नितेश, अंकित बिश्नोई, मोहित राणा, रमन गुप्ता और सौरभ यादव जैसे होनहार खिलाड़ी शामिल हैं।

### मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम पर बढ़ाई जागरुकता

**नई दिल्ली।** मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के खिलाफ शहर की लड़ाई में योगदान देते हुए डाबर की ओर से ओडोमॉस ने आज सुरक्षा बंधन कैंपेन के लॉन्च की घोषणा की है। इस कैंपेन के तहत ओडोमॉस ने छात्रों के बीच ओडोमॉस बैण्ड बांटे, उन्हें मच्छरों से फैलनी वाली बीमारियों और इनकी रोकथाम के बारे में जागरुक बनाया। नई दिल्ली में इस पहल की शुरुआत करते हुए, डाबर ने बच्चों के बीच एक जागरूकता सत्र आयोजित किया, जिसका उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को डेंगू फैलाने वाले मच्छरों से प्रभावी बचाव के उपायों के बारे में शिक्षित करना था। इस पहल पर बात करते हुए वैभव राठी, मार्केटिंग हैड- होम केयर, डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा, सुरक्षा बंधन कैंपेन समाज के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए डाबर ओडोमॉस के प्रयासों पर रोशनी डालता हैं।

# डीटीयू में लगेगी पीएचडी छात्रों की बायोमेट्रिक उपस्थिति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रौद्योगिकी विवि में पीएचडी करने वाले छात्रों की उपस्थिति बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली पर दर्ज होगी। उपस्थिति पूरी होने पर ही छात्र फेलोशिप के लिए दावा कर सकेंगे। डीटीयू ने छात्रों को फेलोशिप वितरण के उद्देश्य से बीएएस लागू करने के संबंध में नोटिस जारी किया है।

इसके अनुसार फेलोशिप दावों को बीएएस पोर्टल पर उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार पूरा किया जाएगा। अगर छात्र किसी कारण से बीएएस पर उपस्थिति दर्ज नहीं कर पा रहा है तो वास्तविक कारणों को पीएचडी पर्यवेक्षक प्रमाणित करेंगे। साथ ही बीएएस के काम न करने की स्थिति में छात्र की उपस्थिति को भी पीएचडी पर्यवेक्षक प्रमाणित करेगा।

छात्रों को सुबह आठ बजे से लेकर रात ११ बजे तक की अवधि में बीएएस मशीन पर उपस्थिति दर्ज करनी होगी। इसके लिए प्रतिदिन सात कार्य घंटों की समय सीमा तय की गई है। उपस्थिति छूटने पर अवकाश पर जाएगा माना : छात्र से चार बार उपस्थिति छूटने पर उसे एक दिन के अवकाश पर माना जाएगा और उसी अनुसार समायोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि छात्रों के फेलोशिप दावों को अकादमिक-पीजी अनुभाग द्वारा पोर्टल से जारी बीएएस रिपोर्ट के अनुसार ही पूरा किया जाएगा। इस संबंध में बाद में कोई अनुरोध स्वीकार नहीं होगा। छात्रों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए डीटीयू के दिल्ली स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, ईसीई, प्रशानिक ब्लॉक, हॉस्टल कार्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, लाइब्रेरी और यूएसएमई विभाग में १३ बीएएस मशीन लगाई गई है।

# चाची की हत्या मामले में 13 साल बाद गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अपनी चाची की हत्या के मामले में वांछित को तेरह साल बाद गिरफ्तार किया है जिसे वेलकम थाने में दर्ज हत्या के मामले में पीओ घोषित किया गया था।

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि २९ जनवरी. २०१२ को आरोपी अशोक, भरत, हीरा, सोनू और बबलू (४१) ने राजरानी उर्फ राज. कुमारी (भरत की दूसरी पत्नी) पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी, क्योंकि उसके पति की संपत्ति पर उनके दावे को लेकर विवाद चल रहा था। इसके बाद वेलकम थाने के तहत मामला दर्ज किया गया।

# बंधक बनाकर लूट का मुख्य साजिशकर्ता दो के साथ धरा

**नई दिल्ली।** मुखर्जी नगर इलाके में बीते जुलाई महीने में तीन हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर गोली मारने की धमकी देकर मकान मालिक को बंधक बनाकर लूटपाट की थी। वारदात को अंजाम देने वाले तीन बदमाशों कमल,अशोक और शिवम उर्फ सूरत सिंह

को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से तीन पिस्टल,चार कारतूस,कार और लूट के गहने व नकदी बरामद की है। वारदात का मुख्य आरोपी अशोक है,जो शिकायतकर्ता के घर में नौकरी कर चुका है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते २७ जुलाई को मुखर्जी नगर पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि मेरे कमरे में तीन लडके पिस्टल लेकर आए। उसको बैठाकर मुंह दूसरी तरफ करके कुछ सामान ले गए हैं,बदमाशों में से दो ने मास्क लगा रखे थे। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। शिकायतकर्ता की पत्नी ने बताया कि अलमारी में रखे सोने के गहने और नकदी लेकर बदमाश गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी सुरेशचंद की देखरेख में एसएचओ राजीव शाह के निर्देशन में पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह और उसकी तरफ आने जाने वाले रूट पर लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता भी ली गई।


चांदनी चौक के सांसद प्रवीन खंडेलवाल के नेतृत्व में आयोजित तिरंगा यात्रा में सेवानिवृत्त वरिष्ठ सेना अधिकारी, व्यापारी, कामगार, महिलाएं व युवा शामिल हुए।

# केशव पुरम में निकली गई तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केशवपुरम मेट्रो स्टेशन से शुरू हुई भव्य तिरंगा यात्रा ने पूरे क्षेत्र को देशभक्ति की अनूठी भावना से सराबोर कर दिया। चांदनी चौक के सांसद प्रवीन खंडेलवाल के नेतृत्व में आयोजित इस भव्य यात्रा में सेवानिवृत्त वरिष्ठ सेना अधिकारी, व्यापारी, कामगार, महिलाएं और युवा बड़े उत्साह से शामिल हुए। यात्रा की शुरुआत केशवपुरम मेट्रो स्टेशन से हुई और मुख्य मार्गों से होती हुई आगे बढ़ी। 'पूरे रास्ते पर ढोल-नगाड़ों, शहनाई और बैंड की धुनों के साथ तिरंगे लहराते हुए देशभक्ति का ज्वार उमड़ पड़ा'। सड़कों के दोनों ओर और इमारतों की छतों से लोग तिरंगे हाथ में लिए इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बन रहे थे। यात्रा के दौरान जगह-जगह स्थानीय व्यापारिक एवं आर डब्ल्यू ए तथा नागरिक संगठनों द्वारा फूलों की वर्षा और नारों के साथ भव्य स्वागत किया गया। हर दिल में तिरंगा-हर घर तिरंगा, तिरंगा शान भारत की और भारतीय सामान- हमारा स्वाभिमान जैसे सशक्त नारे गूंजते रहे। इस यात्रा में भाजपा केशवपुरम जिला के अध्यक्ष अजय खटाना, विधायक तिलकराम गुप्ता, पूनम शर्मा भारद्वाज,निगम पार्षद मीनू गोयल, रवि हंस, किशन बेबाड़, शिखा भारद्वाज आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# आज ब्रेन सर्जरी की रिकवरी पहले से बेहतर : डॉ. सतनाम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ब्रेन सर्जरी, जिसे कभी चिकित्सा क्षेत्र की सबसे जटिल और उच्च-जोखिम वाली प्रक्रियाओं में से एक माना जाता था, अब चुपचाप बदल रही है।

उन्नत तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ, आज सर्जरी के परिणाम अधिक अनुमानित हो गए हैं, रिकवरी तेज हो गई है और मरीजों के जीवन पर इसका प्रभाव काफी कम हो गया है। ब्रेन ट्यूमर, वैस्कुलर मालफॉर्मेशन और मिर्गी के कुछ प्रकार जैसी स्थितियों में अक्सर सर्जिकल हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है। शुरुआती लक्षण जैसे लगातार सिरदर्द, चक्कर आना, दौरे पड़ना, या व्यक्ति त्व में अचानक बदलाव, अक्सर नजरअंदाज हो जाते हैं या गलत समझे जाते हैं। समय पर चिकित्सकीय जांच बेहद जरूरी है, क्योंकि जल्दी पहचान होने पर अधिक उपचार विकल्प उपलब्ध होते हैं और सर्जरी के बाद बेहतर परिणाम मिलते हैं। कहते हैं डॉ. सतनाम सिंह छाबड़ा, चेयरमैन, न्यूरोसर्जरी विभाग, सर गंगा राम अस्पताल, नई दिल्ली। न्यूरोनेविगेशन सिस्टम, हाई- रिजॉल्यूशन माइक्रोस्कोप, इंट्रा- ऑपरेटिव मॉनिटरिंग, और न्यूनतम इनवेसिव एंडोस्कोपिक उपकरण जैसी तकनीकी प्रगति ने ब्रेन सर्जरी करने के तरीके को बदल दिया है।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# कूड़े से आजादी अभियान के तहत रोहिणी में प्लॉगिंग रन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने रोहिणी क्षेत्र में दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान के अंतर्गत रोहिणी के विश्राम चौक से अवंतिका चौक तक प्लॉगिंग रन का आयोजन किया। इस अवसर पर उत्तर पश्चिम दिल्ली के सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, दिल्ली के उप महापौर जयभगवान यादव, स्थानीय पार्षद धर्मबीर शर्मा,कॉमनवेल्थ खेलों के पदक विजेता बॉक्सर मनोज कुमार, उत्तर पश्चिम दिल्ली की डी एम सौम्या सौरभ,रोहिणी क्षेत्र के उपायुक्त प्रेम कुमार मंडल, दिल्ली नगर निगम के अधिकारीगण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। उत्तर पश्चिम दिल्ली के माननीय सांसद श्री योगेन्द्र चांदोलिया ने इस अवसर पर कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अगस्त माह स्वच्छता संबंधी कार्यों के लिए रखा है जिससे पता चलता है कि दिल्ली सरकार सफाई व्यवस्था के प्रति कितनी गंभीर है। उन्होंने कहा कि आज इतनी बारिश के बावजूद सभी अधिकारी तैनात है जोकि दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली को साफ व सुंदर रखने के लिए निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री चांदोलिया ने कहा कि दिल्ली को साफ और सुंदर बनाने की मुहिम में स्कूल अध्यापकों,समाजसेवियों, आर डब्लू ए इत्यादि का सहयोग मिल रहा है और मैं मानता हूं कि जब किसी कार्य को समाज के हर वर्ग का समर्थन मिलता है तो हमें कामयाब होने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि हम सभी चाहते हैं कि दिल्ली भी इंदौर की तरह साफ एवं सुंदर बने और इस कार्य को करने के लिए हम सबको सफाई के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। दिल्ली को साफ रखने की जिम्मेदारी केवल सफाई कर्मचारियों की नहीं है यह काम हम सबको मिलकर करना होगा।

# जगतपुरी वार्ड में तिरंगा यात्रा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम जगतपुरी वार्ड के निगम पार्षद राजू सचदेवा के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

यह यात्रा चंदर नगर से शुरू होकर न्यू गोविंद पुरा स्थित गांधी पार्क पर सम्पन्न हुई। इस यात्रा में क्षेत्रीय विधायक डॉ. अनिल गोयल विशेष रूप से शामिल रहे। देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत इस यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ- साथ बड़ी संख्या में क्षेत्र के जिम्मेदार नागरिक भी मौजूद थे। सभी के हाथों में तिरंगे झंडे लहरा रहे थे और लोग देशभक्ति गीतों पर उत्साह से थिरकते नजर आए। इस अवसर पर डॉ. अनिल गोयल ने कहा, बड़ी कुर्बानियों के बाद हमें यह आजादी मिली है, जिसे कायम रखने के लिए हमारे सैनिकों ने अनेक बार दुश्मनों से जंग लड़ी है। ऑपरेशन सिंदूर भी उसी का एक अहम हिस्सा है। वहीं राजू सचदेवा ने कहा, देश को आजाद कराने में सभी धर्म और सम्प्रदाय के लोगों की संयुक्त कुर्बानियां रही हैं। देश का संपूर्ण विकास भी केवल एकता में ही संभव है।



शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

हिंदूवादी संगठनों ने की सरकारी जमीन से

# मस्जिद कमेटी का अवैध कब्जा हटवाने की मांग

■ कार्रवाई न होने पर की आत्मदाह की घोषणा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** बेगमाबाद क्षेत्र में सरकारी जमीन पर मस्जिद कमेटी द्वारा अवैध कब्जा व निर्माण किये जाने के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर अनेकों हिंदूवादी व सामाजिक संगठनों ने मोदीनगर तहसील पर प्रदर्शन किया व शीघ्र कार्यवाही की मांग की,युवा हिंदूवादी नेता पंकज कंसल ने अवैध कब्जा अतिशीघ्र ना हटाये जाने पर तहसील परिसर में ही आत्मदाह करने की घोषणा भी की।

प्रदर्शनकारियों द्वारा दिये गए ज्ञापनों में आरोप लगाया गया है कि बेगमाबाद क्षेत्र में खाली पड़ी सरकारी जमीन पर मस्जिद कमेटी ने अवैध निर्माण कर रखा है जबकि हिंदूवादी संगठन व स्थानीय नागरिक इसका शुरू से ही विरोध करते आ रहे हैं। मंगलवार को अनेकों संगठनों से जुड़े सैकड़ो लोग तहसील पहुंचे व एसडीएम को अलग अलग ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की।

युवा हिंदूवादी नेता पंकज कंसल ने एसडीएम से शीघ्र ही कार्यवाही नहीं करने पर एसडीएम कार्यालय के समक्ष ही आत्मदाह करने की भी बात कही।

एसडीएम अजित कुमार सिंह ने शीघ्र ही यथोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। नीरज शर्मा,विक्रम सिंह, नितिन शर्मा सतीश बैसला विक्रम गुर्जर लोनी, नितिन सेन अंशु सिंह प्रियांशु राणा पंकज कंसल नीरज शर्मा, अश्वनी गुप्ता पंकज शर्मा, धीरेंद्र शर्मा पूर्व सैनिक सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## चुनाव निष्पक्ष नहीं होंगे तो लोकतंत्र का कुछ भी नहीं बचेगा: संजीव शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य डॉ. संजीव शर्मा ने कहा कि यह राहुल गांधी बनाम नरेंद्र मोदी की लड़ाई नहीं है। यह कांग्रेस बनाम भाजपा नहीं है। यह सत्ता और विपक्ष के बीच का भी मसला नहीं है। असल में यह आपके वजूद का सवाल है और अब आपके पास कोई चारा नहीं है आप चुप नहीं रह सकते हैं क्योंकि आपका वह अधिकार, जो आपको हमारे लोकतंत्र में सबसे ज्यादा ताकत देता है - वोट का अधिकार - छीना जा रहा है साथ ही उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति, एक वोट हमारे संविधान की नींव है, एक साफ सुथरी वोटर लिस्ट स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की नींव है, एक ऐसी मतदाता सूची जिसमें कोई डुप्लिकेट नाम, नकली पते या फर्जी डिटेल ना हों - हर भारतीय का हक है, चुनाव आयोग से हमारी मांग: डिजिटल वोटर लिस्ट उपलब्ध कराई जाए जिसका सार्वजनिक ऑडिट हो सके, यह अभियान भाजपा, मोदी या राहुल गांधी के बारे में नहीं है - यह इस देश की आत्मा, हमारे लोकतंत्र के लिए है। आप मूकदर्शक नहीं बने रह सकते। अगर हमारे चुनाव निष्पक्ष नहीं होंगे तो हमारे लोकतंत्र का कुछ भी नहीं बचेगा।

मुरादनगर मोहल्ला महाजनान कन्या इंटर कॉलेज के छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

## घर-घर दिए तिरंगे, भारत माता कि जय के जयकारों से गूंजा शहर, जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** मंगलवार को को मौहल्ला महाजनान मुरादनगर से एम एस एस इण्टर कॉलेज कन्यापाठशाला की छात्राओं द्वारा हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा रैली (तिरंगा यात्रा) निकाली गई स जिसका शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार यादव एवम अ. भा. परशुराम सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष प. विनोद मिश्रा द्वारा किया गया। यह यात्रा कन्यापाठशाला मौहल्ला महा. जनान से प्रारंभ हुई। घर घर तिरंगे दिए गए तथा यह यात्रा मैन बाजार, रावली रोड, पाइपलाइन रोड, त्यागी कॉलोनी, व सरना चौक से होते हुए कन्या इंटर कॉलेज पर यात्रा का समापन हुआ। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार यादव तथा परशुराम सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं विनोद मिश्रा ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्र की एकता व मजबूती प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर यह तिं. रगा यात्रा निकाली गई। भारत देश को आजादी दिलाने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले महापुरुषों एवम वीरों को याद किया गया तथा उनके सम्मान में नारे लगाए गए। इस यात्रा में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष प. विनोद मिश्रा, समाज सेवी बोबी पंडित, पं यश शर्मा (गौ सेवक), सभासद दीपक शर्मा, व्यापार मंडल ने अध्यक्ष मो. हित गर्ग, संदीप कंसल, समाज सेवी महेश गर्ग, निंदो मेंबर, आक. श शर्मा, श्रुति, अन्नू सिंह, संगीता धामा, अरविंद सिंघल, कुसुमलता, छवि, खुशबू, स्वाति शर्मा, प्रदीप त्यागी, संदीप आदि एवम थाना अध्यक्ष अंकित चौहान मुरादनगर पुरी फोर्स के साथ इस तिरंगा यात्रा में व्यवस्था बनाए हुए थे। विद्यालय की छात्राएं वन्दे मातरम्, भारत माता की जय एवम देश के शाहिद वीरों एवम महापुरुषों के नारे लगा रही थीं।

### अनुज जैन के मुख्य सचिव बनने पर दी बधाई व शुभकामनाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन का महासचिव नियुक्त होने पर सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी वरिष्ठ अधिवक्ता, दिनेश गर्ग, प्रवीण गुप्ता प्रचार मंत्री लोहा व्यापार मंडल ने बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



**मोदीनगर। एसडीएम मोदीनगर को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपते भाकियू ( टिकैत )के नेता पप्पी नेहरा, संजीव ढिंढर, अरुण कसाना आदि।**

### अधिशासी अभियन्ता दुर्गेश कुमार ने कर्मचारियों को वितरण की सुरक्षा किट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** विद्युत वितरण खंड मुरादनगर के अधिशासी अभियंता दुर्गेश कुमार ने उपकेंद्रों पर तैनात समस्त कर्मचारियों को सुरक्षा किट वितरण की तथा साथ ही संविदा कर्मचारियों को सुरक्षा से संबंधित गाइडलाइन से अवगत कराया। दुर्गेश कुमार ने बताया कि विद्युत लाइन पर कार्य करते समय किसी भी तरह की दुर्घटना से बचने हेतु सुरक्षा किट पहनकर ही कार्य करना अत्यंत आवश्यक है। छोटी सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना की वजह बन सकती है वहां पर मौजूद और अभियन्ताओं को निर्देशित किया की अगर किसी भी उपकेंद्र पर कोई भी कर्मचारी बिना सेफ्टी किट के कार्यकर्ता पाया जाता है तो उन पर तुरन्त कार्यवाही करें। उनके साथ एसपी यादव उपखण्ड अधिकारी, प्रकाश सिंह उपखंड अधिकारी, प्रकाश सिंह उपखण्ड अधिकारी एवं संबंधित अवर अभियंता मौजूद रहे।

एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में

## द्वितीय व तृतीय वर्ष की कक्षाएं ओरिएंटेशन कार्यक्रम के साथ प्रारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों की कक्षाओं की शुरुआत भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम के साथ हुई। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय परिसर में छात्रों का हर्षोल्लास से स्वागत किया गया और नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत उत्साह, नवाचार और उत्कृष्टता के संकल्प के साथ हुई। कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, आपकी एकाग्रता और ईमानदारी ही आपके आने वाले कल की सफलता की कुंजी है। विश्वविद्यालय के संसाधनों और मार्गदर्शन का पूरा लाभ उठाएं। कुलपति डॉ. प्रसंजित कुमार ने छात्रों को पूरे मनोयोग से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, "शिक्षा जीवन भर चलने वाली एक यात्रा है। इस शैक्षणिक वर्ष का उपयोग ज्ञान अर्जन, कौशल विकास और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने में करें।" प्रो वाइस चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और समयपालन के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा, "नियमितता, सम्मान और जिम्मेदारी ही व्यक्तिगत और पेशेवर विकास की नींव हैं।" रजिस्ट्रार डॉ राजीव रतन जी एवं प्रॉक्टर संदीप सिंह ने विद्यार्थियों से शांतिपूर्ण और सकारात्मक वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "अनुशासन और परस्पर सम्मान ही एक उत्पादक शिक्षण समुदाय की नींव रखते हैं।" एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी' ने वर्ष 2025-26 के लिए अपनी शैक्षणिक संरचना, डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म और सह-पाठयक्रम गति. विधियों को और बेहतर बनाया है, ताकि छात्रों को समग्र और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके।

### तहसील परिसर में जर्जर पानी की टंकी की ममरम्मत की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** तहसील परिसर में लगी पानी की टंकी की जर्जर हालत के खिलाफ दस्तावेज लेखक एसोसिएशन( बैनामा लेखक )ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर टंकी की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की। अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी ने बताया कि ज्ञापन में पानी की टंकी की मरम्मत के साथ साथ उससे रिसते पानी से बने गड्ढे व तहसील परिसर की एक दीवार के पिछले काफी समय से टूटे होने की शिकायत कर उसकी भी मरम्मत की मांग की गयी है। एसडीएम अजित कुमार सिंह ने स्वयं संज्ञान लेकर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

इंद्रप्रस्थ योजना में सीवर निर्माण के कार्य ने पकड़ी रफ्तार

## सीवर निस्तारण कार्य को तीन चरणों में किया क्रियान्वित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की इंद्रप्रस्थ योजना में सीवर लाइन के निर्माण का कार्य तेजी से प्रगति पर है। 66 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली इस योजना मे सीवर की समस्या के स्थायी समाधान हेतु सीवर निस्तारण कार्य को तीन चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य पूरे योजना की जल निकासी और सीवर व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। योजना के अंतर्गत पहले चरण का काम पूरा किया जा चुका है। मौजूदा समय में दूसरे चरण के अंतर्गत कार्य को किया जा रहा है, बीच में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर कार्य को रोकना पड़ा था, अब दिल्ली जल बोर्ड से अनुमति प्राप्त करते हुए कार्य को कराया जा रहा है , जिसे जल्द पूरा किया जायेगा और दूसरे चरण का कार्य पूरा होने के बाद तीसरे चरण के कार्य की शुरुआत की जाएगी ।

**पहला चरण-सीवेज पंपिंग स्टेशन का निर्माण:** योजना के पहले चरण में डीपीएस स्कूल के समीप सीवेज पंपिंग स्टेशन (SPS) का निर्माण किया गया है। इस पर 4.5 करोड़ रुपये की लागत आई है और यह कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है।

**दूसरा चरण- मावी चौक से मैनहोल संख्या 78 तक सीवर लाइन:** इस चरण में मावी चौक से जल निगम द्वारा विक. सित सीवर मैनहोल संख्या 78 तक लगभग 1800 मीटर लंबी सीवर लाइन डाली जा रही है। 3.5 करोड़ रुपये की लागत से हो रहे इस कार्य में अब तक 1000 मीटर (1 किलोमीटर) लाइन बिछाई जा चुकी है।

शेष कार्य अब पूरा किया जा रहा है, हालांकि बीच में कावड़ यात्रा के चलते काम को रोकना पड़ा था , अब दिल्ली जल बोर्ड से अनुमति प्राप्त करने के साथ ही कार्य को आरम्भ करा दिया गया है और दूसरे चरण के कार्य को जल्द पूर्ण किये जाने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।

### मोदीनगर के बीएसएफ जवान की भटिंडा में हार्ट अटैक से मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** बेगमाबाद निवासी बीएसएफ जवान नितिन नेहरा पुत्र भावेन्द्र नेहरा की भटिंडा में ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मृत्यु हो गयी है उनके निधन की जानकारी मिलते ही उनके परि. जनों समेत समस्त क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

## पूर्ण सतगुरु से ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर भगवान श्री कृष्ण को तत्त्वरूप से जानें: आशुतोष महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री कृष्ण क्या थे? कौन थे? किस उपमा से अभिवंदित करें हम उन्हें? वृंदावन की निकुंज गलियों के छबीले गोपालक! मनहरण सुर-लहरियाँ छेड़ने वाले बंसी-बजैय्या! अधर्मी कंस, शिशुपाल आदि के प्राणहर्त्ता यदुवीर! युगांतरकारी महाभारत युद्ध के एकल नियंता! कुटिलता के विरुद्ध चतुर दाँव-पेंच खेलने वाले कुशल राजनीतिज्ञ! एक क्रांति-विधायक युगपुरुष! तत्त्व-ज्ञान की परम-निर्झरणी गीता के अपूर्व स्रोत! क्या कहें हम उन्हें? बंकिम के अनुसार श्री कृष्ण में हम ज्ञानार्जनी, कार्यकारिणी और लोक. रंजनी- तीनों प्रकार की प्रवृत्तियों का एक साथ अवलोकन कर सकते हैं। उनमें प्रेम की रस माधुरी भी थी और वैराग्य की दीप्त ज्वाला भी। कहीं उन्होंने भक्ति की भावभीनी सुरभि बिखेरी, कहीं सनातन धर्म की महामहिम गरिमा प्रतिष्ठित की। कहीं भावरस के सरोवर में क्रीड़ाएँ कीं, कहीं हिंसा के ठेठ दावानल में मुस्कुराते हुए उतर गए। श्री कृष्ण ने युद्ध अवरुद्ध क्यों नहीं किया? यदि श्री कृष्ण जगदीश्वर थे, तो सर्वसमर्थ भी थे। सर्वशक्तिशाली भी थे। इच्छा मात्र से युगांतरकारी परिवर्तन ला सकते थे। फिर उन्होंने महाभारत का प्रलयकारी, महाविनाशक युद्ध रोधित क्यों नहीं किया? ये संदेहास्पद प्रश्न जन-जन के हृदयों में पैठे हुए हैं। श्री कृष्ण ने कूटनीति द्वारा शत्रु हनन क्यों करवाया? यह इस द्वापर युगीन अवतार के विरुद्ध एक ज्वलंत आक्षेप है। जब श्री कृष्ण धर्म के संरक्षक थे, फिर उन्होंने जरासंध, गुरु द्रोणाचार्य,



भीष्म पितामह आदि योद्धाओं को अधार्मिक व अवैध विधियों से क्यों मरवाया? श्री कृष्ण ने क्यों भीमसेन से इस नियम की उल्लंघना करा उसे दुर्योधन वध करने हेतु दुष्प्रेरित किया? ऐसे ही प्रतिवादी प्रश्न कर्ण ने उठाए थे। प्रत्युत्तर में श्री कृष्ण ने जो कहा, वह मार्के का है। वह यह कि- 'शठे शाठयं समाचरेत्' - ज्पज वित ज्ंज - जैसे को तैसा। यही उनकी युद्ध-सम्बन्धी प्रणाली थी। इसे किसी भी कोणानुसार 'कूटनीति' कहना यथोचित न होगा। न ही इसे 'कोरी राजनीति' की संज्ञा देना उपयुक्त है। कारण कि कूटनीति अथवा राजनीति में प्रणालियाँ स्वार्थ-सिद्धि के लिए गठित की जाती हैं। किन्तु श्री कृष्ण की युद्ध पद्धति मात्र लोक-कल्याण पर एकलक्षित थी। उसका मात्र एक हेतु था- 'धर्म-संस्थापना!' 'सत्य-प्रतिष्ठापना!' इस व्यापक धर्म की संस्थापनार्थ जो कोई भी साधन अपनाया जाए, वह परम शुभ्र व सत्यस्वरूप बन जाता है। फिर चाहे स्थूल दृष्टि से वह निरादर्श अधार्मिक हथकंडा ही क्यों न प्रतीत हो! चाहे कितना ही कूट या छल-छद्मपूर्ण जान पड़े!

## सीएसएचपी पब्लिक स्कूल में 'हर घर तिरंगा' अभियान कार्यक्रम का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सी.एस.एच.पी पब्लिक स्कूल प्रताप विहार में शहर घर तिरंगाश अभियान को सफल बनाने हेतु छात्रों ने बढ़-चढ़कर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। छात्रों ने रंगोली, निबंध प्रतियोगिता, क्विज, कविता वचन तथा रैली बड़े स्तर पर भाग लेकर अपने देश प्रेम को दर्शाया। दो चरणों में निर्देशित इस अभियान में प्रथम चरण में तो छात्रों ने सभी गतिविधियों को पूर्ण किया एवं दूसरे चरण में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने निर्धारित लिंक पर सेल्फी अपलोड कर दूसरे चरण को भी सफल बनाया। विद्यालय की निर्देशिका सविता गुप्ता ने अपने संदेश में छात्रों को हृदय में देश देशभक्ति जागृत रखने के लिए जोर दिया। विद्यालय प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने छात्रों की इस जोशीली प्रतिभागिता को देखकर उन्हें देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने और एक अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

## आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में नये बैच का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस द एजुक. शन ग्रुप के आई.टी.एस. फिजियोथेरेपी कॉलेज में बी.पी.टी. के 21वें बैच (2025-29) के तीन दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों को फिजियोथेरेपी के क्षेत्र, संस्थान की कार्यप्रणाली और उनके भावी पाठ्य जीवन से परि. चत कराना है।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ, जिसमें सम्मानित अतिथि, डॉ. प्रभात रंजन, वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट, न्यूरोलॉजी विभाग, न्यूरोसाइंसेस सेंटर, एम्स, दिल्ली, तथा आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप के निदेशक-पी.आर. , सुरिन्द्र सूद तथा संस्थान के




प्रधानाचार्य, डॉ. एम. थंगराज उपस्थित रहे।इस अवसर पर अतिथि वक्ता डॉ. प्रभात रंजन ने विद्यार्थियों को न्यूरो रिहैबिलिटेशन के क्षेत्र में अपने 16 वर्षों के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि एक सफल फिजियोथेरेपिस्ट के लिए केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि सहानुभूति, धैर्य और निरंतर सीखने की भावना भी आवश्यक है। उन्होंने स्ट्रोक में अपनी विशेषज्ञता के साथ देश-विदेश में 80 से अधिक कार्यशालाओं के संचालन और एन.डी.टी./बोबाथ तकनीक के उन्नत प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के अनुभव साझा किये।कार्यक्रम में प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. वंचन त्रिपाठी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। प्रबंध शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण में 17 से अधिक वर्षो के अनुभव के साथ, उन्होंने करियर विकास, नेतृत्व, सॉफ्ट स्किल्स और विशेष रूप से उद्यमिता पर अपने विचार साझा किये।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे नवाचार और उद्यमशील सोच को अपने पेशेवर जीवन का हिस्सा बनाएं, ताकि वे न केवल नौकरी प्राप्त करें, बल्कि रोजगार सृजनकर्ता भी बन सकें।इस अवसर पर प्रधानाचार्य, डॉ. एम. थंगराज ने भी नवप्रवेशित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संस्थान में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाएं जैसे अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, क्लीनिकल ट्रेनिंग की बेहतरीन व्यवस्था और अनुभवी अध्यापकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को एंटी-रैगिंग नीति के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि आई.टी.एस आई.एच.ए.एस. एक रैगिंग - फ्री कैंपस है, जहां सभी छात्रों को सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल प्रदान किया जाता है।आई.टी.एस. - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत एवं बधाई देते हुए उन्हें नये सफर की प्रेरणादायक शुरुआत करने के लिए कहा नये बैच के विद्यार्थियों ने भी पाठ्यक्रम की शुरुआत में ऐसे ज्ञानवर्धक सत्र के आयोजन के लिए कॉलेज के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री ने 'तिरंगा साइक्लोथॉन फॉर गर्ल्स' को दिखाई झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा से 'तिरंगा साइक्लोथॉन फॉर गर्ल्स' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



इस अनूठे 'तिरंगा साइक्लोथॉन फॉर गर्ल्स' में शामिल स्कूली लड़कियों का उत्साह देखने लायक था। ऊर्जा से भरपूर छात्राओं ने मुख्यमंत्री के साथ 'भारत माता की जय' उद्घोष के नारे से बादलों से भरे आसमान को गुंजाएमान किए रखा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रतिभागी बेटियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह साइक्लोथॉन स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई उड़ान और नया अध्याय है। यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य और फिटनेस का संदेश देता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जब हमारी बेटियों के सपनों की उड़ान मिलेगी, तभी देश के आकाश में तिरंगा और भी शान से लहराएगा। उन्होंने सभी बेटियों से आह्वान किया कि वे आसमान की ओर हाथ फैलाकर यह संकल्प लें कि देश का नाम रोशन करना है, दिल्ली की बेटी बनकर भारत की बेटी बनना है। बच्चियों से वार्तालाप करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी कहा कि देश में पहले 'बेटी बचाओ' पर बल दिया गया, फिर यह अभियान 'बेटी पढ़ाओ' के संकल्प तक पहुंचा। अब वक्त है 'बेटी बढ़ाओ' का।

हमारा उद्देश्य है कि हर बेटी का भविष्य उज्ज्वल हो और वह अपने सपनों को पूरा करते हुए डीएम, सीएम, वैज्ञानिक या खिलाड़ी आदि बनकर देश का मान-सम्मान बढ़ाए।

## स्वतंत्रता दिवस से पहले चप्पे-चप्पे पर पैनी नज़र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस से पहले दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थों और संगठित अपराध के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए 'आपरेशन कवच-९.०' के तहत १५ जिलों में ७९४ स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। वहीं, अपराध शाखा और स्पेशल सहित ३६० पुलिस टीमों ने नौ अगस्त को शाम पांच बजे से दस अगस्त शाम पांच बजे तक समन्वित कार्रवाई को अंजाम दिया। अभियान का नेतृत्व पुलिस आयुक्त एसबीके सिंह ने किया। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) सुरेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) मंगेश कश्यप और उपायुक्त (एएनटीएफ) संजीव कुमार यादव ने अभियान का समन्वय किया। संयुक्त अभियान में ८७ मामलों में ९२ ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार हुए, जिनके कब्जे से ३०७ ग्राम हेरोइन, ३३.१६५ किलोग्राम गांजा, ६७ ग्राम हाइब्रिड गांजा, ६१० ग्राम चरस, २२.२५ ग्राम एमडीएमए, २.२६ ग्राम एलएसडी और १२.१७ लाख नकद बरामद हुआ।

इस वर्ष ३१ जुलाई तक दिल्ली पुलिस १,४२५ मामलों में १,७८४ ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार कर चुकी है, जिनके कब्जे से ४५ किलो हेरोइन, ३,७७० किलो गांजा, २५० किलो अफीम आदि बरामद हुए थे। वहीं, दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत २७५ मामले दर्ज कर २७९ लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से ७३ बीयर की बोतलें और ५०,०६० क्वार्टर अवैध शराब जब्त हुई। आर्म्स एक्ट के ६१ मामलों में ६५ आरोपित गिरफ्तार हुए, जिनसे चार पिस्टल, नौ कट्टे, नौ कारतूस और ४१ चाकू बरामद हुए।

# 2014 से पहले देशभक्ति का ऐसा उत्साह कभी नहीं देखा गया था: रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संसद सदस्यों के साथ भारत मंडपम से आयोजित 'हर घर तिरंगा' सांसद बाइक रैली में भाग लिया, जो स्वतंत्रता दिवस से पूर्व आयोजित की गई। भारत मंडपम से रवाना हुई इस रैली का उद्देश्य नागरिकों को प्रेरित करना है कि वे अपने घरों में तिरंगा लगाएं और उसे गर्व के साथ फहराएं। (इस आयोजन में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, गजेंद्र सिंह शेखावत, संजय सेठ और कई सांसदों ने भाग लिया, जिससे उत्सव की शुरुआत जोशपूर्ण माहौल में हुई।)

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस को हर घर का पर्व बना दिया है। 'हर घर तिरंगा' अभियान ने हर नागरिक और बच्चे के हृदय में गहरी देशभक्ति की भावना पैदा की है। उन्होंने कहा कि आज देशभर में हजारों कार्यक्रम हो रहे हैं, जिनमें तिरंगा यात्राएं और सैनिकों की भागीदारी शामिल है, जो नागरिकों को एक सूत्र में पिरो रहे हैं।विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि वर्ष २०१४ से पहले का ऐसा उत्साह और व्यापक जनभागीदारी कभी नहीं देखी गई। जो लोग संविधान लेकर घूमते हैं, वे न तो तिरंगा लेकर दिखाई देंगे और न ही 'भारत माता की जय' के नारे लगाएंगे। उन्होंने तिरंगे को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए कहा कि यह समृद्धि, एकता और प्रगति का प्रतीक है और हर भारतीय का सपना है कि इसे हमेशा ऊंचा लहराते देखें। मुख्यमंत्री ने विभिन्न ऐतिहासिक निर्णयों और अभियानों के बाद देश में पैदा हुई भावनात्मक एकता पर जोर देते हुए कहा कि 'भारत माता की जय' के नारों के साथ आज हजारों बाइकें तिरंगा लेकर निकलीं, और आसमान तथा हवाओं में देशभक्ति के नारे गूंज उठे। सांसदों से लेकर सैनिकों तक, हमारा देश के प्रति प्रेम हर साल निरंतर बढ़ता ही जा रहा है।

# 24 अल्पसंख्यक युवा उद्यमियों को मिला डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवॉर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कलाम को सलाम अभियान के तहत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस- २०२५ के अवसर पर चयनित अल्प संख्यक युवा उद्यमियों को 'डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवॉर्ड २.०' वितरित किए गए। अवॉर्ड फंक्शन में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा दुष्यंत गौतम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अब्दुल्ला कुट्टी, मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी, केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री जार्ज कुरियन, उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी, उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के चेयरमैन शादाब शम्स, छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सलीम राज, सभी प्रदेशों के अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष, बड़ी संख्या में देश भर आए हुए पार्टी के नेतागण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संचालन एस एम अकरम ने किया। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने बताया कि २०२४ में कलाम साहब की 9वीं पुण्यतिथि के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश अनुसार' कलाम को सलाम अभियान के तहत अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा अल्पसंख्यक युवाओं को 'डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवॉर्ड ' देने की घोषणा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टार्टअप को बढ़ावा दिया। स्टार्टअप इंडिया योजना मोदी सरकार की एक ऐसी पहल है जिसका उद्देश्य देश में स्टार्टअप और नए विचारों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। इसका लक्ष्य आर्थिक विकास को बढ़ावा देना और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करना है।



**कलाम को सलाम अभियान के तहत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अल्प संख्यक युवा उद्यमियों को 'डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवॉर्ड वितरित किया गया।**

# 'आप' पर लगाया युवाओं को गुमराह करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष एवं निगम पार्षद सागर त्यागी ने कहा है की आम आदमी पार्टी २०१० से २०१५ तक दिल्ली के युवाओं को सपने बेच कर गुमराह कर सत्ता में आई और आज जब विपक्ष में है तो फिर युवाओं को गुमराह करने के लिए झूठे सपने दिखा रही है।

सागर त्यागी ने कहा है की सत्ता के दस साल में भी जो 'आप' नेता दिल्ली विवि छात्र संघ में नही घुस पाये वो अब अपनी पार्टी में छात्र संगठन खड़ा करने के लिए नये युवा पदाधिकारियों को गुमराह कर तर्कहीन मांगे उठवा रहे हैं। त्यागी ने कहा है की दस साल की सत्ता के दौरान 'आप' ने डी.टी.सी. की यूनीवर्सिटी स्पेशल बस सेवा ठप्प कर दी, कभी मैट्रो रेल में कोई छूट देने का प्रस्ताव नही रखा पर आज जब विपक्ष में आ गये तो मैट्रो पास की मांग कर रहे हैं।

सागर त्यागी ने कहा है की दिल्ली का युवा अब कभी ष्आपष नेताओं के छलावों में नही आयेगा और वो भाजपा की राष्ट्रवादी नीतियों पर चलकर देश के विकास में अपना सहयोग देने को अग्रसर है।

# जब तक मरा नहीं युवक पर चाकू से करते रहे वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भलस्वा डेयरी इलाके में एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करके जांच कर रही है। वारदात वाली जगह के आसपास कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिस तरह से हत्या की गई है। उससे लगता है कि किसी रंजिश के चलते हत्या को अंजाम दिया होगा। आरोपी इलाके के ही हो सकते हैं। आरोपियों ने युवक पर चाकू से तब तक वार किये थे। जब तक वह मरा नहीं था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भलस्वा डेयरी पुलिस को रात ११ बजकर ४९ मिनट पर एक पीसीआर कॉल मिली थी। जिसमें बताया गया कि गोल्फ कोर्स के सामने झील रोड स्थित एक झोपड़ी में लगभग २५-३० वर्षीय एक युवक का शव पड़ा है,जिसके गले पर धारदार हथियार से वार किया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लिया। क्रॉइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये।

युवक के सीने, कमर और गर्दन पर चाकू के कई घाव थे। पुलिस को मौके पर से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला। जिससे शव की पहचान हो पाती। पुलिस इलाके में और आसपास की थाना पुलिस से व लोगों से शव की पहचान करने में सहायता ले रही है।

# जसोला गांव में भरा गंदा पानी, लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जसोला गांव में पानी की निकासी के लिए डाले गए पाइप जाम होने से तीन दिन से यहां नाले का गंदा पानी भरा हुआ है। सोमवार को भी ओखला हेड एसटीपी से लगातार पानी आने के कारण लोगों के घरों में एक-डेढ़ फुट पानी जमा हो गया। ऐसे में लोगों का काफी सामान उसमें डूब गया।

निचले इलाकों में लोग घरों की छत पर शरण लेने को मजबूर हैं। इलाके की बिजली रविवार से कटी हुई है। सोमवार को विधायक अमानतुल्लाह खान और स्थानीय भाजपा नेता मनीष चौधरी ने जल बोर्ड व नगर निगम के अधिकारियों को मौके पर बुलाया, जिसके बाद पानी निकासी के प्रयास शुरू किए गए। जसोला गांव में निकासी के लिए बने नाले का पानी जसोला विहार मेट्रो स्टेशन के नीचे से होकर दूसरी तरफ नाले में जाता है। नाले और मेट्रो स्टेशन के बीच पानी निकासी के लिए सड़क के नीचे पाइप डाले गए हैं। शनिवार को हुई वर्षा के दौरान पाइप में गंद जमा होने के कारण वह जाम हो गया। इस कारण नाला ओवरफ्लो होने से गंदा पानी सड़क पर बहने लगा। शनिवार को जलभराव के कारण पानी में डूबकर एक बच्ची की मौत हो गई थी। इसके बावजूद रविवार को पानी निकासी के लिए प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। सोमवार को हालात और ज्यादा खराब हो गए। ओखला हेड एसटीपी से लगातार पानी आने के कारण जसोला गांव जलमग्न हो गया। अचानक पानी बढ़ने से लोगों को अपना सामान बचाने तक का मौका नहीं मिला। घरों में पानी घुसने से लोगों के घरों में रखे बेड, सोफा व अन्य सामान खराब हो गए। वहीं, कई घरों और प्रतिष्ठानों के बेसमेंट में पानी भरने से उन्हें डर सता रहा है कि कहीं कोई अनहोनी न हो जाए। ऐसे में लोग घरों में मोटर पानी निकालते दिखे।

जसोला गांव में जमा पानी में डूबकर बच्ची की मौत होने और दो दिन से बिजली व पीने का पानी नहीं होने के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। ऐसे में रविवार को बहुत से लोगों ने अपने बच्चों को या तो गांव या फिर अपने किसी रिश्तेदार के यहां भेज दिया। फिलहाल गांव में जमा पानी निकालने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# सदर नाला रोड सीवर लाइन धंसने से सड़क क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सदर नाला रोड के दोनों ओर सीवर लाइन धंसने से सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। हालात इतने खराब हैं कि यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

वहीं, ऐसे में स्थानीय दुकानदारों और निवासियों ने खुद बैरिकेडिंग कर रोड को वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया है। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

स्थानीय निवासी विपिन और आकाश का आरोप है कि यहां लंबे समय से सीवर लाइन धंसी हुई है। जिस कारण सीवर का गंदा पानी सड़क पर लबालब भरा रहता था। दो माह पहले सीवर लाइन ठीक करने के लिए एमसीडी के कर्मचारियों ने रोड को तोड़ा दिया, लेकिन दो माह बीतने के बाद भी न तो सीवर लाइन ठीक हो सकी और न ही सड़क बन पाई है।

रोड पर बरसात और सीवर का पानी भरने से अब रोड दोनों ओर किनारे से धंस गई है। जिस कारण राहगीर और वाहनों चालकों का रोड पर चलना दुभर हो गया है।स्थानीय निवासियों और दुकानदारों ने कई बार जिम्मेदार विभाग और विधायक से शिकायत कर समस्या के समाधान की मांग की है, लेकिन विभाग के कर्मचारी खानापूर्ति कर चले जाते है। समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है।




**स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह इंटरनेशनल यूथ डे के मौके पर एचआईवी/एड्स पर समाज में जागरूकता फैलाने को लेकर आईईसी कैंपेन अभियान' का शुभारंभ करते हुए।**

# स्वास्थ्य मंत्री ने 'गहन आईईसी कैंपेन' का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 'स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली' के विजन को पूरा करने के लिए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने इंटरनेशनल यूथ डे के मौके पर राजधानी दिल्ली में एचआईवी/एड्स जैसे संवे. दनशील और महत्वपूर्ण विषय पर समाज में जागरूकता फैलाने के लिए एड्स नियंत्रण सोसायटी द्वारा आयोजित आईईसी कैंपेन अभियान' का शुभारंभ किया। इस जागरुकता अभियान का मुख्य उद्देश्य एचआईवी/एड्स बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना, समय पर जांच कर बीमारी की रोकथाम, बेहतर उपचार और एड्स को लेकर समाज में फैली हर भ्रांति को दूर करने के लिए लोगों को जागरूक करना है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार के दिल्ली स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के साथ मिलकर आईईसी जागरूकता अभियान' की शुरुआत की है। दिल्ली के डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से इस अभियान को शुरू किया गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य एचआईवी/एड्स की रोकथाम, समुचित इलाज एवं उससे जुड़ी समाज में फैली भ्रांतियों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाकर हमेशा के लिए दूर करना है। जिसके लिए हमारी सरकार दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में जागरूकता कार्यक्रम, मुक्का-नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, जागरूकता रैलियों के साथ ही स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

# 15 हजार की रिश्वत लेते हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की विजिलेंस यूनिट ने बिंदापुर पुलिस चौकी में तैनात हेड कांस्टेबल को पन्द्रह हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त ने बताया कि एक शिकायतकर्ता ने सतर्कता शाखा, बाराखंभा रोड में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह द्वारका में स्थित एक कार्यालय के साथ उत्पादों की बिक्री का व्यवसाय करता है। शिकायतकर्ता के अनुसार, हेड कांस्टेबल विजय सिंह उसके कार्यालय आया और उसे बताया कि उसके खिलाफ एक शिकायत है। इसके बाद उसने पंद्रह हजार प्रति माह की मांग की। हेड कांस्टेबल के दबाव और धमकियों के चलते, शिकायतकर्ता ने पंद्रह हजार का भुगतान कर दिया। बाद में, हेड कांस्टेबल ने दो महीने का बकाया बताते हुए तीस हजार की अतिरिक्त मांग की।लगातार पैसों की मांग से परेशान होकर शिकायतकर्ता ने विजिलेंस यूनिट से संपर्क किया। शिकायत मिलने पर पुलिस उपायुक्त विजिलेंस की देखरेख में एक टीम गठित कर द्वारका मोड़ स्थित पुलिस बूथ के पास मार्केट कॉम्प्लेक्स में जाल बिछाया गया।

# लावारिस कुत्तों की समस्या से निबटना एमसीडी के लिए चुनौती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लावारिस कुत्तों को शेल्टर होम में रखने और उनकी नसबंदी कराना एमसीडी के लिए बड़ी प्रशासनिक और वित्तीय चुनौती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करने के लिए एमसीडी को जमीन, बजट और मानव संसाधनों की भारी व्यवस्था करनी होगी जो मौजूदा स्थिति में किसी चुनौती से कम नहीं है। एक अनुमान के अनुसार करीब १० लाख लावारिस कुत्तों के खाने पर १४०० करोड़, नसबंदी पर ७० करोड़ खर्च और रहने के लिए ४०० एकड़ जमीन चाहिए।

एमसीडी के मुताबिक, दिल्ली में करीब १० लाख लावारिस कुत्ते हैं। इन सभी को रखने के लिए एमसीडी को लगभग ४०० एकड़ जमीन की जरूरत होगी। यह जमीन शहरी सीमाओं के भीतर या आसपास ढूंढना मुश्किल है। साथ ही, शेल्टर होम निर्माण पर भी करोड़ों रुपये का खर्च आएगा। प्रत्येक शेल्टर में सुरक्षा, चिकित्सा, भोजन और देखभाल की सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। एमसीडी की मौजूदा नीति के अनुसार किसी स्थान से अस्थायी रूप से उठाए गए कुत्तों को रखने के दौरान उनके भोजन पर प्रतिदिन प्रति कुत्ता ४० रुपये खर्च किया जाता है। लिहाजा १० लाख कुत्तों को प्रतिदिन भोजन उपलब्ध कराने पर एमसीडी को प्रतिदिन लगभग चार करोड़ रुपये और पूरे वर्ष में करीब १,४०० करोड़ रुपये का प्रावधान करना होगा। यह खर्च केवल भोजन पर होगा। इसमें चिकित्सा और देखभाल के खर्च शामिल नहीं हैं।

एमसीडी के रिकॉर्ड के अनुसार, लगभग तीन लाख कुत्तों की नसबंदी हो चुकी है। करीब सात लाख कुत्तों की नसबंदी अभी बाकी है। एमसीडी एक कुत्ते की नसबंदी के लिए एनजीओ को एक हजार रुपये देती है। इस हिसाब से सात लाख कुत्तों की नसबंदी कराने पर एमसीडी को लगभग ७० करोड़ रुपये खर्च करने होंगे। एमसीडी ने लावारिस कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए इस वर्ष लगभग १५ करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। उसने वर्ष २०२३-२४ में कुत्तों की नसबंदी, नसबंदी केंद्रों के संचालन, कुत्तों को पकड़ने वाले कर्मचारियों के वेतन और गाड़ियों के रखरखाव पर १५.४७ करोड़ रुपये खर्च किए थे। वर्ष २०२४-२५ में १७.८३ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, लेकिन फरवरी में बजट संशोधन के दौरान इसे घटाकर १५.३६ करोड़ रुपये कर दिया गया। मौजूदा वित्तीय वर्ष में भी यही राशि तय की गई है।

एमसीडी के पास २० नसबंदी केंद्र हैं, जिनमें से केवल १३ कार्यरत हैं। गत चार वर्षों के आंकड़ों के अनुसार इन केंद्रों में विभिन्न एनजीओ ने प्रतिवर्ष ६० हजार से एक लाख कुत्तों की नसबंदी की है। इस दर से सात लाख कुत्तों की नसबंदी पूरी करने में कई वर्ष लग सकते हैं। लिहाजा एमसीडी को सभी कुत्तों की नसबंदी के लिए नए नसबंदी केंद्र खोलने होंगे और अधिक एनजीओ को जोड़ना होगा।

# बीएलएस इंटरनेशनल ने मजबूत प्रदर्शन के साथ पहली तिमाही में दमदार शुरुआत की

**नई दिल्ली।** पिछले वित्तवर्षकी मजबूत वृ( रफ्तार को आगे बढ़ाते हुए सरकारों और आम लोगों के लिए टेक्नोलॉजी पर आधारित सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने आज यह सूचित किया है कि 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ करीब 50 प्रतिशत (49.8) के उछाल के साथ 181 करोड़ रुपये हो गया।

इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 120.8 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में कंपनी की परिचालन से होने वाली आय 44.2 प्रतिशत बढ़कर 710.6 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यह आंकड़ा 492.7 करोड़ रुपये रहा था। बीएलएस इंटरनेशनल के लिए वित्त वर्ष 2024-25 एक उल्लेखनीय वित्त वर्ष रहा जिसमें कंपनी ने कई ऊंचाइयों को छुआ।

कंपनी ने इस वित्त वर्ष के दौरान सभी प्रमुख वित्तीय मेट्रिक्स पर अब तक का सर्वश्रेष्ठ सालाना प्रदर्शन दर्ज किया। बीएलएस ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि मजबूत मांग, एआई और टेक्नोलॉजी की मदद से परिचालन उत्कृष्टता (ऑपरेशनल एक्सीलेंस, मूल्य-वृद्धि करने वाले अधिग्रहणों और नए मौकों की मजबूत पाइपलाइन की वजह से वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में वृद्धि की रफ्तार कायम रही। प्रदर्शन और हालिया अपडेट्स को लेकर बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक शिखर अग्रवाल ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में हमारा मजबूत प्रदर्शन हमारे विविधीकृत बिजनेस मॉडल की ताकत को दर्शाता है, जिसे सभी प्रमुख बाजारों और सेवाओं में निरंतर तेज रफ्तार का सपोर्ट प्राप्त है। राजस्व में सालाना आधार पर 44 प्रतिशत की वृद्धि और ईबीआईटीडीए (एबीआईटीडीए) में 53 प्रतिशत उछाल के साथ, हमने परिचालन दक्षता और मार्जिन बढ़ाने पर विशेष ध्यान देते हुए एक बार फिर अब तक का सर्वोच्च तिमाही वित्तीय परिणाम दिया है। कंपनी की प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए अग्रवाल ने बताया कि यह प्रदर्शन हमारे एसेट-लाइट मॉडल, अनुशासित क्रियान्वयन और वैश्विक स्तर पर मौजूदगी की ताकत को रेखांकित करता है। हमारा प्रयास सभी हितधारकों को स्थाई मूल्य प्रदान करने के लिए टेक्नोलॉजी आधारित वैश्विक विस्तार पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं पर गौर करना जारी रखना है। बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड के लिए वित्त वर्ष 2025-26 एक अहम मील का पत्थर है क्योंकि कंपनी दुनियाभर में सरकार से लेकर नागरिकों तक विश्वसनीय सेवाएं प्रदान करने के 20 साल पूरे होने का जश्न मना रही है।

# ठेकेदार से 50 हज़ार की रिश्वत लेते हुए जेई गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ से आई एंटी करप्शन की टीम ने ठेकेदार से 50 हज़ार रूपये की रिश्वत लेते हुए जूनियर इंजीनियर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जबकि अवर अभियंता संजय कुमार को छापेमारी की भनक लगते ही वह फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में मेरठ से आई एंटी करप्शन टीम ने छापेमारी की। टीम ने ठेकेदार संदीप कुमार से 50 हज़ार रूपये की रिश्वत लेते हुए जूनियर इंजीनियर अशोक कुमार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वहीं अवर अभियंता संजय कुमार को छापेमारी की भनक लगते ही वह फरार हो गए। जानकारी क मुताबिक ठेकेदार संदीप कुमार ने विभाग में 4.50 लाख का काम किया था, जिसमें से उन्हें 3.36 लाख रूपये का भुगतान मिल चुका था। बकाया भुगतान के लिए अवर अभियंता और जूनियर इंजी. नियर उनसे रिश्वत मांग रहे थे। संदीप ने इसकी शिकायत मेरठ स्थित एंटी करप्शन विभाग में की थी। इसके बाद इंस्पेक्टर योगेंद्र धामा के नेतृत्व में टीम बाबूगढ़ पहुंची और लोक निर्माण विभाग के कार्यालय पर छापेमारी करते हुए टीम ने ठेकेदार संदीप कुमार से 50 हज़ार रूपये की रिश्वत लेते हुए जूनियर इंजीनियर अशोक कुमार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि ज़िलें में पहले भी एंटी करप्शन टीम द्वारा रिश्वतखोरों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है बावजूद इसके रिश्वतखोरी का सिलसिला जारी है।



# अवैध हथियार के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन सील अभियान के अन्तर्गत थाना सिम्भावली पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध हथियार बरामद किया है।

थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि ग्राम दरियापुर तिराहे के पास थाना पुलिस टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध को रोक. कर जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत संदिग्ध को हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि गिरफ्तार किया गया संदिग्ध गोल्डी पुत्र सुनील निवासी ग्राम कुराना थाना सिंभावली जनपद हापुड एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। जिसके खिलाफ जनपद हापुड़, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर में करीब एक दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बदमाश को चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

# भारतीय किसान संगठन ने छिजारसी टोल प्लाजा का किया घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को भारतीय किसान संगठन ने पिलखुवा के छिजारसी टोल प्लाजा का घेराव किया। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव ईश्वर त्यागी के नेतृत्व में यह विरोध प्रदर्शन टोल प्रबंधन द्वारा स्थानीय लोगों के साथ लगातार किए जा रहे दुर्व्यवहार और मारपीट की घटनाओं के खिलाफ किया गया।



संगठन ने बताया कि इस संबंध में टोल प्रबंधन को कई बार ज्ञापन और फोन के जरिए सूचित किया गया था लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। राष्ट्रीय महासचिव ईश्वर त्यागी ने कहा कि टोल प्लाजा पर अवैध वसूली और लोगों के साथ अभद्रता की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसी के चलते आज संगठन ने चेतावनी दी और कार्यकर्ताओं ने कुछ देर के लिए टोल को मुफ्त कर दिया। स्थानीय प्रशासन ने हस्तक्षेप करते हुए किसानों को शांत कराया और टोल प्लाजा प्रबंधन के साथ उनकी बातचीत कराई। टोल प्रबंधक, इंदर पाल सिंह ने आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह की कोई शिकायत नहीं आएगी। भारतीय किसान संगठन के जिला अध्यक्ष अजय ने चेतावनी दी है कि अगर भविष्य में ऐसी कोई समस्या आती है तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा। इस मौके पर ब्रजपाल ठाकुर, तहसील अध्यक्ष गढ़ शोयब चौधरी, हेमकुमार, रहीसुद्दीन, अशोक, राजेश, शान प्रजा. पति, शारुख अल्फ़ा, रौनक अली, आदेश यादव, अनमोल त्यागी, बबलू प्रधान सिकंदरपुर, अनुज यादव, प्रशांत ठाकुर, बब्बू त्यागी, मुकेश कुमार, मोनू कुमार, पप्पू बहादुरगढ़, शिवम त्यागी, हरेंद्र जाटव, राहुल जाटव समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# गांव देहरा में जगह-जगह पर किया पौधारोपण का कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** हापुड़ के थाना धौलाना के गांव देहरा में एक पेड़ माँ के नाम पर मस्जिद के आसपास सभी जगह जगह पर पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया।

सबसे पहले हाजी दीन मोहब्बत ने जानकारी देते हुए कहा कि बरसात का मौसम चल रहा हैं एक पैड अपने माँ के नाम ज़रूर लगाए जहाँ एक तरफ प्रदूषण फैलती हैं वही प्रदूषण को मुक्त रखने के लिए पर्यावरण तेजी से बढ़ रही हैं और पौधारोपण करना बहुत जरूरी हैं। कारी इसरार रजा ने जानकारी देते हुए कहा कि पर्यावरण को स्वस्थ और सुंदर बनाए रखने के लिए पौधारोपण करना बहुत जरूरी है बरसात का मौसम चल रहा हैं कम से कम हर घर में पौधारोपण करना चाहिए। मोहम्मद अशरफ ने जानकारी देते हुए कहा कि हर एक व्यक्ति का फर्ज बनता है कि पौधारोपण जरूर करे पृथ्वी की खूबसूरती और हरा-भरा बनाए रखने के लिए कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं ताकि हमे स्वास्थ और ताजी हवाओं का आनंद ले सके और जिंदगी खुसहाली बन सके। जाहिद अली ने जानकारी देते हुए कहा कि इस समय बरसात के मौसम चल रहा हैं जहां शहर में प्रदूषण फैलती हैं वही प्रदूषण को मुक्त रखने के लिए पर्यावरण तेजी से बढ़ रही हैं। हर व्यक्ति को अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए कम से कम एक पैड अवश्य लगाना चाहिए। इस मौके पर उपस्थित हाजी दीन मोहब्बत, कारी इसरार रजा, मोहम्मद अशरफ, यासी चौधरी, जाहिद अली, फारूक नेता जी, अनीस अहमद, फिरोज अहमद शामिल रहे।






# 1.5 लाख की चरस के साथ दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में हिस्ट्रीशीटर सतेंद्र उर्फ सिकंदर और एक महिला शशि को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 1.4 किलोग्राम अवैध चरस बरामद की है। जिसकी कीमत करीब 1.5 लाख रुपये बताई जा रही है।



थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग अवैध चरस लेकर जा रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर, पुलिस टीम ने चितौली रोड पर घेराबंदी की। एक संदिग्ध बाइक पर जा रहे सतेंद्र और शशि को रुकने का इशारा किया गया लेकिन उन्होंने भागने की को. शिश की जिसके बाद पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से चरस के अलावा 5,000 रुपये नकद और घटना में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद हुई।

आरोपी इस चरस को आसपास के क्षेत्रों में बेचने की योजना बना रहे थे। पुलिस के मुताबिक सतेंद्र उर्फ सिकंदर पिलखुवा कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ हापुड़, गाजियाबाद, और बुलंदशहर में चोरी, डकैती, हत्या, और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर अपराधों सहित 13 मुकदमे दर्ज हैं। गाजियाबाद के भोजपुर थाने में उस पर गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई थी। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों और चरस के स्रोत के बारे में और जानकारी जुटा रही है।

# पिज्जा कैफे में प्रेमी युगल से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के फ्री गंज रोड पर स्थित एक पिज्जा केफे में प्रेमी युगल के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।



जानकारी के अनुसार एक लड़की के भाई और उसके दोस्तों ने कथित तौर पर एक युवक और उसकी बहन पर हमला कर दिया। यह घटना तब हुई जब युवक और युवती कैफे में बैठकर पिज्जा खा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक युवती का भाई अपने तीन-चार साथियों के साथ वहाँ आया और लोहे की रॉड से युवक पर हमला कर दिया। हमलावरों ने युवक को बाल पकड़कर कैफे से बाहर घसीटा। जब युवती ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उसे भी पीटा गया। इस दौरान पिज़्ज़ा कैफे में मौजूद अन्य ग्राहक डरकर बाहर भाग गए। कुछ लोगों ने इस घटना का वीडियो भी बना लिया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची गई और जाँच में जुट गई। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष ने कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है। हालाँकि पुलिस ने आरो. पियों के खिलाफ शांतिभंग की धाराओं के तहत कार्रवाई की है और घटना के संबंध में सीसीटीवी फुटेज की जाँच कर रही है।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर मिला युवक का शव, हत्या की आंशका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार की सुबह घर के अंदर एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में ले लिया और जांच पड़ताल में जुट गई। ग्रामीणों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है।

जानकारी के अनुसार बहादुरगढ़ क्षेत्र के देहरा रामपुर निवासी 26 वर्षीय राम लखन खेती बाड़ी किया करता था और घर में अकेला ही रहता था। मृतक के दो भाई गाजियाबाद में रहते हैं। मंगलवार सुबह राम लखन का शव घर के अंदर संदिग्ध हालत में पड़ा मिला है। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस व फॉरेंसिक टीम मामले की जांच में जुट गई। तो वही ग्रामीणों ने युवक की हत्या की आंशका व्यक्त की है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने की घटना में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि नाबालिक के परि. जनों द्वारा थाने पर आरोपी के खिलाफ तहरीर देते हुए दुष्कर्म का मुक. दमा दर्ज कराया गया था। परिजनों की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। मंगलवार को पुलिस ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने के मामले में फरार चल रहे आरोपी प्रशान्त पुत्र रमेशचन्द निवासी दस्तोई रोड जसरूपनगर थाना हापुड नगर जनपद हापुड़ को मोदीनगर रोड से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को तीन वर्ष का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी, सशक्त पैरवी करते हुए नाबा. लिग से छेड़छाड़ के मामले में एक आरोपी को तीन वर्ष का कारावास व 5 हज़ार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित कराया गया।

अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता हरेन्द्र कुमार त्यागी ने बताया कि 21 अक्टूबर 2018 को आरोपी त्रिभूवन पुत्र वेदराम निवासी ग्राम गौडी थाना ईशानगर जनपद लखीमपुर खीरी व हाल पता गौशाला पक्का बाग थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़ द्वारा नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गई थी जिसके सम्बन्ध में थाना हापुड़ देहात पर मुकदमा दर्ज किया गया था और 30 मई 2019 को आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था। मंगलवार को न्यायालय एडीजे/स्पेशल पॉक्सो एक्ट प्रथम हापुड़ द्वारा दोषी को तीन वर्ष का सश्रम कारावास व 5,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता हरेन्द्र कुमार त्यागी, विवेचक उपनिरीक्षक सतेन्द्र कुमार एवं पैरोकार महिला कांस्टेबल कुसुम व कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल प्रशांत कुमार पाण्डेय का विशेष योगदान रहा।

### गाली-गलौज के विरोध पर बलकटी से किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गाली गलौज का विरोध करने पर युवक ने बलकटी से हमला कर दिया। घायल को परिजन ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसको रेफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव बुकलाना निवासी प्रिंस ने बताया उसके चाचा लोकेश ने शौचालय में पानी डाला तो उसकी बदबू उनके घर तक आई। इसको लेकर उन्होंने अच्छी तरह से साफ करने के लिए कहा। इसी बात से नाराज होकर लोकेश उनके घर पर आया और बलकटी से उस पर और उसके पिता पर हमला कर दिया। पीड़ित घायलों को परिजन ने अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में पिता की मौत, बेटा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के चितौली रोड पर हुए सड़क हादसे में 40 वर्षीय गुफरान की मौत हो गई। यह दुर्घटना सोमवार रात को उस समय हुई जब गुफरान अपने बेटे फरहान के साथ बाइक पर घर लौट रहे थे।

जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय गुफरान अपने बेटे फरहान के साथ अपने घर लौट रहे थे तभी चितौली रोड पर गुफरान की बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस हादसे में गुफरान गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनका बेटा फरहान सुरक्षित बच गया। फरहान ने तुरंत परिजनों को सूचना दी, और गुफरान को अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गुफरान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बाइक के फिसलने से हादसा होने की बात सामने आई है। पुलिस मामले में आगे जांच कर रही है, जिसमें सड़क की स्थिति और अन्य संभावित कारणों का पता लगाया जाएगा। गुफरान, जो रामपुर रोड पर वेल्डिंग का काम करते थे उनकी असामयिक मौत से उनके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है ताकि मृत्यु के सटीक कारण की पुष्टि हो सके।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत सांस्कृतिक व देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर पालिका परिषद हापुड़ में सांस्कृतिक और देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देशभक्ति गीत, नृत्य और कविताओं का प्रदर्शन किया गया। जिसमें डीएम अभिषेक पांडेय और एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने स्कूली बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और उनका उत्साह बढ़ाया।



इस दौरान शहीदों की माताओं और पत्नियों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि शहीदों और उनके परिवारों का सम्मान करना हम सबका कर्तव्य है। कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिकारियों, जनप्रति. निधियों और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। मंच से शहर घर तिरंगाश अभियान को सफल बनाने और देश की एकता व अखंडता के लिए योगदान देने का संकल्प भी लिया गया।

# जिला संयुक्त चिकित्सालय में लगाया गया जागरूकता शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी हापुड़ द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय दस्तोंई रोड हापुड़ में जिला संयुक्त चिकित्सालय की अधीक्षिका डा. हेमलता सिंह की अध्यक्षता में एक सघन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिला क्षय रोग अधिकारी डा राजेश सिंह द्वारा शि. विर में आए सभी लोगों को एड्स के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई एवं अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर12 अगस्त 2025 से अग्रिम दो माह की अवधि में 150 ग्राम पंचायत स्तरीय बैठक, 2250 डोर टू डोर,10 महाविद्यालय,30 स्कूल आउट रिच प्रोग्राम 1रैली 2 लोक कला कार्यकर्म आदि कार्यक्रम करने की जानकारी दी तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं के विषय में आम जनमानस को बताया गया मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील त्यागी ने आयोजित शिविर में जाकर निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार गौतम, संगीता रानी, काउं. सलर कमलदीप, काउंसलर अशोक कुमार, लैब टेक्नीशियन विपिन कुमार, लैब टेक्नीशियन शैली रीना, प्रीति आदि लोग उपस्थित रहे।



# जन्माष्टमी पर व्रत की तिथि को लेकर विद्वानों ने रखा मत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के विद्वानों ने इस वर्ष जन्माष्टमी के व्रत को लेकर उत्पन्न संशय को दूर करने के लिए निर्णय दिया है, क्योंकि इस बार रोहिणी नक्षत्र का क्षय हो रहा है।

15 अगस्त को व्रत रखना शास्त्र सम्मत है। इस दिन अर्धरात्रि में अष्टमी तिथि व्याप्त है। नक्षत्र को प्रधान मानने वाले भक्तों के लिए 16 अगस्त को पूजन कर जन्मोत्सव मनाएंगे। 15 अगस्त को रात्रि 11:50 बजे से शुरू होकर 16 अगस्त को रात्रि 9:34 बजे तक रहेगी। रोहिणी नक्षत्र 17 अगस्त को सुबह 4:38 बजे से शुरू होगा। निर्णय सिंधु के अनुसार यदि जन्माष्टमी पर अष्टमी तिथि के साथ दिन या रात में रोहिणी नक्षत्र का एक अंश भी न हो, तो चंद्रोदय से युक्त अष्टमी की रात्रि में व्रत करना चाहिए। 15 अगस्त को रात्रि 10:44 बजे चंद्रोदय होगा, जबकि 16 अगस्त को अष्टमी तिथि चंद्रा. दय से पहले ही समाप्त हो जाएगी। इस कारण 15 अगस्त को व्रत करना उचित है। माधवीय मत के अनुसार जन्माष्टमी एक मध्यरात्रि निशीथकाल पर्व है। यदि आधी रात के बाद एक घड़ी 24 मिनट भी अष्टमी तिथि प्राप्त हो तो उसे ही ग्रहण करना चाहिए। 15 अगस्त को अष्टमी तिथि अर्धरात्रि में व्याप्त है। भगवान श्री कृष्ण का जन्म अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में बुधवार के दिन मध्यरात्रि को हुआ था। इस बार केवल अष्टमी तिथि का संयोग ही रात्रि में बन रहा है। जन्माष्टमी के दिन भगवान कृष्ण के बालरूप का पूजन करें। उन्हें मोरपंख युक्त मुकुट, बांसुरी और मिश्री युक्त माखन का भोग लगाएं। पीले और नीले रंग के वस्त्र और तुलसी पत्र भी अर्पित करें। कई मंदिरों जैसे राधाभल्लभ मंदिर में 15 और 16 दोनों दिन पूजन किया जाएगा। निर्णय में परामर्श मंडल विद्वान पंडित ओमप्रकाश पोखरियाल, मंत्री आचार्य देवी प्रसाद तिवारी, समन्वयक पंडित अजय पाण्डेय, मिडिया प्रभारी एस्ट्रो धर्मेन्द्र बंसल, प्रवक्ता पंडित आशीष पोखरियाल, पंडित गौरव कौशिक आदि विद्वान सम्मिलित रहे।



# ढीली हाइटेंशन लाइन की वजह से मासूम को लगा करंट, हालत नाजुक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव खोडसमा में मंगलवार को बिजली विभाग की लापरवाही से एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत से धान की फसल लेकर लौट रही ट्रॉली में बैठे 15 वर्षीय किशोर को खेतों के ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन लाइन ने अपनी चपेट में ले लिया। करंट लगते ही किशोर बुरी तरह झुलस गया और अस्पताल में जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहा है।

चौसाना क्षेत्र के खोडसमा निवासी किसान नवाब राणा अपने खेत में धान की कटाई करवा रहे थे। मशीन से निकाले गए धान को ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर खेत से बाहर लाया जा रहा था। उसी ट्रॉली में उनका भतीजा अरमान द्धउम्र 15 वर्षऋ भी बैठा था। जैसे ही ट्रॉली खेत से रास्ते पर चढ़ी, ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन लाइन, जो लंबे समय से नीचे लटक रही थी, अरमान के सिर से टकरा गई। तेज करंट लगते ही वह बुरी तरह झुलसकर ट्रॉली में गिर पड़ा।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। किसान और ग्रामीणों ने तत्काल बिजलीघर पर फोन कर आपूर्ति बंद कराई और गंभीर हालत में अरमान को हरियाणा के करनाल स्थित दुवा अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत बेहद नाजुक है।

ग्रामीणों महताब , दिलशाद, इनाम , लियाकत आदि का आरोप है कि हाइटेंशन लाइन के नीचे लटकने की शिकायतें कई बार बिजली विभाग को दी गईं, लेकिन विभाग ने अनसुनी कर दी। उनका कहना है कि अगर समय रहते तारों की ऊंचाई बढ़ा दी जाती तो यह हादसा टल सकता था। वहीं जई आजम अकबर का कहना है मैं अभी नया आया हूं मुझे लाइन लटकने की जानकारी नहीं थी जल्दी ही लाइन ठीक कराई जाएगी।

## घर की छत गिरी, बाल-बाल बचा परिवार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव कण्डेला निवासी महिला संतरा देवी के पति पीतम की कई वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। वह अपने विवाहित पुत्र राजबीर व उसके परिवार के साथ में छोटे से कच्चे मकान में रहकर जीवन व्यतीत कर रही है। संतरा देवी की विवाहित पुत्रियां व उनके बच्चे भी घर पर आए हुए है। मंगलवार को वह अपने पौत्र-पौत्रियों व नातियों के साथ में कमरे के अंदर चारपाई पर बैठी थी। इसी दौरान प्रातः करीब नौ बजे क्षेत्र में हो रही बारिश के चलते उसके मकान की छत भरभराकर नीचे आ गिरी। कमरे के अंदर बैठी महिला व पौते-नाती छत के मलबे में दबने से बाल-बाल बच गए। पीड़ित महिला संतरा देवी का कहना है कि उसके मकान की छत कच्ची है। छत पर पड़ी मिट्टी ने बरसात के पानी को सोख लिया। मिट्टी का वजन बढ़ने से लकड़ी की कड़ी टूट गई और छत भरभराकर नीचे आ गिरी। पीड़िता ने प्रशासन से मुआवजा दिए जाने की मांग की है। वहीं, तहसीलदार कैराना अर्जुन चौहान का कहना है कि राजस्व टीम को मौके पर भेजकर क्षतिग्रस्त छत के नुकसान का आकलन कराया जाएगा।

# हर घर तिरंगा अभियान में लापरवाही पर भड़के डीएम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में हर घर तिरंगा कार्यक्रम-2025 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी हर घर तिरंगा कार्यक्रम में संतोष जनक प्रगति न होने पर कई विभागों को कड़ी फटकार लगाते हुए प्रगति के निर्देश दिए साथ ही प्रतिदिन की प्रगति की समीक्षा जानने हेतु उनकी अध्यक्षता में बैठक आयोजित कराने के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के अनुपस्थित पाए जाने पर उनका एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश के दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी द्वारा सभी विभागों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत ज्यादा से ज्यादा वालंटियर बनाने, फोटो अपलोड करने और जिन विभागों द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम में एक्टिविटी कराई जा रही है उनको अपलोड कैसे करना है उसके बारे में विस्तार से बताया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के दृष्टिगत साफ सफाई हेतु शहरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारियों और ग्रामीण क्षेत्र में डीपीआर को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों निर्देशित किया कि दिए गए निर्देशों के अनुपालन में किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी,अपर जिला. धिकारी सत्एन्द्र सिंह, अपर जिला. धिकारी (वि./रा), शामली, जिला विकास अधिकारी, सभी एसडीएम सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# लेखन में बच्चों ने दिखाया हुनर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दैनिक जीवन में मानकों के महत्व, उनकी भूमिका और गुणवत्ता जांच प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चन्दन लाल नेशनल इंटर कॉलेज, कांधला में मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता भारतीय मानक ब्यूरो, देहरादून शाखा के तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें क्लब के 27 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने की। मां सरस्वती के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो के रिसोर्स पर्सन सचिन प्रताप ने बताया कि ब्यूरो का मुख्य उद्देश्य दैनिक जीवन में उपयोग की जाने वाली वस्तुओं, सेवाओं एवं प्रणालियों के मानकों को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रमाणित वस्तुओं का ही उपयोग करना चाहिए। साथ ही छात्रों को आईएसआई मार्क, इलेक्ट्रॉनिक चिन्ह और बीआईएस हॉलमार्क के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रतियोगिता में गौरी जैन व समिया ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, रुद्र चौहान व नीतीश कुमार ने द्वितीय स्थान तथा सना व जोया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने भारतीय मानक ब्यूरो के इस जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने का आ]वान किया।

## एक नजर

### बिहार की महिला का परिवार से मिलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** चार महीने पहले घर से लापता हुई बिहार की एक महिला का अपने परिवार से भावुक मिलन हुआ। 17 जून 2025 को हरीद्वार के थाना कनखल पुलिस के कांस्टेबल उमेश सिंह व महिला कांस्टेबल रेनू द्वारा मान. सिक रूप से अस्वस्थ एक लावारिस महिला को हअपना घर आश्रम शामली में भर्ती कराया गया था। प्रभुजी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। प्रभुजी ने अपना नाम सुमित्रा कुमारी मुर्मू बताया। प्रभुजी का इलाज डॉ अरुण रॉय के परामर्श से कराया गया। उपचार तथा आश्रम के अच्छे वातावण एवं व्यवहार से प्रभुजी की मानसिक स्थिति में तेजी से सुधार हुआ। आश्रम में इलाज और काउंसलिंग के दौरान महिला ने अपना नाम सुमित्रा कुमारी मुर्मू व पता गांव सीमलदाहा, जिला पूर्णिया, बिहार बताया। आश्रम प्रशासन ने इंटरनेट के माध्यम से गांव के सरपंच से संपर्क किया। सरपंच के प्रयास से सुमित्रा के परिवार तक खबर पहुंची। फोन पर मां से हुई बातचीत के दौरान मां-बेटी दोनों भावुक होकर रो पड़ीं। रविवार को सुमित्रा के मामा संजय हौंसदा और मां मारंगमोय आश्रम पहुंचे। मां ने बताया कि सुमित्रा चार महीने पहले बिना बताए घर से चली गई थी और काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला था। आश्रम से फोन आने पर ही उन्हें बेटी का पता चला। कार्यालईन कार्यवाही पूरी करने के बाद मामा संजय हौंसदा, सुमित्रा को लेकर अपने गांव सीमलदाहा, पूर्णिया बिहार रवाना हुए। आश्रम परिवार ने सुमित्रा को भावभीनी विदाई दी।

### अवैध हथियार व जिंदा कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से अवैध हथियार व जिंदा कारतूस बरामद हुए है। पकड़े गए आरोपी का पुलिस ने चालान कर दिया है। मंगलवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कस्बे की इमामगेट पुलिस चौकी प्रभारी एसआई राहुल देशवाल ने चेकिंग के दौरान नगर के जहानपुरा मार्ग पर इरफान की ट्यूबवैल के निकट स्थित चौराहे से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता आवेश उर्फ पिल्लू निवासी ग्राम रामड़ा बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है।

### डीपीआरसी शामली में होगा वित्तीय समावेशन अभियान का विशेष कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वित्तीय समावेशन संपूर्णता अभियान के तहत ग्राम पंचायत गोहरनी स्थित डीपीआरसी में दोपहर 3 बजे एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम एक जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक चल रहे देशव्यापी अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों तक बैंकिंग सेवाएं, जन सुरक्षा योजनाओं की जानकारी एवं लाभ पहुंचाना और खातों का पुनः-केवाईसी Re-KYC सुनिश्चित करना है। जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारीगण,भारतीय रिजर्व बैंक एवं विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे और लोगों को बैंकिंग सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं केवाईसी अपडेट की महत्ता के बारे में जानकारी देंगे।सभी बैंक ग्राहकों और ग्रामीणों से अपील है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी केवाईसी कार्यवाही पूर्ण करें और सरकारी वित्तीय योजनाओ से जुड़े।

# घर से लापता हुई किशोरी, पुलिस से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग बहन घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित ने अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए थाने पर गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई है पुलिस तलाश में जुटी हुई है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि सोमवार की शाम को पीड़ित अपने परिवार सहित घर में सो गया था मध्य रात्रि जब वह सो कर उठा तो चारपाई पर उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बहन गायब थी। पीड़ित व उसके परिवार ने अपनी रिश्तेदारी सहित आसपास के इलाकों में काफी तलाश किया। मगर उसकी नाबालिग बहन का कहीं भी सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने थाने पर पहुंचकर अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए गुमशुदगी की सूचना दर्ज करा कर अपनी लापता बहन को बरामद करने की पुलिस से गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति को आश्वासन देते हुए किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि लापता किशोरी की तहरीर मिली है पुलिस तलाश कर रही है जल्दी बरामद कर लिया जाएगा।

# लोकदल जिलाध्यक्ष ने की पालिकाध्यक्ष से मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** रालोद जिला अध्यक्ष ने पालिका अध्यक्ष का हाल-चाल जाना, साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर 2027 के चुनाव में जुट जाने का आ]वान किया। इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे।

कई माह पूर्व पालिका अध्यक्ष हाजी नजमुल इस्लाम एक सड़क हादसे में घायल हो गए थे। सड़क हादसे में घायल होने के बाद उनका उपचार दिल्ली के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। कई माह पूर्व स्वस्थ होने के बाद पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम कई दिन पूर्व कस्बे में पहुंचे थे। कस्बे में पहुंचने पर उनके समर्थक लगातार उनका हाल-चाल जानने आ रहे हैं। मंगलवार को रालोद के जिला अध्यक्ष वाजिद अली अपने काफिले के साथ पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम के आवास पहुंचे और उनका हाल-चाल जाना। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम का हाल-चाल जानने के बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव में जुट जाने का आ]वान किया।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबो. धित करते हुए कहा कि रालोद हमेशा किसान, मजदूर, गरीब लोगों के हकों की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा बहुत सारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। जिनका सीधा लाभ पात्र लोगों को मिल रहा है। इस दौरान साद सैफी, विधानसभा महासचिव आशु खान, जावेद खान, इसरार अहमद, सादिक अली, वसीम सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत उल्लास से निकाली तिरंगा यात्रा



















### स्वतंत्रता दिवस से पूर्व व्यवस्था चाक-चौबंद

**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** स्वतंत्रता दिवस व कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर थाना आदर्शमंडी पुलिस व शहर कोतवाली पुलिस ने शहरभर में चौकिंग अभियान चलाया। पुलिस द्वारा शहर के गुरूद्वारा तिराहे, रेलपार बाईपास, सुभाष चौक, फव्वारा चौक, वर्मा मार्किट, विजय चौक, दिल्ली रोड पर चेकिंग की गई। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने दुपहियां वाहन चाल. कों की जांच की। संदिग्ध दिखने वाले युवकों से पूछताछ करते हुए तलाशी ली गई। लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गति. विधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने की अपील की। इस दौरान रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर पुलिस की टीमें मेटल डिटेक्टर और डॉग स्क्वॉड की मदद से बैग, ट्रॉली और अन्य सामग्री की तलाशी लेती रहीं। एसपी रामसेवक गौतम ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर पूरे जिले में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। शहर के सभी प्रवेश व निकास मार्गों पर पुलिस चेकिंग प्वाइंट बनाए गए हैं, जहां आने-जाने वाले वाहनों और यात्रियों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।

### भाजपाइयों ने झिंझाना में निकाली तिरंगा यात्रा

**झिंझाना।** कस्बे में तिरंगा यात्रा का आरंभ आरएसएस इंटर कॉलेज के मैदान से भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी ने संयुक्त रूप से फीता कतरकर किया गया, जिसमे तिरंगा यात्रा के संयोजक मासूम प्रधान, सतीश चौहान आदि की मौजूदगी में यात्रा कस्बे के मेन बाजार, बस स्टैंड से होते हुए वापिस आर्य समाज मंदिर पर संपन्न हुई। मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा आरएसएस इंटर कॉलेज के मैदान से शुरू की। यात्रा मुख्य बाजार, डेरी चौक, बिडौली बस स्टैंड, मुख्य बस स्टैंड से होते हुए आर्य समाज मंदिर पर सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा में देश भक्ति के गीतों पर झूमते लोग रैली में शामिल हुए। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नौशाद ठेकेदार ने अपनी टीम सहित रैली पर पुष्प वर्षा कर आजादी के नारे लगाए। यात्रा में कस्बे के व्यापारियों सहित सभी धर्मों के लोगों ने हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि विकास अग्रवाल क्षेत्रीय महामंत्री, वशिष्ठ अतिथि अनिल चौहान, वरिष्ठ अतिथि शिव चौधरी, जिला महामंत्री दामोदर सैनी, कार्यक्रम संयोजक मासूम चौहान मंडल उपाध्यक्ष, सहसंयोजक सतीश चौहान, डॉक्टर पवन, व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद संगल, लोकेश पांच. ाल, शिवकुमार प्रधान, महिला मोर्चा अध्यक्ष गुरमीत कौर, देवीलाल सिंह, हरपाल सैनी, सुनीता नामदेव, नीलम नामदेव, रितु गुप्ता सहित कस्बे के सैंकड़ों गणमान्य लोगों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

**शामली।** प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक लता राठौर के दिशा-निर्देशन में जनपद शामली के सभी विद्यालयों में आज हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय हाई स्कूल बलवा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज ऑल्दी, राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज झिंझाना, राजकीय बालि. का हाई स्कूल गंगेरू,राजकीय यमुना खादर इंटर कॉलेज कमलपुर, राजकीय इंटर कॉलेज केरटू,राजकीय इंटर कॉलेज भनेड़ा उददा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कांधला, मुरली मनोहर इंटर कॉलेज ईशपुर टील, बीएसएम पब्लिक स्कूल शामली, एसडीएस पब्लिक स्कूल गढ़ी अब्दुल्ला, वनस्थली पब्लिक स्कूल ढिंढाली, फ्लोरा डेल पब्लिक स्कूल गढ़ी पुखघ्ता तथा कन्या कल्याण गुरुकुल इंटर कॉलेज भैंसवाल में तिरंगा रैली में विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाओं तथा छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और रैली निकाली गई।

### रेहड़ा हरसाना से गढीहसनपुर तक तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**चौसाना।** स्वतंत्रता दिवस से पहले चौसाना क्षेत्र में देशभक्ति का ज्वार उमड़ पड़ा। रेहड़ा हरसाना से शुरू हुई भव्य तिरंगा यात्रा टोडा, जिजौला, चौसाना, पठानपुरा होते हुए गढीहसनपुर में संपन्न हुई। भाजपा नेता विशेष सरोहा, रूबी चौधरी व अनिल चौहान के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में सैकड़ों बाइक सवार ग्रामीण तिरंगा लहराते हुए शामिल हुए। लगभग बीस किलोमीटर लंबे मार्ग पर आगे-आगे डिजे देशभक्ति गीत बजाता रहा और पीछे बाइक सवार 'भारत माता की जय' व 'वंदे मातरम्' के नारों से वातावरण गूंजाते रहे। गांव-गांव से गुजरते समय ग्रामीण घरों से निकल कर तिरंगे लहराते और पुष्पवर्षा कर स्वागत करते नजर आए। पूरी यात्रा के दौरान चौसाना पुलिस और ऊन चौकी पुलिस की गाड़ियां साथ-साथ चलती रहीं, जिससे सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में कोई बाधा नहीं आई। कार्यक्रम को देखने के लिए हजारों लोग सड़क किनारे खड़े होकर इस नजारे का हिस्सा बने। देशभक्ति से सराबोर इस तिरंगा यात्रा ने क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस का माहौल पहले ही बना दिया।

### भाजपाइयों ने कस्बे में निकाली तिरंगा बाइक रैली

**कैराना।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की स्थानीय इकाई द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल चौहान ने किया। तिरंगा रैली कस्बे के प्राचीन सिद्धपीठ बाबा बनखंडी महादेव मंदिर से शुरु होकर चौक बाजार, जोडवां कुआं, निर्मल चौराहा, जामा मस्जिद, मीना बाजार, पट्टोवाला, मोहल्ला गुम्बद, लाल. कुआं, दरबारकलां, तीतरवाड़ा चुंगी, कांधला तिराहा से होते हुए कलस्यान चौपाल पर आकर सम्पन्न हुई। इस दौरान भाजपा नेता अनिल चौहान ने कहा कि राष्ट्रध्वज तिरंगा हर भारतीय के मान-सम्मान व आजादी का प्रतीक है। मां भारती के वीर सपूतों ने लाखों कुर्बानियां देकर इस गौरव को हासिल किया है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र सेवा के लिए आगे आने का आ]वान किया है। वहीं, सुरक्षा के . ष्टिगत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ में मुस्तैद रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री मृगांका सिंह के सुपुत्र शिवेंद्र सिंह, कैराना मंडलाध्यक्ष अतुल मित्तल, सोनू बालान, धर्मवीर वाल्मीकि, दामोदर सैनी, डॉक्टर पाल कश्यप, रोहतास सैनी, सचिन चौहान, शराफत खान, आलोक चौहान, आलोक गर्ग, रजत वर्मा, अमन गर्ग, सतीश कश्यप, कुलदीप सिंघल, मनोज वाल्मीकि, नवीन अग्रवाल, रणबीर कश्यप, यश अग्रवाल, एडवोकेट अरुण प्रकाश राय, शिवचरण कश्यप, गय्यूर अली, शौकीन अंसारी, जीशान, डॉ. ऋषि, सोमपाल, राजीव, जमील आदि मौजूद रहे।

### देशभक्ति के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा

**कांधला।** कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड स्थित चौधरी चरण सिंह मूर्ति पर मंगलवार को मंडल अध्यक्ष डॉक्टर रश्मिकांत जैन के नेतृत्व में भाजपाई एकत्र हुए। हाथों में तिरंगा झंडा लेकर कार्यकर्ताओं ने भारत माता के उद्घोष के साथ यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा बड़ी नहर, रेलवे मार्ग, पुराने पंजाब नेशनल बैंक ओर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से होते ही कैराना बस स्टैंड स्थित वीर अब्दुल हमीद प्रतिमा पर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। मंडल अध्यक्ष डॉक्टर रश्मिकांत जैन ने कहा कि तिरंगा अभियान भारत की समृद्धि, सामर्थ्य और सम्मान का प्रतीक है। इसका उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करना है। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन, सुधा तोमर, दीपक गुप्ता, सभासद पति अनिल बोहरा, राजीव शर्मा, अशौक चौहान ओर आकाश जैन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा कस्बा

**थानाभवन।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को नगर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ, जिसमें देशभक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। मुख्य अतिथि एवं पूर्व मंत्री सुरेश राणा के नेतृत्व में यात्रा दयाल आश्रम से प्रारंभ होकर दीन दयाल उपाध्याय मार्केट, चौक बाजार, मेन मार्केट, शामली बस स्टैंड होते हुए नगर पंचायत कार्यालय पर संपन्न हुई।तिरंगा यात्रा में भाजपा थाना भवन मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए। सभी के हाथों में लहराता तिरंगा, मुख पर गर्व और होठों पर भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के नारे गूंजते रहे। नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में आयोजित जनसभा में पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने संबोधन किया। मंडल अध्यक्ष पवन गौतम, महेश गोयल, आशीष सिंघल, पंकज राणा, चौधरी राजेंद्र सिंह, भोपाल सैनी, संजय कश्यप, संदीप मोगा सहित मीनू सैनी के नेतृत्व में महिलाओं का बड़ा दल मौजूद रहा।

# जनपद की तीनो तहसीलो में हर मंगलवार को लगाया जाए विशेष कैंप: डीएम

## जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर राजस्व कार्यो व सीएम डैशबोर्ड कार्यो की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर, राजस्व कार्यों एवं सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, जिसमें उन्होंने विभागीय अधिकारियों को राजस्व लक्ष्यों के सापेक्ष वसूली बढ़ाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। बैठक में कहा गया कि बड़े बकायेदारों पर विशेष अभियान चलाया जाए। जिन वाहन स्वामियों की आरसी कटी है और जिन पर भारी बकाया है, उनकी चल-अचल संपत्तियों को बैंक खातों सहित सीज़ किया जाए तथा संपत्ति कुर्क की कार्रवाई की जाए। जनपद की रैंक



सुधारने के लिए सक्रिय प्रयास करने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए एक नई पहल की है। अब हर मंगलवार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक बागपत की तीनों तहसीलों बागपत, बड़ौत और खेकड़ा में विशेष कैंप लगाकर अंश निर्धारण से जुड़ी सभी समस्याओं का एक साथ, उसी दिन समाधान किया जाएगा। इस पहल से किसानों को इधर-उधर भटकने और कई बार तहसील के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। जिला. धिकारी ने स्पष्ट किया कि इस व्यवस्था से किसानों को न तो अलग-अलग तारीख पर आना पड़ेगा, न ही कई विभागों के बीच भागदौड़ करनी पड़ेगी। तीनों तहस. ीलों में अंश निर्धारण का कार्य एक साथ किया जाएगा, जिससे किसानों को पारदर्शी, त्वरित और न्यायपूर्ण समाधान मिलेगा। धारा 24 की कार्यवाही में आस-पास के किसानों को नोटिस देकर तामील सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को न्यायालय में समय देकर मामलों का शीघ्र निस्तारण करने को कहा गया। आदेशित फाइलें पोर्टल पर भी अपडेट हों। एक वर्ष से पाँच वर्ष तक लंबित शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए। आरसीसी डैशबोर्ड को प्रतिदिन देखा जाए। सीएम डैशबोर्ड समीक्षा के दौरान 'डीजी शक्ति' योजना में लैपटॉप व मोबाइल वितरण को लेकर जिलाधिकारी ने डीआईओएस से नाराजगी व्यक्त की। डूडा में आवास-शहरी योजना के पात्र-अपात्र लाभार्थियों की जांच के निर्देश दिए गए। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मौके पर जाकर सुनिश्चित करने को कहा गया। जिन अधिकारियों की जुलाई में रैंक खराब रही, उन्हें चेतावनी दी गई। एसडीएम को फील्ड विजिट के दौरान स्कूल, गौशाला आदि का निरीक्षण करने को कहा गया। तहसील के बड़े बकायेदारों पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। सीमा स्तंभ का कार्य भी शीघ्र पूरा करने को कहा गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) पंकज वर्मा, समस्त एसडीम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार आदि उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 28 देशों से लोगों ने लिखे युवाओं को संबोधित पोस्टकार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर, माय भारत से जुड़ा उड़ान यूथ क्लब एक विशेष डिजिटल अभियान चला रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं के बीच भरोसा, समझ और एकजुटता का सेतु बनाना है। इस पहल के तहत विश्वभर के 5 महाद्वीपों के 28 देशों से 258 युवाओं ने अपने अनुभव, विचार और प्रेरक संदेश भेजे।

यह अभियान पूरी तरह शून्य बजट और स्वयंसेवी सहयोग पर आधारित है। सोशल मीडिया और डिजिटल तकनीकों के प्रभावशाली उपयोग से इसे सीमित संसाधनों के बावजूद व्यापक स्तर पर पहुँचाया गया। अमन कुमार, जो कि राज्य युवा पुरस्कार से सम्मानित और उड़ान यूथ क्लब के अध्यक्ष हैं, बताते हैं, हमारा लक्ष्य केवल संदेश आदान-प्रदान नहीं, बल्कि युवाओं के बीच विश्वास और भाईचारे को बढ़ावा देना है ताकि वे एक बेहतर विश्व का निर्माण कर सकें। अभियान में शामिल संदेशों की भाषाएँ अंग्रेज़ी, हिंदी, फ्रेंच, अरबी, इंडोनेशियाई, कन्नड़, तमिल, सिंधी, ओड़िआ और वियतनामी हैं। ये संदेश भारत, अमेरिका, रूस, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, नाइजीरिया, वियतनाम, केन्या, ईरान, मलेशिया, युगांडा, सूडान, तिमोर लेस्ते, मेडगास्कर, कैमरून सहित 5 महाद्वीपों के युवाओं द्वारा भेजे गए। उड़ान यूथ क्लब ने अब उन संदेशों का एक विशेष संकलन तैयार करने की योजना बनाई है, जिसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय युवा मंचों तक पहुँचाया जाएगा, ताकि यह सकारात्मक संवाद और प्रेरणा आगे भी फैलती रहे।

# विद्युत लाइन का फॉल्ट ठीक कर रहे संविदाकर्मी लाइनमैन की करंट लगने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** कोतवाली क्षेत्र के बावली गांव में बिजली घर पर विद्युत लाइन का फॉल्ट ठीक कर रहे संविदा कर्मी लाइनमैन पंकज की करंट लगने से मौत हो गई।

घटना के समय पंकज शटडाउन लेकर विद्युत पोल पर लाइन की मरम्मत कर रहा था। अचानक लाइन में करंट आने से वह पोल से नीचे गिर गया। मृतक के चाचा सोहन पाल ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग की लापरवाही से लाइन में करंट छोड़ा गया, जिससे उनके भतीजे की मौत हुई। घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने सीएचसी पर मृतक के शव को रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। वे



मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़े हैं। सुरक्षा की दृष्टि से चार थानों की पुलिस मौके पर तैनात है और परि. जनों को समझाने का प्रयास कर रही है। एसडीओ बड़ौत तृतीय नितिन आनंद ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर किसी कर्मचारी की लाप. रवाही सामने आती है, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गौशाला में मृत गौवंश और डॉक्टर की लापरवाही उजागर, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खट्टा प्रहलादपुर गांव मे बनी गौशाला की एक वीडियो वायरल हो रही है जिसमे मृत गोवंश और व्यवस्था को उजागर किया गया है। ग्रामीणों ने उच्च अधिका. रियों से जांच की मांग की है।

खट्टा प्रहलादपुर में प्रशासन द्वारा एक गोशाला बनाती गयी है जिसमे पशुओं को चारा पानी की सुविधा मुहैया करायच जाती है। वही गोवशों का ख्याल रखा जाता है, लेकिन पिछले काफी समय से गोशाला बदहाल है जिससे लेकर ग्रामीणों ने एक वीडियो बना वायरल की है जिसमे मृत गोवंश को दिखाया गया है। जहा गोशाला में डाक्टर की व्यवस्था तो है, लेकिन दवाईयों का अभाव है। वही जगह जगह मृत गोवशों के अवशेष पड़े



है। कही दम तोड़ती गोवंश है जिससे लेकर वीडियो बना कर वायरल की गयी। वही उच्च अधिकारियों से जांच की मांग भी की गयी है। पिछले दिनो भी खट्टा प्रहलादपुर में पांच गोवंश मृत मिले थे जिसके बाद प्रशासन ने गौशाला की जांच भी करायी थी। दोबारा फिर वीडियो वायरल हुई है।

## एक नजर

# जितेंद्र सिंह गुर्जर ने आईएएस अधिकारी संतोष यादव के पिताजी के निधन पर जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सपा के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह गुर्जर ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के चेयरमैन, ग़ाज़ियाबाद व गौतमबुद्ध नगर के पूर्व ज़िलाधिकारी, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष और उपाध्यक्ष व यमुना विकास प्राधिकरण के पूर्व चेयरमैन और वरिष्ठ IAS



अधिकारी संतोष कुमार यादव के पिताजी के स्वर्गवास के बाद उनके गृह जनपद फिरोजाबाद के टुंडला स्थित आवास पर पहुँच कर शोक संवेदना प्रकट की। सपा नेता जितेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि संतोष कुमार यादव भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों में से एक हैं जिन्होंने पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन किया है। उनके पिताजी का निधन बेहद दुखद है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

# न्याय की मांग को लेकर डीएम ऑपिफस पहुंची महिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रमाला थाना क्षेत्र में एक महिला न्याय की मांग कर रही है। महिला ने गांव के एक युवक पर अश्लील हरकतें करने और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार आरोपी युवक उसे गालियां देता था। वह अश्लील हरकतें कर उसे परेशान करता था। महिला ने इस मामले में कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोपी ने पुलिस से मिलकर उल्टा पीड़िता पर ही मुकदमा दर्ज करा दिया। न्याय की आस में पीड़िता अपने पति के साथ जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंची। उसने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। मामले में कार्रवाई की मांग की। एसडीएम मनीष कुमार ने संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं।

# यमुना नदी में हथिनी कुंड बैराज से छोड़ा जा रहा पानी, लाखो की फसले हुई जलमग्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पहाड़ो पर हो रही लगातार बारिश से बागपत मे यमुना नदी का जलस्तर बढ़ रहा है, जिसके बढ़ने से किसानों की फसलें लगातार डूबती जा रही है। पानी पढ़ने से यमुना नदी किनारे कटान भी शुरू हो गया है, जिससे किसान परेशान हैं। जनपद बागपत के शबगा, जागौश, बदरखा, निवाड़ा, गोरिपुर गांव में यमुना नदी पर कटान शुरू हो गया है। यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। नदी के अंदर किसानों की फसलें डूबने लगी हैं। पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश के कारण हथिनी कुंड बैराज में अधिक पानी आ गया है। इसके बाद यमुना नदी में पानी छोड़ा जा रहा है। पिछले तीन दिन से हथिनी कुंड बैराज से यमुना नदी में लगातार कई हजार कलुसेक पानी छोड़ा जा चूका है। सोमवार को भी यमुना नदी में



25 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जो मंगलवार तक यमुना नदी में प्रवेश कर गया। लगातार यमुना नदी में पानी छोड़े जाने से खादर क्षेत्र में पानी फैलता जा रहा है। यमुना के खादर क्षेत्र में पानी ही पानी हो गया है। यमुना नदी के किनारे खादर क्षेत्र में खड़ी गन्ने, फूलों की खेती, ज्वार, लौकी, करेला, हरी मिर्च, धनिया, टमाटर, पोदीना, बैंगन और गेंदा फूल आदि सब्जियों की फसलें डूबने लगी हैं। जलस्तर बढ़ने से निकटवर्ती गांवों में कटान शुरू हो गया है। इससे टांडा, कुर्डी, नांगल, जागौस, बदरखा, ककौर कला, कोताना और खेड़ी प्रधान आदि गांवों के किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों ने बताया कि यमुना नदी में फसल डूबने से उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। किसानो ने जिला प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# कभी अपनी आत्मा से सवाल करना और पूछना कि मैं कौन हूं आपको सवाल का जवाब स्वयं मिल जाएगा:महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोशल भवन सभागार में मंगलवार को16 कारण भावना पर प्रवचन करते हुए आचार्य श्री 108 नयन सागर मुनि. राज ने कहा सत्य को हमेशा परेशान किया जा सकता है। पराजित नहीं पाप से डरो पापी से नहीं पापी तो कभी भी सुधर सकता है। वर्तमान की सभ्यता आदमी को समाप्ति की ओर ले जा रही है सुंदरता त्याग, नियम, व्रत से आती है। फैशन करने से नहीं विवाह का अर्थ है मन का केंद्रित हो जाना महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कभी अपनी आत्मा से सवाल करना और पूछना कि मैं कौन हूं आपको सवाल का जवाब स्वयं मिल जाएगा। परीक्षा हमेशा सोने की होती है लोहे की नहीं सोनी को ही चेक किया जाता है। लोहे को कभी चेक नहीं किया जाता इसलिए परीक्षा हमेशा धर्मात्मा की होती है। पापी कि नहीं जो धर्म को धारण करते हैं उनको परीक्षा भी देनी होगी उसे परीक्षा से उनको डरना नहीं चाहिए में एचपी पेट्रोल पंप के निद. ेशक मनोज जैन मसाले वाले ने धर्म सभा में सभी श्रद्धालुओं का सहयोग किया। आज की धर्म सभा में प्रवीण जैन मनोज कुमार जैन मनोज जैन संभोग दिनेश जैन अंकुर जैन सचिन जैन पुनीत जैन अनुराग मोहन आनंद जैन पवन जैन राकेश जैन आदिश जैन आदि ने भाग लिया।

# राष्ट्रीय आर्म्स रेसलिंग चैंपियनशिप में अनस खान ने किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोघट।** केरल में आयोजित राष्ट्रीय आर्म्स रेसलिंग चैंपियनशिप में दोघट कस्बे के अनस खान ने शानदार प्रदर्शन किया। अनस ने राइट हैंड ओपन यूथ केटेगरी में गोल्ड मेडल जीता। लेफ्ट हैंड केटेगरी में उन्होंने सिल्वर मेडल हासिल किया। महिनुद्दीन के बेटे अनस ने इस प्रदर्शन से सीनियर केटेगरी के लिए क्वालीफाई कर लिया है। उनका अगला लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना है। दोघट कस्बे में अनस का भव्य स्वागत किया गया। समाज सेवी अशोक कुमार, कमल पंवार, कपिल रुहेला, सुरेश, सुधीर पंवार समेत कई गणमान्य लोगों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्हें ट्रॉफी भी प्रदान की गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# बाइक तिरंगा यात्रा ने बिखेरे देशभक्ति के रंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, बागपत द्वारा देशभक्ति और राष्ट्रीयता की भावना को बढ़ावा देते हुए कलेक्ट्रेट परिसर से वंदना चौक तक एक बाइक तिरंगा यात्रा निक. ाली गई। इस यात्रा का नेतृत्व मुख्य विकास अधिकारी नीरज श्रीवास्तव ने किया।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बाइक तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान प्रभारी युवा कल्याण अधिकारी ने इस बाइक तिरंगा यात्रा के उद्देश्य और महत्व के बारे में जानकारी दी। बाइक तिरंगा रैली में देशभक्ति के नारों ने जोश भर दिया। इस यात्रा में जनपद के समस्त प्रांतीय रक्षक दल के जवान एवं युवक मंगल दल के



सदस्य शामिल हुए। जिन्होंने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा माहौल देशभक्तिमय कर दिया। इस आयोजन में युवा कल्याण अधिकारी शिप्रा सिंह, शिवानी त्यागी, हरीश मिश्रा, सोनू कुमार, जितेन्द्र गिरी, समस्त प्रांतीय रक्षक के जवान एवं युवक मंगल दल निवाड़ा के अध्यक्ष इनाम उल हसन के नेतृत्व में युवक मंगल दल के सदस्य शामिल हुए।

# भाजपाइयों ने हाथों में तिरंगा लेकर निकाली यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** भाजपा के बिनौली मंडल द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत बस स्टेट से मुख्य बाजार होते हुए शिव मन्दिर पर समाप्त हुई। यात्रा में शामिल भाजपाई हाथों में तिरंगे लेकर भारत माता का गुणगान करते हुए चल रहे थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष डा.कुलप्रकाश ने कहा कि तिरंगा हमारे गौरव, बलिदान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। इसे केवल फहराना ही नहीं, बल्कि इसके सम्मान और मूल्यों को जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा यह यात्रा सेना के सम्मान में और देश के शहीद वीर सपूतों के सम्मान में निकाली गई है। तिरंगा यात्रा के जिला सह-संयोजक रविन्द्र आर्य ने



कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने और समाज में एकता व भाईचारे का संदेशफैलाने की अपील की। इस दौरान जिला महामंत्री एडवोकेट बिजेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष व मंडल यात्रा प्रभारी राजीव धामा, रामबीर सिंह, देवेन्द्र, सुन्दर गुर्जर, कवरपाल, अनिल गुर्जर, वेदपाल आदि मौजूद रहे।

# हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास और 30,000 रुपए का लगाया अर्थदंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोघट।** थाना क्षेत्र के भगवानपुर नांगल गांव में दो वर्ष पूर्व हुई राजीव की हत्या के मामले में न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। लेनदेन विवाद में राजीव की गला दबाकर हत्या की गई थी। मृतक राजीव के भाई जितेंद्र ने दोघट थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में तीन लोगों पर आरोप लगा था। आरोपी ऋषिपाल और प्रीति भगवानपुर नांगल के निवासी हैं। तीसरा आरोपी विक्की बामनोली, थाना दोघट का रहने वाला है। न्यायालय ने 13 गवाहों की गवाही के बाद अपना निर्णय सुनाया। आरोपी ऋषिपाल और प्रीति को आजीवन कारावास के साथ 35,000 रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। विक्की को आजीवन कारावास और 30,000 रुपए का अर्थदंड दिया गया है। एडीजीसी अशोक सैनी ने बताया कि सभी दोषियों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। न्यायालय ने सभी गवाहों के बयान और सबूतों के आधार पर यह फैसला दिया है।

# जिलाध्यक्ष के चाचा व पिता को दी धमकी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** सराय मार्ग पर सोमवार रात को राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष अर्जुन के चाचा रूपेन्द्र चौधरी और पिता जितेन्द्र चौधरी को चार लोगों ने धमकी दी। आरोपियों ने उन्हें तलवार से काटने और जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि दूसरे समुदाय से हैं। उन्होंने साम्प्रदायिक हिंसा फैलाने की धमकी भी दी। घटना की सूचना मिलते ही अर्जुन और उनके साथी पुलिस के पास पहुंचे। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। स्थानीय लोगों के अनुसार, आरो. पियों के धमकी भरे व्यवहार से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। इंस्पेक्टर मनोज कुमार चाहल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटनास्थल पर जिलाध्यक्ष अर्जुन, जिला उपाध्यक्ष राजीव चौधरी समेत कई बजरंग दल कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्त्री शक्ति योजना के लाभार्थियों के लिए मेगा ऋण संवितरण शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, बागपत द्वारा होटल रॉयल स्टेप में स्त्री शक्ति योजना के लाभार्थियों के लिए मेगा ऋण संवितरण शिविर का आयोजन किया गया। 750 लाभार्थियों को साढ़े आठ करोड़ के ऋण दिए गए।

मेगा ऋण संवितरण शिविर का उद्घ्घाटन केनरा बैंक के कार्यपालक निदेशक भवेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। स्त्री शक्ति योजना के लगभग 1500 से अधिक लाभार्थियों ने इस आयोजन में प्रतिभाग किया। 750 का चयन कर 8.5 करोड़ के ऋण वितरित किये गए। अपने संबोधन में केनरा बैंक के कार्यपालक निदेशक भवेन्द्र कुमार ने कहा कि केनरा बैंक भारत सरकार, राज्य सरकारों एवं कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को लागू



करने में सदैव अग्रणी रहा है। साथ ही बैंक सभी प्रकार के खुदरा ऋण उत्पादों जैसे कि आवास ऋण, वाहन ऋण, संपत्ति पर ऋण, शिक्षा ऋण और अन्य व्यक्तिगत ऋण को किफ़ायती ब्याज दरों पर प्रदान करता रहा है। केनरा बैंक आमजन तक बैंकिंग सुविधा पहुंचाने का प्रयास करते हुए देश कि आर्थिक प्रगति में अपना योगदान दे रहा है। आगरा अंचल के महा प्रबंधक रजनीकान्त ने अपने सम्बोधन में कहा कि केनरा बैंक सदैव ही आमजन को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। आगरा अंचल के अंतर्गत आने वाले सभी शाखाओं के माध्यम से हम रिटेल, एम एस एम ई, कृषि एवं डिजिटल बैंकिंग के माध्यम से आमलोगों को सरल एवं सुलभ बैंकिंग सेवा प्रदान कर रहे हैं। केनरा बैंक के कार्यपालक निदेशक भवेन्द्र कुमार ने मेगा ऋण संवितरण शिविर में लगभग 500 से अधिक लाभार्थियों को संवितरण चेक/स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए। इस अवसर पर केनरा बैंक ने भारत सरकार, राज्य सरकार कि कल्याणकारी योजनाओं और केनरा बैंक के विभिन्न उत्पादों पर आधारित एक प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस अवसर पर आगरा अंचल के महा प्रबंधक रजनीकान्त, सहायक महाप्रबंधक और क्षेत्रीय प्रमुख, बागपत, मिन्हाजुल कमर जहां शाखा पबंधक फतेहपुर पुट्टी दिव्य ज्योति मंडल प्रबंधक देवल पारेख, प्रतीक श्रीवास्तव, गौरव मलिक, सचिन कुमार, राकेश कुमार, आदित्यसिंह शाखा प्रबंधक बावली, अभयनाथ आदि उपस्थित रहे।

# राजस्व वसूली में शिथिलता बर्दाश्त नहीं:जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** धारा 34 में बागपत मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर संतोष जताते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व वसूली में कोई लापरवाही न हो। तहसीलदार व अमीन नियमित भ्रमण करें और बड़े बकायेदारों के नाम व विवरण सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जाएं। एआरटीओ बड़े बकायेदारों की सूची प्रदान करें, जिन पर कार्रवाई की जाएगी। विद्युत विभाग को भी बड़े बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश मिले। बड़ौत स्थित जनता वैदिक कॉलेज में 35 लाख की आरसी के चलते बिजली कनेक्शन काटने का आदेश दिया गया। अवैध खनन, बालू-मिट्टी से जुड़ी सूचनाओं के लिए एसडीएम को सूचना तंत्र मजबूत करने और जेसीबी पकड़ अभियान चलाने को कहा गया। अधिकतम प्रवर्तन (एन्फोर्समेंट) सुनिश्चित किया जाए।

**सूचना**

मेरे पुत्र व पुत्री का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र शेरू उर्फ अजय तोमर, अंकुश तोमर व पुत्री मीनू तोमर, सोनी तोमर से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। वीरेंद्र सिंह पुत्र बीरबल सिंह निवासी बावली पट्टी मोल्हू तहसील व थाना बडौत जनपद बागपत।

# मूसलाधार बारिश से शहर जलमग्न





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार तड़के हुई मूसलाधार बारिश के बाद पूरे शहर में पानी ही पानी भर गया। नालियों में जल निकासी न होने से शहर की सड़के पूरी तरह से जलमग्न रही। कई स्थानों पर हालात यह हो गए थे कि बारिश का पानी सड़कों पर कई कई फीट तक भर गया था और लोगों के घरों में गंदा पानी भरने से सामान भीगकर खराब हो गया। नाला पटरी के निकट बसने वाली कालोनियों में हालात ज्यादा खराब दिखाई दिए।

मंगलवार सवेरे करीब 5 बजे अचाकन मौसम ने करवट बदली। सवेरे बूंदाबांदी के बाद मूशलाधार बारिश शुरू हो गई।

सवेरे 5 बजे से 7 बजे तक हुई मूशलाधार बारिश के बाद पूरे शहर में पानी भर गया। जिसमें शहर के मौहल्ला कलंदरशाह, पंसारियान, नई बस्ती, माजरा रोड़, शांतिनगर, नाला पटरी, बडीआल जाटान, भिक्की मोड़, सीबी गुप्ता कालोनी, नेहरू मार्किट, कबाडी बाजार, कैराना रोड, झिंझाना रोड, दिल्ली रोड, दयानंदनगर में पानी भरने से दिक्कतों का सामना करना पडा। शहर के बीच से गुजने वाला एक मात्र लिंक नाला ओवर फ्लो हो गया था, जिसके बाद बारिश के पानी को निकलने का रास्ता तक नही मिल सका। नाला करीब एक घंटे तक ओवर फ्लो चलता रहा और शहर की सडकों पर पानी पानी ही दिखाई दिया। सवेरे स्कूल जाने वाली बच्चों को भी स्कूल जाने में दिक्कते हुई। सीबी गुप्ता कालोनी से निकलने वाले स्कूल वाहन बारिश के पानी में फंसकर खराब हो गए।

जिससे बच्चे स्कूल भी देरी से पहुंचे है। वही बाजारों में जलभराव होने से बाजारों में गंदगी फैली रही और बाजार भी देरी से खुले। नागरिकों का कहना है कि शहर में मामूली बारिश के बाद ही जलभराव हो जाता है।

हर साल नगर पालिका जलभराव की समस्या का समाधान करने का दावा करती है, लेकिन धरातल पर कोई भी समस्या का समाधान होता नजर नही आ रहा है। मंगलवार सवेरे बारिश के बाद पूरे शहर में पानी भरा रहा, लेकिन निक. ासी का कोई रास्ता न होने से नागरिक परेशान रहे।

# ई-रिक्शा की बैटरी फटने से लाखों का सामान जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला मुस्तफाबाद में ई रिक्शा की बैटरी फटने से एक व्यक्ति के मकान में भीषण आग लग गई आग लग जाने से ई रिक्शा सहित घरेलू सामान्य जल का राख हो गया पीड़ित ने प्रदेश सरकार को पत्र भेज कर मुआवजे की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी शमशाद पुत्र जहीर ई रिक्शा चलाकर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है। पीड़ित के अनुसार उसने सोमवार की देर शाम अपनी ई-रिक्शा घर के आंगन में चार्ज करने के लिए खड़ी कर रखी थी और परिवार सहित सो



गया था। रात के समय अचानक से ई रिक्शा की बैटरी फट जाने से ई रिक्शा में आग लग गई ई रिक्शा में लगी आग की चपेट में आकर घर के अन्य फर्नीचर के समान सहित छत के पंखे कपड़े सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित के घर में आग लग जाने से मोहल्ले में अफरातफरी मच गई मोहल्ले के लोगों ने घंटों प्रयास के बाद लगी आग पर पानी डालकर काबू पाया मगर तब तक ई रिक्शा सहित घर का लाखों रूपए सामान जल गया। पीड़ित ने प्रदेश सरकार को पत्र भेजकर मुआवजे की गुहार लगाई है।

## क्रॉसकन्ट्री दौड़ का आयोजन 15 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उप क्रीड़ाधिकारी, शामली अश्वनी कुमार त्यागी ने अवगत कराया कि खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं जिला प्रशासन के सहयोग से जिला खेल कार्यालय, शामली द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त को स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर पुरूष वर्ग 5 किमी एवं 3 किमी क्रासकन्ट्री दौड प्रतियोगिता का आयोजन शहीद उद्यम सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम, शामली में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता पुरुष एंव महिला द्धदोनोॠ वर्गो में आयोजित की जाएगी, जिसमें किसी भी आयु वर्ग का प्रतिभागी भाग ले सकता हैं। इच्छुक 14.8.2025 की सायं 5 बजे तक जिला खेल कार्यालय शामली में संपर्क करें।





# डीएम-एसपी ने निकाली तिरंगा यात्रा, दिया देशभक्ति का संदेश

**शामली।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम-2025 के कार्यक्रमों की श्रंखला में आज जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान व पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम द्वारा समस्त पुलिस विभाग की टीम के साथ शहर में तिरंगा यात्रा निकालकर देश भक्ति का संदेश दिया। डीएम ने कहा तिरंगा हमारी आन बान शान है यह हमेशा ऊंचा रहे। उन्होंने प्रत्येक नागरिक को हर घर तिरंगा कार्यक्रम से जुड़कर तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे वेबसाइट www.harghartiranga.com पर अपलोड करें। यह तिरंगा यात्रा वीवी डिग्री से प्रारंभ होकर शहर में भिक्की मोड, शिव चौक,अग्रसेन पार्क से कोतवाली शामली पर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में सभी पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर चालक की हरियाणा के पानीपत में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी एक 23 वर्षीय युवक का ईंटों से भरा ट्रैक्टर ट्राली हरियाणा के पानीपत में सड़क पर पलट गया ।ईटों के मलबे में दबने से चालक सचिन की मौके पर ही मौत हो गई। शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी देवेंद्र का 23 वर्षीय पुत्र सचिन अपने ट्रैक्टर ट्राली में ईट भरकर हरियाणा सहित आदि स्थानों पर किराए का कार्य करता था। सोमवार की देर शाम सचिन अपनी ट्रैक्टर,ट्राली में थाना क्षेत्र के किवाना ईंट भठे से ईंट भरकर हरियाणा के पानीपत में गया था परि. जनों के अनुसार पानीपत के भैंसवाल मार्ग पर अचानक से ट्रैक्टर ट्राली



अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से ईंट के मलबे में ट्रैक्टर चला रहा सचिन मलबे में दब गया। आसपास के लोगों ने रेस्क्यू अभियान चलाकर मलबे को हटाया और ईटों के नीचे दबे ट्रैक्टर चालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने मृतक घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया मंगलवार को शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## एक नजर

### सनातन धर्म सभा में संघ उत्सव एवं रक्षाबंधन कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सोमवार रात्रि को नगर मे सनातन धर्म सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संघ उत्सव रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नगर व आस-पास के अनेक स्वयंसेवक, गणमान्य नागरिक, व्यापारी व समाजसेवी शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ संघ गीत और प्रार्थना के साथ हुआ। तत्पश्चात राकेश काम्बोज जिला सामाजिक सद्भाव प्रमुख ने अपने बौद्धिक में रक्षाबंधन के महत्व और इसके राष्ट्रीय एवं सामाजिक आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का पवित्र त्योहार भर नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र, संस्कृति और समाज की रक्षा का संकल्प भी दिलाता है। भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में ऐसे पर्व समाज को एक सूत्र में पिरोते हैं और लोगों को कर्तव्यनिष्ठ बनने की प्रेरणा देते हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील गर्ग , व्यापार मंडल अध्यक्ष ने की। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का संदेश केवल व्यक्तिगत रिश्तों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमें अपने समाज, देश और संस्कृति की रक्षा के लिए भी प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक इस दिन परम पवित्र भगवा ध्वज को रक्षा सूत्र बांधते हैं, जो राष्ट्र के प्रति समर्पण और त्याग का प्रतीक है।विशेष अतिथि के रूप में कृष्ण कुमार , सह नगर संघचालक उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि भारत उत्सवों का देश है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इन उत्सवों को सामाजिक एकता और राष्ट्रनिर्माण के माध्यम के रूप में मनाता है। रक्षाबंधन के अवसर पर भगवा ध्वज को रक्षा सूत्र बांधना संघ की परंपरा का हिस्सा है, जो यह संदेश देता है कि हमें अपने धर्म, संस्कृति और मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान वातावरण राष्ट्रभक्ति के गीतों और उत्साह से गूंजता रहा। स्वयंसेवकों और उपस्थित जनों ने ध्वज को रक्षा सूत्र बांधकर समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

### वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई ने आयोजित किया सुंदरकांड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** प्राचीन मंदिर भगवान जगन्नाथ बाला जी धाम मे मंगलवार को अन्तराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई द्वारा आयोजित सुन्दर कांड मे संस्था की नगर अध्यक्ष रश्मि गर्ग ने कहा पुण्य कर्मों का अर्थ केवल वे कर्म नहीं जिनसे आपको लाभ होता हो अपितु वो कर्म हैं जिनसे दूसरों का भला भी होता है। पुन्य कर्मों का करने का उद्देश्य मरने के बाद स्वर्ग को प्राप्त करना ही नहीं अपितु जीते जी जीवन को स्वर्ग बनाना भी है। स्वयं से मित्रता करने का अर्थ है कि हम स्वयं को जानें और समझे फिर अपने उन दुर्गुणों, दुष्प्रवृतियों का त्याग करना भी सीखें जिन्होंने जीवन भर हमें दूसरों की नजरों से गिराए रखा और जिनकी वजह से हम किसी अपने के दिल में भी जगह न बना सके। आसक्ति में फंसा मनुष्य उसी प्रकार असहाय बन जाता है, जिस प्रकार एक छोटे से महावत के आगे विशालकाय हाथी और कोमल कमल पुष्प के अन्दर, बांस को भी भेदने की सामर्थ्य रखने वाला भंवरा।उन्होने कहा यह प्रकृति अगर देना जानती है तो अपने तरीके से वापस लेना भी अवश्य जानती है। इसलिए बंटकर खाना नहीं अपितु बांटकर खाना सीखो, यही तो मानव बनने की कसौटी भी है।जन्म भले ही कितनी ही प्रतिकूलताओं में हुआ हो लेकिन आपके सतत प्रयास और निरंतर कुछ श्रेष्ठ करने की चाह आपको सम्राट की पदवी पर आसीन कर देती है। अगर आपने कुछ श्रेष्ठ करने की ठान ली तो बड़ी से बड़ी बाधाएं भी आपसे परास्त होकर चली जाएंगी। इस अवसर पर शिल्पी अग्रवाल, दीपा तायल, कीर्ति, दीपिका अग्रवाल, पूजा जैन, सरोज रानी, शोभा रानी, नेहा गोयल, श्रुति तायल, आदि मौजूद रही।

### दुष्कर्म मामले में एक गिरफ्तार

**शामली।** थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में पीडिता के परिजन द्वारा 3.8.2025 को थाना कोतवाली शामली पर लिखित तहरीर दी गई थी। रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरुद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त अर्शदीप सिंह पुत्र सुक्खा सिंह उर्फ सुखविन्दर निवासी बस्ती मौहम्मद अली शाह थाना ममधोट जनपद फिरोजपुर पंजाब है।

### मादक पदार्थ तस्कर पकड़ा

**शामली।** रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारीध्बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा एक मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 137 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त सद्दाम उर्फ सद्दू पुत्र इनाम निवासी मौहल्ला कलन्दरशाह थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

### एनबीडब्ल्यू वारंटी पकड़ा

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना बाबरी पुलिस द्वारा वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त अमरेश पाल पुत्र सुक्कड़ उर्फ चतर सिंह निवासी ग्राम भाज्जू थाना बाबरी जनपद शामली है।

# एआईएमआईएम के नए पदाधिकारियों की घोषणा



**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव भैंसानी इस्लामपुर में मंगलवार को मास्टर कलीम के आवास पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन द्ध।प्डप्डत्र्न्न का एक विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पश्चिम प्रदेश के युवा अध्यक्ष एहतेशाम मंसूरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने पार्टी की नीतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि एआईएमआईएम देश में गरीब, मजलूम, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज के हक व अधिकार की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय की राह पर पार्टी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें। कार्यक्रम में युवा जिला अध्यक्ष शामली शाहनवाज राणा के साथ अकमल प्रधान, मास्टर अब्दुल गफ्फार, इस्तियाक प्रधान, हाजी शौकत, मास्टर राशिद, सनव्वर, मुरसलीन तथा मौलाना शहजाद द्धविधानसभा अध्यक्षॠ मौजूद रहे।इस मौके पर संगठन विस्तार के तहत कई पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इनमें युवा विधानसभा अध्यक्ष मुनव्वर, युवा ब्लॉक अध्यक्ष थानाभवन अशरफ, युवा ग्राम अध्यक्ष मुनव्वर भैंसानी, ग्राम उपाध्यक्ष मुकीम, ग्राम सचिव नाजिम राणा और ग्राम महासचिव खुशी मुहम्मद को मनोनीत किया गया।एहतेशाम मंसूरी ने कहा कि पार्टी बिना किसी भेदभाव के सबको समान अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले चुनाव में क्षेत्र के विकास के मुद्दों को प्राथमिकता देगी।

## दो अलग-अलग मामलों में अर्थदंड सुनाया

**शामली।** वर्ष 2003 में अभियुक्त फरजन्दा पुत्र इनायत अली निवासी ग्राम जिजौला थाना झिंझाना जनपद शामली के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। 12.8.2025 को न्यायालय सीजेएसड़ी/एसीजेएम शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए न्यायालय उठने तक की सजा व 2,000/- रूपए के अर्थदण्ड की सजा व अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2023 में अभियुक्त फरियाद पुत्र दीन मौहम्मद निवासी ग्राम कैलाशपुर थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर के विरुद्ध थाना कांधला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था । न्यायालय सीजेजेड़ी जेएम शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 2,000/- रूपए के अर्थदण्ड की सजा व अर्थदण्ड अदा न करने पर 5 दिवस कारावास का प्रावधान किया गया है ।

## चाकू के साथ गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आद. ेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिक. ारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना बाबरी पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त देव कुमार पुत्र विजयपाल उर्फ विज्जा निवासी ग्राम कैड़ी थाना बाबरी जनपद शामली है।

# किसान देवेन्द्र हत्याकांड की जांच की मांग

**कैराना।** एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर संचालित ग्रुप में दो माह पूर्व खेत पर हुई किसान देवेंद्र उर्फ देवी हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। व्यक्ति ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए हत्याकांड में निर्दोष लोगों को जेल भेजे जाने का आरोप लगाया है।

सोशल मीडिया साइट व्हाट्सएप पर संचालित परमार्थ समिति कैराना-2 नामक समूह में मुनीम मंस. ूरी नामक आईडी से टिप्पणी की गई है, जिसमें कहा गया है कि श्देवी गुज्जर कांड की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, दो माह से बेगुनाह जेल में है, आज तक उसका खुलासा नही हुआ।श युवक द्वारा उक्त टिप्पणी दो दिन पूर्व कस्बे के कांधला मार्ग पर आम के बाग में हुई युवक के हत्या के खुलासे को लेकर डाली गई पोस्ट पर की गई है। वहीं, युवक की टिप्पणी से किसान देवेन्द्र उर्फ देवी हत्याकांड का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आ गया है। युवक की टिप्पणी ने पुलिस की कार्यशैली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। हत्याकांड के खुलासे पर क्षेत्र में फिर से नई बहस छिड़ने की संभावना है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि हत्या की घटना में नामजद आरोपियों को जेल भेजा गया है। मामले की निष्पक्ष जांच की गई है। विदित रहे कि विगत नौ जून को रात्रि करीब साढ़े नौ बजे कस्बे के मोहल्ला आलकलां निवासी किसान देवेंद्र उर्फ देवी की बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने उस वक्त गोलियां बरसाकर हत्या कर दी थी, जब वह अपने खेत में चारपाई पर बैठा था। एसपी शामली रामसेवक गौतम ने हत्याकांड के खुलासे को एसओजी व सर्विलांस समेत पुलिस की चार टीमें लगाई थी। मृतक के पुत्र सुनील ने यूसुफ निवासी मोहल्ला रोड की जोहड़ी शामली, तनवीर निवासी मोहल्ला अंसारियान, मोहम्मद मौमीन निवासी मोहल्ला आलकलां व भूरा निवासी मोहल्ला दरबारखुर्द कस्बा कैराना के विरुद्ध स्थानीय कोतवाली पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस हत्याकांड में नामजद कराए गए मौमीन, भूरा व यूसुफ को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।

# ग्राम प्रधान नीरज पुंडीर ने निःशुल्क मेडिकल कैंप का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव हिरणवाड़ा में पार्क हॉस्पिटल के स्टाफ द्वारा निशुल्क चिकित्सा कैंप लगाया जिसका उद्घाटन ग्राम प्रधान नीरज पुंडीर ने किया।

थानाभवन क्षेत्र के ग्राम प्रधान नीरज पुंडीर ने गांव के प्राइमरी विद्यालय में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा कैंप आयोजित कराया जिसमें अंकित शर्मा जलालपुर ने भी अपनी अहम भूमिका निभाई।

मालूम हो कि पार्क हॉस्पिटल जाने माने सुपर मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटलों में जाने जाते हैं जिनकी कई बड़े नगरों में शाखाएं चल रही हैं।




पार्क हॉस्पिटल में बढ़िया प्रशिक्षित डॉक्टर्स का स्टाफ रहता है और यह हॉस्पिटल सेवानिवृत सैनिकों के ईसीएचएस के पैनल में भी आता है जिसमें रिटायर्ड सैनिकों और उनके परिवारों का इलाज भी होता है।ग्राम हिरणवाड़ा का यह मेडिकल कैंप पानीपत स्थित पार्क हॉस्पिटल के सीईओ सपना भांबरी और रिटायर्ड ब्रिगेडियर डॉ. यशपाल सिंह सोम की अध्यक्षता में लगाया गया।इस कैंप में बीपी, शुगर,आंखों की जांच, ईसीजी आदि की निशुल्क जांच की गई तथा जरूरत के हिसाब से निःशुल्क दवाइयां भी दी गई।

इस कैंप में हॉस्पिटल के जाने माने डॉ. गौरव पुनिया (हड्डी एवं घुटनों के विशेषज्ञ) और डॉ. लतीफ वाणी (जनरल फिजिशियन एवं सृजन) अपनी जांच टीम के साथ पहुंचे जिन्होंने गांव के सैकड़ों लोगों की जांच की और उन्होंने निःशुल्क दवाइयां भी दी।इस निशुल्क कैंप के आयोजन के लिए ग्रामवासियों ने ग्राम प्रधान नीरज पुंडीर एवं पार्क हॉस्पिटल की समस्त स्टाफ का आभार जताया।

# मुनिराज ने समझाए पांच प्रकार के कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को शहर के जैन धर्मशाला में विव्रत सागर मुनि. राज ने प्रवचन करते हुए पांच प्रकार के अंतराय कर्मों का वर्णन किया। दान अंतराय, भोग अंतराय, उपभोग अंतराय, लाभ अंतराय और वीर्य अंतराय। उन्होंने कहा कि ये वे कर्म हैं जो दूसरों के शुभ कार्यों या सुखों में बाधा डालने से उत्पन्न होते हैं।

यदि कोई व्यक्ति दान दे रहा हो और आप उसमें बाधा डालते हैं या उसे हतोत्साहित करते हैं, तो यह दान अंतराय कहलाता है। ऐसा करने से भविष्य में आपको स्वयं दान देने या शुभ कार्यों में सहयोग करने में बाधाएं आती हैं। किसी को सच्ची श्रद्धा से धर्म-प्रभावना के कार्य में दान देने से रोकना अपने लिए ही कर्म बांधना है। भोग वह वस्तु है जिसका एक बार



उपभोग किया जाता है।

जबकि उपभोग वह वस्तु है जिसका बार-बार उपयोग किया जाता है जैसे वस्त्र। यदि आप किसी को भोग या उपभोग की वस्तुओं को प्राप्त करने या उनका आनंद लेने से रोकते हैं, तो भविष्य में आपके पास वस्तुएं होने के बावजूद आप उनका आनंद नहीं ले पाएंगे। जैसे, एक धनी व्यक्ति को बीमारी के कारण कई चीजों का त्याग करना पड़ सकता है, जबकि उसका नौकर उनका आनंद लेता है। यह पूर्व में किए गए भोग और उपभोग अंतराय का परिणाम है। किसी व्यक्ति को होने वाले लाभ में बाधा डालना, विशेषकर संबंधों या विवाह जैसे मामलों में हस्तक्षेप करना, लाभ अंतराय कहलाता है। यह उपभोग अंतराय के अंतर्गत भी आता है क्योंकि स्त्री-पुरुष एक-दूसरे के लिए उपभोग के साधन माने जाते हैं। ऐसा करने से आपके स्वयं के या आपके बच्चों के रिश्तों में भविष्य में बाधाएं आती हैं, क्योंकि आपने पहले किसी और के लाभ में विघ्न डाला था।

यह संसार एक खाली गुंबज की तरह है, जहां आपके द्वारा डाली गई छोटी सी बाधा भी बड़े अंतराय का कारण बन जाती है। इस अवसर पर मुजफ्फरनगर से आए दीपक जैन संगीतकार ने अपने भजनों से सभी श्रद्धालुओं को मंत्रम मुग्ध कर दिया। आज की आहार विधि प्रदीप जैन, रेखा जैन बुलंदशहर वालों के परिवार में संपन्न हुई।

# जन्माष्टमी पर दुकानदारों को खरीदारी की उम्मीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जन्माष्टमी के अवसर पर कान्हा के शृंगार से बाजार सज गए हैं। कन्हैया की रंग बिरंगी पोशाक, बांसुरी, मुकुट, झूला आदि सामान भरपूर मात्रा में बाजारों में उपलब्ध है। इतना ही नहीं चांदी से बनी कान्हा की मूर्तियां भी ग्राहकों का मनमोह रही हैं। अहमदाबाद से कन्हैया के मुकुट मंगाए गए हैं तो दिल्ली और मुजफ्फरनगर से झूले आए हैं। वृंदावन से रंग बिरंगे, आकर्षक परिधान, पालने में झूलते हुए ठाकुर जी, मोतियों की मालाएं मंगाई गई हैं। हरियाली तीज और रक्षाबंधन पर्व के बाद कृष्ण जन्माष्टमी पर भी दुक. ानदारों को जमकर खरीदारी होने की उम्मीद हे।

आगामी 16 अगस्त को जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर ठाकुर



जी को नए परिधानों में सजाकर विधि विधान से पूजा अर्चना करने का विधान है। कृष्ण जन्माष्टमी पर ठाकुर जी के झूले, परिधान, मुकुट, बांसुरी की अच्छी खासी मांग और बिक्री होती है। जन्माष्टमी पर्व को लेकर शहर के बड़ा बाजार, गांधी चौक, नया बाजार, कबाडी बाजार, शिवचौक, माजरा रोड, हनुमान धाम, वीवी इंटर कालेज व हनुमान रोड, की दुकानों पर कान्हा के शृंगार के जरूरी सामान की बिक्री के लिए बाजार सज गए है। कन्हैया की रंग बिरंगी पोशाक, बांसुरी, मुकुट, झूला आदि सामान भरपूर मात्रा में बाजारों में उपलब्ध है। बाजारों में महिलाऐं जाकर जमकर खरीदारी कर रही है। बाजार में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर चांदी के 30- 40 ग्राम के लड्डू गोपाल साढे तीन से चार हजार रूपए तक में उपलब्ध है। चांदी का झूला 150- 200 ग्राम का 10 से 20 हजार रूपए तक बिक्री मूल्य है। मुकुट और बांसुरी एक हजार से लेकर 5000 रूपए तक है। सर्राफा व्यापारी रवि संगल ने बताया कि सोना- चांदी मंहगा होने से चांदी के लड्डू गोपाल की मांग कम हो रही है। चांदी के झूला- पालना की मांग घट गई है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान 17 करोड़ ने जियोहॉटस्टार पर लॉग इन किया

**मुंबई, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली गई सबसे यादगार टेस्ट श्रृंखला के समापन के साथ ही, 17 करोड़ से ज्यादा लोगों ने जियोहॉटस्टार पर लॉग इन किया, जिससे यह डिजिटल पर किसी भी टेस्ट श्रृंखला की अब तक की सबसे ज्यादा पहुंच बन गई। जैसे-जैसे श्रृंखला एक असाधारण और रोमांचकारी समापन की ओर बढ़ रही थी, ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच के पांचवें दिन जियोहॉटस्टार पर 1-3 करोड़ दर्शकों की अधिकतम संगामी पहुंच दर्ज की गई - जो डिजिटल पर किसी भी टेस्ट मैच की अब तक की सबसे ज्यादा संगामी पहुंच है। रोमांचक मुकाबलों और रोमांचक मोड़ों के साथ, इंग्लैंड-भारत सीरीज़ ने जियोहॉटस्टार पर 65 अरब मिनट के विशाल व्यू टाइम के साथ भारत का ध्यान खींचा।

### संभावित दो स्तरीय डब्ल्यूटीसी ने बढ़ाई विंडीज क्रिकेट की चिंता

**नई दिल्ली, वार्ता।** अगरआईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए दो स्तरीय प्रणाली (टू टियर सिस्टम) तय करती है तो वेस्टइंडीज शीर्ष स्तर की टीमों से बाहर हो सकती है क्योंकि डब्ल्यूटीसी के तीनों संस्करण में वेस्टइंडीज नौ टीमों में आठवें स्थान पर रही थी और मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में भी वेस्टइंडीज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीनों टेस्ट में हार मिली है। टू टियर सिस्टम की संभावना से वेस्टइंडीज क्रिकेट के हितधारक लचतित हैं और क्रिकेट वेस्टइंडीज़ (सीडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी क्रिस डेहलरग ने कहा है कि वेस्टइंडीज क्रिकेट के हितधारक इस संबंध में अपनी बात रखने की उम्मीद कर रहे हैं। रविवार और सोमवार को त्रिनिदाद में हुई सीडब्ल्यूआई की आपात बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबो. धित करते हुए डेहलरग ने कहा कि इस संबंध में हमें भूमिका अदा करनी होगी, हमें आईसीसी के समक्ष अपनी बात रखनी होगी।

### 64वां सुब्रतो कप 19 अगस्त से शुरू होगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रतिष्ठित सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का 64वां संस्करण 106 टीमों के साथ शुरू होगा, जो जूनियर ब्वायज, जूनियर गर्ल्स और सब-जूनियर ब्वायज - इन तीन वर्गों में शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट 19 अगस्त से 25 सितंबर तक नई दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में आयोजित होगा। इस संबंध में आधिकारिक घोषणा राजधानी में आकाश ऑफिसर मेस में आयोजित एक प्रेस कार्यक्रम में की गई, जिसमें एयर मार्शल एस शिवकुमार आदि उपस्थित थे।

# एशिया कपः भारत के लिए ओपनिंग पर सवाल

**अभी तक चार दावेदार सामने आए, सैमसन-यशस्वी और अभिषेक- गिल के बीच टक्कर**



**नई दिल्ली, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे की समाप्ती के बाद अब भारत का अगला असाइनमेंट एशिया कप है। इसकी शुरुआत नौ सितंबर से होगी और सारे मैच यूएई में खेले जाएंगे। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ ही करेगी।

इसके बाद शेडयूल के मुताबिक, टीम इंडिया 14 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगी। हालांकि, इस टूर्नामेंट से पहले चयनकर्ताओं के सामने असली चुनौती है। दरअसल, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल पिछले कुछ समय से टी-20 टीम का हिस्सा नहीं थे और अब अगर ये एशिया कप के लिए खुद को उपलब्ध बताते हैं तो चयनकर्ताओं के सामने ये चुनौती होगी कि ओपनिंग के लिए किसे चुना जाए। गिल और यशस्वी इंग्लैंड के खिलाफ इसी साल फरवरी में खेली गई पांच मैचों की टी-20 सीरीज का हिस्सा नहीं थे। गिल और यशस्वी, दोनों ने अपना-अपना पिछला टी-20 मुकाबला जुलाई 2024 में पल्लेकल में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। इसके बाद से किसी भी टी-20 सीरीज में ओपनिंग की जिम्मेदारी अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के कंधों पर रही है। जुलाई 2024 के बाद भारत ने बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज खेली हैं और अभिषेक और सैमसन पर ही ओपनिंग की जिम्मेदारी रही है। हालांकि, अगर गिल और यशस्वी वापसी करते हैं तो ओप. निंग किसे दी जाएगी, यह सबसे बड़ा सवाल है। सैमसन खुद भी बता चुके हैं कि उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज से पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव ने यह जिम्मेदारी निभाने को कहा था। हालांकि, तब सूर्यकुमार ने उन्हें सात मैचों की बात कही थी। यानी बांग्लादेश के खिलाफ तीन और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार मैच। इस सात मैचों में सैमसन ने तीन शतक जड़े थे और खुद को साबित किया था। वहीं, अभिषेक मौजूदा समय में टी-20 के नंबर एक बल्लेबाज हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में अपनी कई तूफानी पारियों से धमाल मचा दिया है। वहीं, गिल टेस्ट टीम के कप्तान हैं और यशस्वी विस्फोटक ओपनर हैं। ऐसे में अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति के सामने एक सही स्क्वाड चुनने की जिम्मेदारी होगी। सैमसन और अभिषेक ने हाल फिलहाल में खुद को साबित किया है और उनके आंकड़े इसकी गवाही देते हैं। सैमसन और अभिषेक को पिछले साल अक्टूबर से साथ ओपनिंग करने की जिम्मेदारी मिली और तब से भारत ने 12 में से 10 टी-20 जीते हैं। इसके अलावा सैमसन विकेटकीपर की अतिरिक्त भूमिका निभाते हैं, जबकि अभिषेक स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। सैमसन ने अब तक टी-20 में 42 मैचों में 152. 39 के स्ट्राइक रेट से 861 रन बनाए हैं। इनमें तीन शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। वहीं, अभिषेक ने 17 टी-20 मैचों में 193.85 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 535 रन बनाए हैं। इनमें दो शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। अगले साल टी-20 विश्व कप होना है और उसे देखते हुए इन दोनों की ओपनिंग जोड़ी को छेड़ना खतरे से खाली नहीं होगा।



● **कोहली का जलवा इंस्टग्राम पर बरकरार**

# विराट इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फालोअर्स वाले एशियाई एथलीट

### रोनाल्डो-मेसी और राक बस उनसे आगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश के दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली का जलवा सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर भी बना हुआ है। वह इंस्टा पर सबसे ज्यादा फालो किए जाने वाले एशियाई एथलीट हैं। वह शीर्ष-10 की लिस्ट में इकलौते क्रिकेटर और एशियाई हैं। इस लिस्ट में फुटबॉल खिलाड़ियों की भरमार है। कोहली के इंस्टा पर करीब 273 मिलियन यानी 27.3 करोड़ फालोअर्स हैं। वह इंस्टाग्राम पर ओवरआल सबसे ज्यादा फालो किए जाने वाले एथलीट्स में चौथे नंबर पर हैं। शीर्ष-दो पर दुनिया के दो महानतम फुटबॉलर्स में शुमार क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनल मेसी का बोलबाला है। रोनाल्डो पुर्तगाल फुटबॉल टीम के कप्तान हैं और फिलहाल सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल नस्र के लिए खेल रहे हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 662 मिलियन यानी 66.2 करोड़ फालोअर्स हैं। वहीं, अर्जेंटीना फुटबॉल टीम के कप्तान मेसी के इंस्टाग्राम पर 506 मिलियन यानी 50.6 करोड़ फालोअर्स की संख्या है। मेसी फिलहाल अमेरिकी मेजर लीग साकर में इंटर मियामी टीम का हिस्सा हैं। तीसरे नंबर पर श्द राकश के नाम से मशहूर रेसलर और एक्टर ड्वेन जानसन हैं। इंस्टाग्राम पर ड्वेन जानसन के फालोअर्स की संख्या 392 मिलियन यानी 39.2 करोड़ है। इसके बाद विराट कोहली का नंबर आता है।

**इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फालो किए जाने वाले एथलीट्स की लिस्ट**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | खेल | फालोअर्स |
|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रिस्टियानो रोनाल्डो | पुर्तगाल | फुटबॉल | 66.2 करोड़ |
| 2 | लियोनेल मेसी | अर्जेंटीना | फुटबॉल | 50.6 करोड़ |
| 3 | ड्वेन जानसन | अमेरिका | रेसलिंग | 39.2 करोड़ |
| 4 | विराट कोहली | भारत | क्रिकेट | 27.3 करोड़ |
| 5 | नेयमार जूनियर | ब्राजील | फुटबॉल | 23.1 करोड़ |
| 6 | किलियन एम्बाप्पे | फ्रांस | फुटबॉल | 12.5 करोड़ |

# बेहोश होकर गिरे इतावली ओरिएंटियरिंग एथलीट की मौत

**चेंगदू, वार्ता।** चेंगदू में 2025 विश्व खेलों में प्रतिस्पर्धा के दौरान बेहोश होकर गिर पड़े इतालवी ओरिएंटियरिंग एथलीट मटिया डेबर्टोलिस की मंगलवार को मौत हो गई। आयोजकों और उनके खेल के शासी निकाय ने इसकी पुष्टि की।

अंतर्राष्ट्रीय विश्व खेल संघ (आईडब्ल्यूजीए),चेंगदू 2025 विश्व खेलों की स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) और अंतर्राष्ट्रीय ओरिएंटियरिंग महासंघ (आईओएफ) ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए एक संयुक्त बयान जारी किया। बयान के अनुसार, डेबर्टोलिस शुक्रवार सुबह, 8 अगस्त को विश्व खेलों के 12वें संस्करण के तहत पुरुषों की मध्यम दूरी की ओरिएंटियलरग स्पर्धा के दौरान बेहोश पाए गए। घटनास्थल पर तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। बाद में उन्हें गहन चिकित्सा के लिए चीन के एक प्रमुख चिकित्सा संस्थान में स्थानांतरित कर दिया गया। निरंतर विशेषज्ञ चिकित्सा प्रयासों के बावजूद, मंगलवार को उनका निधन हो गया। बयान में कहा गया है कि वर्ल्ड गेम्स परिवार, एलओसी और आईओएफ इस त्रासदी से स्तब्ध हैं और एथलीट के परिवार, दोस्तों और पूरे ओरिएंटियरिंग समुदाय के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।

# एमएस धोनी की अर्जी पर सुनवाई

**मानहानि केस**



● **मद्रास हाईकोर्ट का आदेश, माही ने मीडिया हाउस पर 100 करोड़ का दावा किया था**

**चेन्नई, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी के 100 करोड़ रुपए मानहानि केस में मद्रास हाई कोर्ट ने सुनवाई करने के आदेश दिए हैं। धोनी का बयान एडवोकेट कमिश्नर के माध्यम से रिकार्ड किया जाएगा, ताकि भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति से बचा जा सके। धोनी ने 2014 में यह केस दर्ज किया था, जिसमें दो प्रमुख मीडिया चौनलों से हर्जाने की मांग की गई थी।

आरोप था कि 2013 के आईपीएल सट्टेबाजी घोटाले पर टीवी डिबेट के दौरान उनके खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणी की गई थी। एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त जस्टिस सीवी कार्तिकेयन ने एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया है, जो धोनी की ओर से सबूत और बयान दर्ज करेंगे। धोनी ने हलफनामे में कहा कि वे कोर्ट और कमिश्नर के निर्देशों का पालन करेंगे और चाहते हैं कि ट्रायल में देरी न हो। 2013 में हुई थी स्पाट फिक्सिंग आईपीएल 2013 में स्पाट फिक्सिंग हुई थी। पुलिस की जांच में बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के दामाद, टीम चेन्नई सुपर किंग्स के हेड गुरुनाथ मयप्पन और शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा जैसे बड़े नामों पर आरोप लगे थे। राजस्थान रॉयल्स के 3 खिलाड़ी एस. श्रीसंत, अंकित चव्हाण और अजीत चंदीला तो गिरफ्तार हो हुए थे। दोनों टीमों पर सवाल खड़े होने लगे।

हाईप्रोफाइल मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की तरफ से लोढ़ा कमेटी बनाई गई। साल 2015 में कमेटी की सिफारिश पर दोनों टीमों पर 2 साल का प्रतिबंध लगाया गया था। धोनी फिलहाल इंटरनेशल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और आईपीएल में सीएसके की ओर से खेलते हैं। धोनी ने 2004 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था।

# विभु ने डेफलम्पिक्स गोल्फ सेलेक्शन टायल्स में पहला स्थान हासिल किया

● **यूपी के हर्ष सिंह और चंडीगढ़ की जसतर सिंह बिलिंग ने क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया**

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** महाराष्ट्र के विभु त्यागी ने डेफलम्पिक्स सेलेक्शन ट्रॉयल्स 2025 में पुरुष प्रतिभागियों के बीच शीर्ष स्थान हासिल करते हुए विजेता का ताज पहना। ग्रेटर नोएडा के प्रतिष्ठित जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स में दो दिनों तक चले इस चुनौतीपूर्ण मुकाबले में त्यागी ने कुल 168 (24-ओवर पार) स्कोर करते हुए लीडरबोर्ड में पहला स्थान प्राप्त किया। यह मुकाबला अत्यधिक गर्मी, उमस और तेज हवाओं जैसी कठिन परिस्थितियों में खेला गया, जिसने खिलाड़ियों की सहनशक्ति और कौशल की कड़ी परीक्षा ली। इस चयन ट्रायल का आयोजन एआईएससीडी द्वारा भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) के मार्गदर्शन में किया गया था। 6 से 8 अगस्त, 2025 तक आयोजित इस आयोजन में छह समर्पित एथलीटों ने भाग लिया, जिनमें एक महिला खिलाड़ी भी शामिल थीं, जो भारत में श्रवण-बाधित खिलाड़ियों के लिए खेलों में बढ़ती समावेशिता को दर्शाता है। त्यागी के बाद उत्तर प्रदेश के हर्ष सिंह और चंडीगढ़ के जसतर सिंह बिलग ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। यह ट्रायल्स डेफलम्पिक्स 2025, टोक्यो के लिए भारत की गोल्फ टीम का चयन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। ट्रायल्स की शुरुआत आईजीयू के कोषाध्यक्ष संजीव रत्तन द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुई, जिनके साथ एआईएससीडी के चेयरमैन मोलहदर सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित किया और उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक सोमेश शर्मा और तकनीकी निद. ेशक (बैडलमटन) श्रीमती सोनू आनंद शर्मा भी उपस्थित रहीं। एआईएससीडी के चेयरमैन मोलहदर सिंह ने कहा कि चयन ट्रायल्स को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित किया गया। भले ही प्रतिभागियों की संख्या कम थी, लेकिन प्रतियोगिता बेहद कड़ी रही और सभी खिलाड़ियों ने दोनों राउंड्स में निरंतर प्रदर्शन किया। मैं भारतीय गोल्फ संघ को उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और विजेताओं सहित सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देता हूं। हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के शब्दों में, 'जो खेले, वो खिले', इन विशेष खिलाड़ियों को देश का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य मिला है और यह बहुत गर्व की बात है।

# भारत ने एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीते 27 पदक

● **10 दिवसीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ युवा प्रतिभाएं एक साथ आई**

**एशियाई अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025: भारतीय पदक विजेता**
**स्वर्ण पदक विजेता**-रितिका, **रजत पदक विजेता**-यात्री, प्रिया, नीरज, इशान, **कांस्य पदक विज. ता**-भावना , पार्थवी, प्रांजल, श्रुति, हर्ष, अंकुश, रॉकी, मयूर।

**एशियाई अंडर-19 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025: भारतीय पदक विजेता**
**स्वर्ण पदक विजेत**-निशा, मुस्कान, राहुल, **रजत पदक विजेत**-विनी, निशा, आरती, कृतिका, प्राची, मौसम, हेमंत, **कांस्य पदक विजेत**-यक्षिका, आकांक्षा, शिवम, गौरव।

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने बैंकॉक में आयोजित एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में विभिन्न आयु वर्गों में कुल 27 पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

ओलंपिक्सडॉटकॉम के अनुसार, रितिका ने सोमवार को बैंकॉक में महिलाओं के 80+ किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में भारत के अभियान का समापन किया। टीम ने विभिन्न आयु वर्गों में कुल 27 पदक जीते। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 10 दिवसीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ युवा प्रतिभाएं एक साथ आईं, जिसमें भारत की अंडर-19 टीम कुल मिलाकर दूसरे स्थान पर रही और अंडर-22 टीम चौथे स्थान पर रही। भारत ने 40 मुक्केबाजों का दल उतारा था।

प्रत्येक आयु वर्ग में बीस। अंडर-19 दल ने तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य सहित 14 पदक जीते, जबकि अंडर-22 मुक्केबाजों ने एक स्वर्ण, चार रजत और आठ कांस्य पदक जीते। अंतिम दिन के बारे में बताते हुए, विज्ञप्ति में कहा गया कि रितिका भारत की एकमात्र अंडर-22 चैंपियन बनकर उभरीं, जिन्होंने अंतिम दिन 80+ किग्रा के फाइनल में कजाकिस्तान की एस्सेल टोकटासिन को हराने के लिए दबाव में भी अपना संयम बनाए रखा। यात्री पटेल को महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान की खुमोराबोनू मामाजोनोवा से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि 60 किग्रा के फाइनल में प्रिया का पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की यू तियान के खिलाफ जोशीला मुकाबला 3-2 से हार के साथ समाप्त हुआ। बाद में, नीरज ने पुरुषों के 75 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में उज्बेकिस्तान के शावकटजोन बोल्ताएव से हारकर रजत पदक जीता। ईशान कटारिया ने भी 90+ किग्रा भार वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबले में उज्बेकिस्तान के खलीमजोन मामासोलिएव से हारकर रजत पदक जीता। विज्ञप्ति में आगे कहा गया कि इस साल की शुरुआत में, अंडर-15 और अंडर-17 टीमों ने एशियाई चैंपियनशिप में कुल मिलाकर 43 पदक जीते थे।

# हरमनप्रीत-मंधाना को विश्व कप जीतने का भरोसा

**8 टीमों वाला यह टूर्नामेंट 30 सितम्बर से भारत में शुरू होगा जहां भारत का पहला मैच श्रीलंका से होगा**



**मुंबई, वार्ता।** भारत की सीनियर जोड़ी हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना ने टीम के हालिया प्रदर्शन, सामूहिक आत्मविश्वास और हाल के समय में बदले हुए तैयारी के तरीकों पर भरोसा जताते हुए पहला वनडे विश्व कप जीतने की संभावना जताई है।

आठ टीमों वाला यह टूर्नामेंट 30 सितम्बर से भारत में शुरू होगा, जहां भारत का पहला मैच श्रीलंका से है। भारत पिछली बार 2022 के वनडे विश्व कप में सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच सका था। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2005 और 2017 में रहा है, जहां दोनों बार टीम उपविजेता थी। दोनों बार टीम की कप्तान मिताली राज थीं। इस बार भारतीय टीम घरेलू मैदान और हालिया फॉर्म के दम पर एक कदम आगे बढ़ने की उम्मीद कर रही है। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत ने मुंबई में विश्व कप के 50 दिन के काउंटडाउन आईसीसी इवेंट के दौरान कहा कि घरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा घस होता है और उम्मीद है कि इस बार हम 100प्रतिशत देंगे। हम उस रुकावट को समाप्त करने की को. शिश करेंगे, जिसका इंतजार सभी भारतीय प्रशंसक वर्षों कर रहे हैं। भारत इस साल वनडे में शानदार फॉर्म में रहा है और अब तक खेले गए 11 में से नौ मैच जीते हैं। इनमें आयरलैंड पर 3-0 की जीत, श्रीलंका में त्रिकोणीय सीरीज जीत और हाल में इंग्लैंड में 2-1 की सीरीज जीत शामिल हैं। वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड के खिलाफ जीत ने निश्चित ही घरेलू विश्व कप से पहले उनका आत्मविश्वास बढ़ाया होगा। अभी भारत का आत्मविश्वास कैसा है? इस सवाल के जवाब में हरमनप्रीत ने कहा कि सच कहूं तो बहुत ऊंचा है। पिछले कुछ साल में हमने जितना क्रिकेट खेला है, उसने हमें काफी आत्मविश्वास दिया है। जिस तरह हम पिछले कुछ साल से खेल रहे हैं, हम बस उसे जारी रखना चाहते हैं। मेरा मानना है कि यह सब हमारी मानसिकता और बेखौफ क्रिकेट पर निर्भर है, जो हम खेल रहे हैं। इंग्लैंड में वनडे सीरीज जीत से पहले टीम को वहां 3-2 से टी20 सीरीज में भी जीत मिली थी, जो इंग्लैंड में भारत की पहली टी20सीरीज जीत भी है। हरमनप्रीत ने कहा कि हम इंग्लैंड के नतीजों से हैरान नहीं थे क्योंकि हमें पता था कि हमने कैसी तैयारी की है। हमें पता था कि हम यह आसानी से कर सकते हैं। हमने इसके लिए बहुत मेहनत की थी, लेकिन साथ ही चीजों को बहुत सिंपल भी रखा था। हमें भरोसा था कि हम कोई भी सीरीज या टूर्नामेंट आसानी से जीत सकते हैं। हम सिर्फ इस पर बात कर रहे थे कि कैसे जीतना है, कैसे खुद को सुधारना है। हमारे लिए यह कोई बड़ी उपलब्धि नहीं थी बल्कि यह हमारी दिनचर्या का नतीजा था और हम इसे बार-बार करते रहना चाहते हैं। टीम की उपकप्तान मंधाना ने कहा कि टीम के हालिया फॉर्म का कारण मैदान से बाहर की तैयारियां भी हैं। उन्होंने कहा कि हम जो ट्रेलनग और मेहनत कर रहे हैं, उसका नतीजा मिल रहा है। उम्मीद है कि यह विश्व कप हमारे लिए बहुत खास होगा। इंग्लैंड में पिछले डेढ़ महीने में कई सही चीजें हुईं। मैदान से बाहर भी पूरी टीम का एकजुट रहना और हर दिन कड़ी मेहनत करना हमारे लिए बहुत अहम है।

# मो बोबाट लंदन स्पिरिट में क्रिकेट निदेशक नियुक्त



● **मो बोबाट क्रिकेट निदेशक की भूमिका में बेजोड़ विशेषज्ञता और दूरदर्शिता रखते हैः जूलियन**

**लंदन, वार्ता।** मो बोबाट को लंदन स्पिरिट में क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया गया है और वे 1 अक्टूबर, 2025 से यह पदभार ग्रहण करेंगे। इंग्लैंड के पूर्व पुरुष टीम के प्रदर्शन निदेशक और आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के वर्तमान क्रिकेट निदेशक, फ्रेंचाइजी की 2026 सीजन की तैयारी के लिए पहली बड़ी नियुक्ति हैं।

बोबाट का आगमन ऐसे समय में हुआ है जब स्पिरिट एक नए स्वामित्व युग में प्रवेश कर रहा है, जिसमें एमसीसी के पास टीम में 51: हिस्सेदारी है और अमेरिका स्थित तकनीकी निवेश समूह टेक टाइटन्स के पास शेष 49प्रतिशत हिस्सेदारी है। ईसीबी ने हाल ही में पुष्टि की है कि सभी आठ हंड्रेड टीमें निजी स्वामित्व में चलेंगी। इस बीच, लंदन स्पिरिट नए ढांचे के तहत अपना नाम बरक. रार रखेगी, और 2026 की शुरुआत में इसका नया ब्रांडिंग करने की योजना है। अपनी नई भूमिका के बारे में बात करते हुए, बोबाट ने कहा कि ऐसे रोमांचक समय में लंदन स्पिरिट में शामिल होना सम्मान की बात है।

एमसीसी और हमारे नए साझेदारों, टेक टाइटन्स के साथ काम करते हुए, इस फेंचाइजी के क्रिकेट भविष्य को आकार देने का अवसर अविश्वसनीय रूप से रोमांचक है। मैं मैदान के अंदर और बाहर कुछ खास बनाने के लिए उत्सुक हूं। लंदन स्पिरिट के अध्यक्ष जूलियन मेथेरेल ने कहा कि आज लंदन स्पिरिट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। मो बोबाट क्रिकेट निदेशक की भूमिका में बेजोड़ विशेषज्ञता और दूरदर्शिता लेकर आते हैं, और हमें उनका स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

साथ ही, लंदन स्पिरिट नाम को बरकरार रखना उस पहचान में हमारे विश्वास को दर्शाता है जो हमने बनाई है - एक ऐसी पहचान जो राजधानी, हमारे प्रशंसकों और हमारे मूल्यों के साथ प्रतिध्वनित होती है। अब हम नई ऊर्जा और स्पष्ट उद्देश्य के साथ एक नए युग की ओर देख रहे हैं।

# सम्पादकीय

बुधवार, 13 अगस्त 2025

## मुनीर की धमकी

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी पाकिस्तान ने कोई सबक नहीं सीखा। वह बराबर उकसावे वाली कार्रवाई कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नजरिया जिस तरह पाकिस्तान के प्रति पिछले कुछ दिनों में दिखाई दिया है विशेषकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद से। बहुत संभव है उसने भी पाकिस्तान के दिमागी संतुलन को बिगाड़ने का काम किया हो। इस समय पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर अमेरिकी दौरे पर हैं। यह पिछले दो महीनों में उनका दूसरा अमेरिकी दौरा है। जाहिर है, अमेरिका की इस तरह आवभगत से वह गदगद होंगे ही और होते भी दिखाई दे रहे हैं।

उन्होंने फ्लोरिडा के टाम्पा में पाक प्रवासियों को जिस अंदाज में संबोधित किया, वह उनकी उद्दंडता ही कही जाएगी। मुनीर का कहना था कि अगर पाकिस्तान के अस्तित्व पर किसी तरह की आंच आती है, तो वह उसका मुंहतोड़ जवाब तो देगा ही, साथ ही वह परमाणु हमला करने से भी नहीं हिचकेगा। उन्होंने सीधे तौर से भारत को यह भी कहकर धमकी दी कि अगर भारत ने पाक की ओर जल प्रवाह को बाधित किया तो इस्लामाबाद भारतीय बुनियादी ढांचे को नष्ट कर देगा। अब तो खबर यह भी आ रही है कि पाकिस्तान में भारतीय राजनयिकों को परेशान किया जा रहा है। हद तो यह है कि भारतीय राजनयिकों के घरों में गैस सप्लाई तक बंद कर दी गई है। कहा तो यह भी जा रहा है कि स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को निर्देश दिए गए हैं कि भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें।

हालांकि भारत ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए दिल्ली में तैनात पाक राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है। ध्यान देने वाली बात यह भी है कि 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में भारत की एयरस्ट्राइक के बाद भी पाक अधिकारियों ने भारतीय राजनयिकों को इसी तरह परेशान किया था। यह सीधे तौर से वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशन्स 1961 का उल्लंघन है। कन्वेंशन का आर्टिकल 25 कहता है कि मेजबान देश को डिप्लोमैटिक मिशन के सुचारू काम के लिए सभी सुविधाएं देनी होती हैं। निश्चित रूप से पाक में आए एकाएक बदलाव से यह संदेह पैदा होता है कि इसके पीछे अमेरिका अपनी चालें चल रहा है। यह कोई मामूली बात नहीं है कि कोई किसी देश की धरती से किसी अन्य देश को ललकारे और मेजबान देश होने के नाते वह कोई आपत्ति दर्ज न करे। आखिर अमेरिका की धरती से कोई भारत जैसे देश को ललकारे यह उसकी सहमति के बिना कैसे संभव हो सकता है। यूं भी अमेरिका का रुख जिस तरह भारत के प्रति टैरिफ वह अन्य आवर्जन जैसे मामलों को लेकर रहा है, उससे भी यही संदेह गहराता है कि पाक को उकसाया जा रहा है और पाकिस्तान अमेरिका की निकटता पाने के चक्कर में वह भारत जैसे बड़े पड़ोसी से टकराव के रास्ते की तरफ जा रहा है। बिना सोचे-समझे यह रास्ता उसके लिए विनाशकारी हो सकता है। निसंदेह यह समय भारत की राजनीति व कूटनीति के लिए बेहद परीक्षा की घड़ी है और ऐसे में बेहद सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।

### गाजा में नरसंहार पर भारत सरकार चुप क्यों



इजरायल ने गाजा में 60 हजार से ज्यादा लोगों की हत्या की है, गाजा में हुई हत्याओं की कड़ी निंदा की जानी चाहिए, जिनमें 18,430 बच्चे शामिल हैं, भारत सरकार फलस्तीनी लोगों की पीड़ा पर चुप है, जबकि इजरायल नागरिकों पर तबाही बरपा रहा है, गाजा में सैकड़ों लोगों की मौत भूख से हुई है और लाखों लोग भुखमरी के खतरे में हैं, गाजा में अल जजीरा के पांच पत्रकारों की टारगेट किलिंग भी एक जघन्य अपराध है, ऐसे हालात में चुप्पी के जरिये ऐसे अपराधों को बढ़ावा देना भी अपराध है, भारत सरकार तब भी चुप है, जब इजरायल फलस्तीन के लोगों पर कहर बरपा रहा है।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा**
**कांग्रेस महासचिव**

## गायब होती नौकाओं व लुप्त होते विमान का कारण है बरमूडा ट्रायंगल



बर्मुडा ट्रायंगल यह नाम सुनते ही दिमाग में रहस्य, गायब होती नौकाएं और विमान, और समुद्र के नीचे छुपे अनजाने खतरों की तस्वीरें उभर आती हैं। राजनैतिक नक्शे पर यह कोई आधिकारिक क्षेत्र नहीं है, पर लोकप्रिय संस्कृति ने अटलांटिक महासागर के उस हिस्से को जो मियामी, बरमूडा और प्यूर्टो रिको के बीच बनता है। एक किस्म की रहस्यमई काली छाया बना दी है। कई दशकों से पथिकों, वैज्ञानिकों, पत्रकारों और कथाकारों ने यहां हुई गुमशुदगियों को जोड़कर एक बड़ी कहानी रची है पर क्या यह कहानी वास्तविक घटनाओं पर आधारित है, या वह केवल अफवाहों, त्रुटिपूर्ण आंकड़ों और मानव कथानक की देन है? इतिहास, साक्ष्य और आधुनिक वैज्ञानिकता की रोशनी में इसे समझने का प्रयास यहां प्रस्तुत है।

बर्मुडा ट्रायंगल का रहस्य मुख्यतः कुछ मशहूर घटनाओं से आबाद हुआ। सबसे चर्चित घटनाओं में 1918 में गायब हुई यूएसएस साइक्लॉप्स और 1945 के फ्लाइट 19 का मामिला आता है। पांच प्रशिक्षण बमवर्षक विमान जो सम्पर्क खोने के बाद कहीं गायब हो गए थे। इन घटनाओं ने समाचार पत्रों और बाद में पुस्तकों व टीवी फिल्मों के लिए विषय बनाया और लोगों में भय व जिज्ञासा को हवा दी। इन मामलों के चारों ओर समय के साथ अनेक किस्से और संभावित स्पष्टीकरण जुड़ते गए। जर्मन उपमर्झ U-boat हमले से लेकर समुद्री विशालकाय जीवों और अलौकिक शक्तियों तक। पर जब ऐतिहासिक अभिलेखों और आधिकारिक जांचों को देखा जाता है तो कई सुराग साधारण और तर्कसंगत कारणों की ओर इंगित करते हैं जैसे खराब मौसम, नेविगेशन त्रुटियां, लोडिंग त्रुटि, या तकनीकी खराबी।

रहस्य को बढ़ाने में असल में सबसे बड़ा योगदान मिला उस मीडिया-युग ने, जिसमें सन 1950-60 के दशक से लेखक और पत्रकारों ने व्यक्तिगत कहानियों और भौ-डरावनी व्याख्याओं को जोर-शोर से पेश किया। 1960 के दशक में प्रकाशित कुछ लेखों और किताबों ने घटनाओं को जोड़कर एक ऐसा ढांचा बनाया, जिसमें अनुशासित आंकड़ों का स्थान कम और रोमांचक दावे अधिक दिखे। इन संस्मरणों और रिपोर्टों ने त्रिकोण को एक मिथकीय स्थान बना दिया। जहां प्राकृतिक घटनाओं को कभी-कभी अतिशयोक्ति के साथ जोड़ा गया। इस प्रक्रिया में छोटे-छोटे हादसों, जिनके पीछे सामान्य कारण होते हैं, को भी असाधारण बताया गया।

वैज्ञानिक और तकनीकी स्तर पर भी कई संभावित व्याख्याएं दी गईं। इनमें से एक चर्चित सिद्धांत है समुद्र के तल से निकलने वाले मेथेन गैस के बुलबुले जो बड़े पैमाने पर पानी की सतह पर आएं तो पानी की घनत्व घटने से जहाज के डूबने जैसी घटना पैदा कर सकते हैं। कुछ शोध उदाहरण के तौर पर आर्कटिक में पाए गए गैस क्रेटर्स को उद्धृत करते हैं कि अचानक निकलने वाले गैस के बुलबुले जलयान के लिए खतरनाक हो सकते हैं पर यह स्पष्टीकरण कुछ सीमाओं के साथ आता है। ऐसी घटनाओं के प्रमाण जहां मेथेन बुलबुले ने बड़े जहाजों को अचानक डुबो दिया हो, अपेक्षाकृत कम दर्ज होते हैं और वे बर्मुडा क्षेत्र से सीधे जुड़े ठोस सबूत नहीं देते। इसी तरह अनुमान लगाए गए हैं कि अचानक बन जाने वाली विशाल लहरें, अरक्टिक और नॉर्थ अटलांटिक में आने वाली शक्तिशाली समुद्री तूफान-प्रवृत्तियां, तथा गलती से हुए नेविगेशन और मानवीय भूलें भी इन गुमशुदगियों के कारण बने होंगे।

सरकारी और विशेषज्ञ संस्थाएं भी इस विषय पर आईं और उनकी टिप्पणियां इस प्रकार रही। अमेरिकन नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन तथा यूएस नेवी ने बार-बार कहा है कि बर्मुडा ट्रायंगल में जहाजों और विमानों के गायब होने की सामान्य दर किसी भी अन्य बड़े समुद्री इलाके से अधिक नहीं है। मौसम, समुद्री धाराएं जैसे गल्फ स्ट्रीम, मानवीय भूल और सामान्य समुद्री खतरों को मुख्य कारण माना जाना चाहिए। विशेषज्ञों का तर्क है कि जब भी कोई समुद्री दुर्घटना होती है तो मनुष्य रहस्यमय व्याख्याओं की ओर आकर्षित होता है और यह आकर्षण समय के साथ मिथक का रूप ले लेता है। हालांकि कुछ मैडिकल और भौ-गर्भीय सिद्धांत रोचक हैं, पर उनका प्रमाणिक समर्थन सीमित और परिस्थितिजन्य है।

बीसवीं सदी के मध्य से पहले भी इसी अटलांटिक क्षेत्र में कई जहाज और हवाई-जहाज लापता हुए, पर उस समय सूचना प्रसार सीमित था और रिपोर्टें अक्सर अधूरी थीं। उदाहरण के लिए यूएसएस साइक्लॉप्स एक बड़ा ईंधन-वाहक था जो 1918 में लाखों टन माल लेकर गायब हुआ। उस समय युद्ध के माहौल और सीमित रेडियो सम्पर्क ने खोज-खबर को कठिन बना दिया। फ्लाइट 19 की घटना भी उसी प्रकार की त्रासदियों में गिनी जाती है। समुद्र में उड़ान भरते हुए नेविगेशन गलती, दिन-रात और मौसम का मिश्रण, साथ ही प्रशिक्षण के दौरान अनुभवी पुरोहितों की अनुपस्थिति, यह सब मिलकर एक बड़ा फलक प्रस्तुत करते हैं। ऐसे कई केसों में आज भी कंक्रीट सबूत नहीं मिला, पर मौलिक कारणों का दायरा काफी हद तक साधारण प्राकृतिक और मानवीय कारणों में आ जाता है।

बीमा और आर्थिक दृष्टि से भी इस क्षेत्र का अध्ययन रोचक है। कई लोगों का तर्क है कि अगर बर्मुडा ट्रायंगल सच में विशेष खतरों का केंद्र होता, तो बीमा प्रीमियम अन्य समुद्री मार्गों से भिन्न होते। लॉयस ऑफ लंदन जैसे बीमा बाजारों के वक्तव्यों से यह पता चलता है कि बीमा कंपनियां इस क्षेत्र को सामान्य समुद्री रास्तों के समान ही मानती हैं यानी खास ऊंची प्रीमियमों या अलग तरह के जोखिम मूल्यांकन का समर्थन नहीं मिलता। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि छोटे निजी नौकाओं या विमानों के खोने की रिपोर्टें अक्सर आधिकारिक आंकड़ों में आए बिना ही फैल जाती हैं, जिससे गलत अनुमान लगना आसान हो जाता है।

जहां तक सांख्यिकी की बात है, कई स्वतंत्र विश्लेषणों ने दर्शाया है कि यदि आप समान अवधि और यातायात वाले किसी भी अन्य बड़े समुद्री भाग की तुलना करें तो बर्मुडा ट्रायंगल की घटनाओं की संख्या अप्रत्याशित रूप से अधिक नहीं है। शब्द-निर्माता और पत्रकारों द्वारा चुने गए कुछ मामलों की सूची को जोड़कर एक विशेष पैटर्न दिखाया गया है, पर समग्र आंकड़ों में वह अनिवार्यता नहीं मिलती जो इस स्थान को विशेष खतरनाक घोषित करे। इसके अलावा, समुद्री इतिहास की जांच में अक्सर पता चलता है कि प्रारम्भिक रिपोर्टें अतिरंजित होती हैं, या बाद में पुष्ट होती-नहीं-हुई सूचनाओं पर आधारित होती हैं। साइंस-ड्रिवन स्पष्टीकरणों में से एक और प्रेरक विचार है चुंबकीय विचलन के सिद्धांत का। पुराने जमाने के द्वारा बनाई गई कुछ मानचित्रों और नेविगेशन माध्यमों के आधार पर यह धारणा बनी कि यहां कंपास अनियमित रूप से चलता है और नेविगेशन गलती का कारण बनता है। आधुनिक नेविगेशन टेक्नॉलॉजी जैसे GPS और उन्नत इनर्शियल नेविगेशन ने इस दावे को कमजोर कर दिया है। वास्तविकता यह है कि पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र स्थान-विशेष पर कुछ भिन्न होता है, पर उसके कारण विमान या जहाजों का स्वतः ही लापता होना सिद्ध नहीं होता। सामान्यतः नेविगेशन त्रुटियां मानव निर्णय और उपकरणों की सीमाओं से जुड़ी रहती हैं न कि किसी एक रहस्यमई चुंबकीय जाम से। बर्मुडा ट्रायंगल का प्रभाव सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक भी रहा है। किताबें, डॉक्युमेंट्री, फिल्मों और टीवी शोज ने इस क्षेत्र को रहस्य और रोमांच का पर्याय बना दिया। लोग अज्ञात पर आकर्षित होते हैं और ऐसी कहानियां जिनमें विज्ञान-सीमाएं लांघती हैं, आसानी से व्याप्त हो जाती हैं। साथ ही, रहस्यवाद के चाहने वालों और षड्यंत्र सिद्धांतकारों ने अलौकिक, विदेशी या गुप्त सैन्य तकनीक तक की व्याख्याएं दीं, जो मनोरंजक होने के साथ-साथ अक्सर प्रमाणों से दूर होती हैं। इन कथाओं का समाज पर प्रभाव यह है कि वे वास्तविक समुद्री खतरों और सुरक्षा उपायों पर ध्यान कम कर देती हैं जबकि भय और किवदंती को बढ़ावा देती हैं। विज्ञान और इतिहास की कसौटी पर यदि निष्पक्ष निर्णय लें तो बर्मुडा ट्रायंगल को एक यथार्थवादी अलौकिक काले छेद के रूप में मानने का कोई ठोस कारण नहीं मिलता। साक्ष्य बताते हैं कि अधिकतर दुर्घटनाएं प्राकृतिक कारणों, खराब मौसम, मानवीय भूल, नौवहन में त्रुटियां और कभी-कभी तकनीकी विफलताओं की वजह से हुई हैं।

कुछ घटनाएं आज भी अनसुलझी हैं, पर अनसुलझापन का अर्थ यह नहीं कि किन्हीं अलौकिक तत्वों को बुलाना चाहिए। कई बार साक्ष्य न होने का मतलब सिर्फ इतनी देर तक कमीशन की जांच और रख-रखाव के अभाव की स्थितियां भी हो सकती हैं। विशेषज्ञों द्वारा की गई विस्तृत जांच यह संकेत करते हैं कि बर्मूडा त्रिकोण का रहस्य किसी नए भौतिक नियम या अज्ञात शक्ति का प्रमाण नहीं देता।

## आत्मरक्षा के लिए मौत का स्वांग

**भेड़िया सांप (लाइकोडॉन औलिकस) कोल्यूब्रिडी कुल का सदस्य है। इसका नाम संभवतः इसके दांतों के कारण पड़ा है। यह सांप अपने आसपास खतरा होने पर शरीर को कुंडलित कर लेता है और मरे समान हो जाता है। इस स्थिति में हिलाने-डुलाने पर भी यह कोई विरोध या हरकत नहीं करता।**

जीवों में अपनी सुरक्षा के लिए कई प्रकार के व्यवहार देखे जाते हैं। यह परिस्थिति और खतरे के प्रकार पर निर्भर करता है कि किस प्रकार का व्यवहार अपनाना उन्हें अपने प्रतिद्वंदी से सुरक्षा दे सकता है। कई बार सुरक्षा के लिए नकलपट्टी का सहारा लिया जाता है जिसमें जीव किसी अन्य जीव, पत्ती, पेड़ की छाल या लकड़ी जैसा रूप धर लेते हैं। या कुछ जीवों में यह व्यवहार सुरक्षात्मक आवरण के रूप में हो सकता हैय वे अपने शरीर को एक आवरण या खोल से ढंक लेते हैं, जैसे तितलियां ककून बनाकर।

वहीं, कुछ जीवों द्वारा अपने शरीर से कुछ ऐसे रसायनों का स्राव किया जाता है, जो उनके परिवेश में घुल-मिल जाएं और शिकारी जीवों से उनकी रक्षा हो सके, लेकिन कभी-कभी सुरक्षा से ज्यादा प्रतिद्वंद्वी को चेतावनी देना भी एक कारगर तरीका हो सकता है। इसमें मुख्यतः अपने प्रतिद्वंदी से अपने क्षेत्र की रक्षा करना या अपने आप को अधिक शक्तिशाली दिखाना हो सकता है। मौत का स्वांग करना भी रक्षात्मक व्यवहार का एक रूप है, जिसमें कोई जीव मृत अवस्था की तरह जड़ हो जाता है ताकि शिकारी को चकमा देकर उससे बचा जा सके। मृत्यु का स्वांग की यह रणनीति जंतुओं के विभिन्न समूहों में देखी गई है, जिनमें स्तनधारी, पक्षी, मछलियां शामिल हैं। खरगोशों, सरीसृप, उभयचर और आर्थोपोड में यह व्यवहार थेनेटोसिस लंबे समय से ज्ञात है। कुछ भारतीय सांपों, जैसे लाइकोडॉन औलिकस, जेनोक्रोफिस पिस्केटर, कोलोग्नाथस रेडियाटस और लाइकोडॉन कैपुसिनस में भी मृत होने का व्यवहार देखा गया है।



खतरा होने पर मरने का स्वांग करना एक अच्छा सुरक्षा उपाय हो सकता है, लेकिन कई मामलों में यह भी देखा गया है कि शिकार होने वाले जीवों के अलावा शिकारी जीव भी इस रणनीति को अपनाते हैं ताकि अपना शिकार आसानी से पकड़ सकें। हाल के वर्षों में कुछ सांपो में यह व्यवहार देखा गया है।

भेड़िया सांप (लाइकोडॉन औलिकस) कोल्यूब्रिडी कुल का सदस्य है। इसका नाम संभवतः इसके दांतों के कारण पड़ा है। यह सांप अपने आसपास खतरा होने पर शरीर को कुंडलित कर लेता है और मरे समान हो जाता है। इस स्थिति में हिलाने-डुलाने पर भी यह कोई विरोध या हरकत नहीं करता।

एक अध्ययन के दौरान जब यह देखने की कोशिश की गई कि मृत समान जड़ स्थिति में यदि इसे अकेला छोड़ दिया जाए तो वह कितने समय तक जड़ बना रहता है। देखा गया कि वह अपने इस व्यवहार में पहले परिवेश को भांपता है। यदि परिस्थिति सामान्य होते दिखती है तो लगभग दो से तीन मिनट बाद वह अपने सिर को मूल स्थिति में वापस ले आता है और जीवित दिखने लगता है। यह सांप शिकारी जीवों या मनुष्यों से सामना होने पर तो यह रणनीति अपनाता ही है, जिसमें शिकारी इसे मरा हुआ समझकर छोड़ देता है, लेकिन कई बार भेड़िया सांप ऐसा करके शिकार को धोखे से पकड़ने का काम भी करता है। मरा जानकर शिकार इसके पास आ सकते हैं, और ऐसे में शिकार को पकड़ने में कम मेहनत और ऊर्जा खर्च होती है।

**...मनोहर पवार**
**(स्रोत फीचर्स)**

## जीते जी और मौत के बाद भी जीवन बांटने का संकल्प

**वर्ल्ड ऑर्गन डोनेशन डे पर विशेष**




श्वेता गोयल

अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने, अंगदाताओं और लाभार्थियों को सम्मानित करने तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को अंगदाता के रूप में पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 13 अगस्त को 'विश्व अंगदान दिवस' मनाया जाता है। अंगदान करना किसी को नया जीवन देने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक माना जाता है। यह दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों में अंगदान की आवश्यकता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ लोगों को मृत्यु के बाद अंगदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

विश्व अंगदान दिवस की शुरुआत 1954 में प्रथम सफल अंग प्रत्यारोपण के सम्मान में तथा अंगदान के जीवनरक्षक प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई थी। माना जाता है कि दुनिया में पहली बार अंगदान वर्ष 1954 में किया गया था। उस समय रोनाल्ड ली हेरिक ने अपने भाई को अपनी एक किडनी दान कर उसे नया जीवनदान दिया था। वहीं, डा. जोसेफ मरे ने पहली बार किडनी ट्रांसप्लांट किया था। इस मानवीय कार्य हेतु वर्ष 1990 में डा. जोसेफ मरे को फिजियोलॉजी में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

अंगदान ऐसे व्यक्ति को अंग के रूप में दिया जाने वाला अनमोल जीवनदाई उपहार है, जिसके किसी अंग की बीमारी अंतिम अवस्था में हो और जिसे ट्रांसप्लांट (प्रत्यारोपण) की जरूरत हो। जो व्यक्ति अपना अंगदान करता है, उसे ऑर्गन डोनर कहा जाता है जबकि अंग पाने वाले व्यक्ति को रेसिपिएंट कहा जाता है। अधिकांश मामलों में अंगदान रेसिपिएंट की जान बचाने में अहम भूमिका निभाता है। यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह समुदायों को अंग दाताओं की तत्काल आवश्यकता के बारे में शिक्षित करने के साथ दान प्रक्रिया के बारे में मिथकों और गलत धारणाओं को दूर करता है, जीवन बचाने के लिए अंग दाताओं की महत्वपूर्ण आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाता है और विश्व में अंगों की कमी के जवाब में अंगदान को एक संस्कृति के रूप में प्रोत्साहित करता है। यह एक ऐसी वैश्विक पहल है, जो जीवन बचाने, समझ को बढ़ावा देने और एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए समर्पित है, जहां अंगदान के माध्यम से सार्वभौमिक रूप से जीवन का उपहार अपनाया जाता है। दरअसल मृत्यु उपरांत व्यक्ति के स्वस्थ अंगों से कई लोगों को अभयदान प्राप्त होता है।

अंगदानकर्ता किसी भी उम्र और पृष्ठभूमि के व्यक्ति हो सकते हैं। हालांकि अंगदान करने की पात्रता मृत्यु के समय या कुछ मामलों में किडनी अथवा आंशिक लीवर जैसे विशिष्ट अंगों के लिए जीवित रहते हुए निर्धारित की जाती है। अंग दाता बनने के लिए कोई भी व्यक्ति अपने राज्य अथवा राष्ट्रीय अंग दाता रजिस्ट्री के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करा सकता है, अपने ड्राइविंग लाइसेंस पर अपनी इच्छा दर्शा सकता है या अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने निर्णय पर



चर्चा कर सकता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उसकी इच्छाओं को जानकर उनका सम्मान किया जाए। आंख और टिश्यू की मदद से एक अंग दाता करीब 7 लोगों की जान बचा सकता है। इस प्रक्रिया के लिए अंग दाता को जीते जी अंगदान की साइट पर रजिस्टर करना होता है ताकि मृत्यु के बाद परिवारजन उसके अंगों और ऊतकों को दान करने की सहमति दे सकें। डोनर से रेसिपिएंट में मानव के कई अंगों और ऊतकों का प्रत्यारोपण किया जा सकता है, जिनमें लिवर, किडनी, पैंक्रियाज, दिल, फेफड़ा, आंत, कॉर्निया, बोन मैरो और स्किन, यूट्रस, बोन, मसल्स, नर्व्स और कनेक्टिव टिश्यूज जैसे वैस्कुलराइज्ड कम्पोजिट एलोग्राफ्ट्स आदि शामिल हैं।

वैसे अंगदान को दो महत्वपूर्ण प्रकारों में विभाजित किया गया है, जीवित दाता और शव दाता। शव दानकर्ता गुर्दे, जिगर, फेफड़े, दिल, अग्नाशय, आंत, हाथ और चेहरा दान दे सकते हैं जबकि जीवित दाता अपना एक गुर्दा, एक फेफड़ा, यकृत का एक भाग, अग्नाशय का एक हिस्सा, आंत का एक हिस्सा, कॉर्निया दे सकते हैं। जब कोई जीवित व्यक्ति अपना कोई अंग या अंग का कोई हिस्सा दान करता है तो उसे जीवित दान कहा जाता है। जीवित दान के सबसे आम उदाहरणों में किडनी दान, लिवर दान, रक्त दान आदि शामिल हैं। कोई व्यक्ति अंगदान तभी कर सकता है, जब वह चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ हो और उसका रक्त समूह तथा ऊतक उस व्यक्ति से मेल खाते हों, जिसे प्रत्यारोपण की आवश्यकता है। दूसरी ओर, जब किसी व्यक्ति के अंगों को उसकी मृत्यु के बाद दान किया जाता है तो इसे शव या रोगग्रस्त दान कहा जाता है। ऐसे मामलों में अंगों को जल्द से जल्द निकाल दिया जाना चाहिए।

जो व्यक्ति अपनी मृत्यु के बाद अंगदान करना चाहता है, उसे अंगदान के लिए पंजीकरण कराना होता है। किसी अंग दाता की मृत्यु कैसे होती है, यह भी यह तय करने में एक महत्वपूर्ण कारक है कि उसके कौन से अंगदान किए जा सकते हैं। डॉक्टरों के अनुसार मस्तिष्क मृत्यु की स्थिति में हृदय, फेफड़े, अग्नाशय, गुर्दा, यकृत इत्यादि सभी महत्वपूर्ण अंगों का दान किया जा सकता है। प्राकृतिक मृत्यु की स्थिति में कॉर्निया, अस्थि मज्जा, हृदय वाल्व आदि केवल ऊतक दान ही संभव है क्योंकि मृत्यु के बाद ऑक्सीजन की आपूर्ति की कमी के कारण महत्वपूर्ण अंग मर जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक किसी व्यक्ति के ऊतक दान की शुरुआत उसकी मृत्यु के 24 घंटे के भीतर हो जानी चाहिए। दान किए गए अंगों के विपरीत, दान किए गए ऊतकों को तैयार करके लंबे समय तक रखा जा सकता है। 18 वर्ष से अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति अपना अंगदान करके जीवित अंग दाता बन सकता है।

दान किए गए अंग किसी व्यक्ति का जीवन बचा सकते हैं। हालांकि ट्रांसप्लांटेशन तभी संभव है, जब कोई व्यक्ति अपना ऑर्गन किसी को डोनेट करेगा। जब आप अपने शरीर के किसी अंग का दान करते हैं तो उसे पाने वाले को लंबा जीवन जीने में मदद मिलती है। रक्त और प्लेटलेट्स का दान तो कोई भी स्वस्थ व्यक्ति कर सकता है। एक स्वस्थ व्यक्ति प्रति वर्ष अधिकतम 6 बार रक्तदान कर सकता है और साल में 24 बार तक प्लेटलेट्स दान कर सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## मस्क ने दी एप्पल को चेतावनी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी कारोबारी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने दिग्गज टेक कंपनी एप्पल पर बाजार प्रतिस्पर्धा कानून के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। यह मामला एक्सएआई के स्वामित्व वाले चैटबोट ग्रोक से जुड़ा है। एक्स पर उपलब्ध फीचर ग्रोक एक एआई एसिस्टेंट है जो उपयोगकर्ताओं के प्रश्नों के उत्तर दे सकता है, टेक्स्ट तथा तस्वीरें जेनरेट करने में सक्षम है और संवाद भी कर सकता है। मस्क ने एक्स पर पोस्ट की एक सीरीज में ग्रोक की रैंकिंग को लेकर बाजार प्रतिस्पर्धा कानूनों के उल्लंघन के लिए एप्पल की आलोचना की है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि एप्पल इस तरह से काम कर रहा है कि ऐप स्टोर पर ओपन एआई के अलावा किसी दूसरी एआई कंपनी का शीर्ष पर पहुंचना असंभव हो जाता है। यह स्पष्ट रूप से बाजार प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन है। उन्होंने चेतावनी दी है कि वह तत्काल कानूनी कार्रवाई करेंगे। मस्क का यह पोस्ट हाल ही में बाजार में पेश जीपीटी-5 के प्रति उनकी असहजता भी दर्शाता है।

# पाक ने भारतीय राजनयिकों के घरों की गैस सप्लाई रोकी

## रिपोर्ट के मुताबिक मिनरल वॉटर और न्यूज पेपर भी बंद किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों के घरों में गैस सप्लाई बंद कर दी है। इसके अलावा स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें।

एक रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामाबाद ने मिनरल वाटर और न्यूज पेपर की सप्लाई भी रोक दी है। पाकिस्तान ने यह फैसला भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई के तौर पर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह कदम पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की योजना का हिस्सा है। इसके तहत पाकिस्तान बदले की छोटी-छोटी कार्रवाइयां कर रहा है। जवाबी कदम के तौर पर भारत ने भी दिल्ली में तैनात पाकिस्तानी राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है। 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में भारत की एयर स्ट्राइक के बाद भी



### ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई, लोकल वेंडर्स को गैस सिलेंडर न देने के निर्देश

पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय राजनयिकों को इसी तरह परेशान किया था। उस समय, भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसा. रिया, उप उच्चायुक्त जेपी सिंह और नौसेना सलाहकार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को इस तरह के व्यवहार का सामना करना पड़ा था। इन घटनाओं में लगातार पीछा करना,

### यह कदम पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई की योजना का हिस्सा: रिपोर्ट

सुरक्षाकर्मियों से पूछताछ करना और फर्जी फोन कॉल करना जैसी हरकतें शामिल थीं। इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों को परेशान करने की 19 घटनाएं हुईं। राजनयिकों के उत्पीड़न में इस बढ़ोतरी के बाद भारतीय उच्चायोग ने यह मुद्दा पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के सामने उठाया था। गौर करने वाली बात यह है कि 2018 में भी दोनों देशों में ऐसे मामले हुए थे, जिसके बाद दोनों ने 1961 के 'वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशंस' का पालन करने का वादा किया था। पाकिस्तान के गैस, पानी और अखबार रोकने का फैसला वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशंस (1961) का उल्लंघन है। कन्वेंशन के आर्टिकल 25 के मुताबिक मेजबान देश को डिप्लोमैटिक मिशन के सुचारू काम के लिए सभी सुविधाएं देनी होती हैं। पाकिस्तान ने जानबूझकर ये बुनियादी सप्लाई रोककर मिशन के काम और राजनयिकों की रोजमर्रा की जिंदगी में रुकावट डाली। कन्वेंशन का मकसद है कि डिप्लोमैट बिना भय और हस्तक्षेप के काम कर सकें। पाकिस्तान की ये हरकतें सीधे तौर पर दबाव का माहौल बनाने की कोशिश है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौता स्थगित कर दिया था।



प्रयागराज। स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के लिए राष्ट्रीय ध्वज खरीदता युवक।

## अमेरिका ने बीएलए को आतंकी संगठन घोषित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसके सहयोगी संगठन मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकी संगठन (एपफटीओ) घोषित किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार देर रात इसकी जानकारी दी। मार्को रुबियो ने बयान में लिखा, बीएलए ने 2024 में कराची एयरपोर्ट के पास और ग्वादर पोर्ट अथारिटी काम्प्लेक्स में आत्मघाती हमलों की जिम्मेदारी ली थी। मार्च 2025 में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक करने की भी जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 31 नागरिक और सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। 300 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाया था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी

### कहा: बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान में कई हमलों की जिम्मेदारी ली, मुनीर के यूएस दौरे के बीच ऐलान

नोटिफिकेशन। इसमें बताया गया है कि बीएलए पर कार्रवाई इमिग्रेशन एंड नेशनलिटी एक्ट की धारा 219 और एग्जीक्यूटिव आर्डर 13224 के तहत की गई है। अमेरिका की ओर से यह ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर अमेरिका दौरे पर हैं। पाकिस्तानी अखबार डान की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर एक बार फिर से अमेरिका पहुंचे हैं। मुनीर की यह डेढ़ महीने में दूसरी अमेरिका यात्रा है।

# भारत पर टैरिफ रूस के लिए झटका: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति इस हफ्ते पुतिन से मिलेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर लगाए गए एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ को मास्को के लिए झटका बताया है। व्हाइट हाउस से बयान देते हुए ट्रम्प ने कहा कि अमे. रिका जब रूस से तेल खरीदने वाले उसके सबसे बड़े (चीन) या दूसरे सबसे बड़े (भारत) तेल खरीदार पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कहता है, तो यह रूस के लिए बड़ा झटका है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिकी टैरिफ ने रूस की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है। ट्रम्प यूक्रेन में सीजफायर के मुद्दे पर इस हफ्ते पुतिन से मुलाकात करने वाले हैं। इस पर उन्होंने कहा हम पुतिन से मुलाकात करेंगे, और बैठक के पहले दो मिनट में ही मुझे पता चल जाएगा कि सौदा हो सकता है या नहीं। पुतिन से मुलाकात से



### कहा: डील होगी या नहीं 2 मिनट में पता चल जाएगा

पहले जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से बात करेंगे ट्रम्प ने कहा है कि वे पुतिन से मिलने से पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, मैं यूरा. पीय नेताओं से बात करूंगा, जेलेंस्की से भी चर्चा होगी। सबकी राय लेकर मैं पुतिन से मुलाकात में पूरी तैयारी के साथ जाऊंगा और देखेंगे क्या होता है।

### अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने की तैयारी में भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारतीय स्टील, एल्युमिनियम और कई प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत टैरिफ (इम्पोर्ट डयूटी) लगाया है। एक रिपोर्ट के मुता. बिक, अब इसके जवाब में भारत भी चुनिंदा अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है। अगर ऐसा होता है, तो यह अमे. रिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ पर भारत का पहला औपचारिक पलटवार होगा। ट्रम्प ने 31 जुलाई को सभी भारतीय प्रोडक्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। इसके बाद फिर 6 अगस्त को रूस से आयल इम्पोर्ट को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत का एक्स्ट्रा टैरिफ लगा दिया था।

## बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित किया जाए: कनाडाई सांसद

**ओटावा।** कनाडाई सांसद फ्रैंक कैपुटो ने प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और उनकी लिबरल पार्टी से लारेंस बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की है। कैपुटो ने कहा: यह गैंग समुदायों को डरा रहा है। अब समय है कि सरकार कार्रवाई करे। कैपुटो पब्लिक सेफ्टी मिनिस्टर हैं, उन्होंने अपने सहयोगी मंत्री गैरी आनंदसंगरी को पत्र लिखकर बताया कि बिश्नोई का आपराधिक साम्राज्य हत्याएं, और अवैध गति. विधियां करता है। उन्होंने कहा कि यह गैंग राजनीतिक, धार्मिक और वैचारिक कारणों से हिंसा फैलाता है। कैपुटो ने अपने पत्र में लिखा कि बिश्नोई गैंग की गतिविधियां इसे आतंकी संगठन घोषित करने का आधार देती हैं। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि इसे आतंकी संगठन की सूची में डालें ताकि पुलिस और सरकार को इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए जरूरी संसाधन मिल सकें।

# गाजा में नरसंहार पर भारत सरकार खामोश: प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को गाजा में हुई हत्याओं की कड़ी निंदा की और इजरायल पर 'नरसंहार' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इजरायल ने गाजा में 60 हजार से ज्यादा लोगों की हत्या की है, जिनमें 18430 बच्चे शामिल हैं। उन्होंने भारत सरकार पर आरोप लगाया कि वह फलस्तीनी लोगों की पीड़ा पर चुप है, जबकि इजरायल नागरिकों पर तबाही बरपा रहा है। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने प्रियंका गांधी के सवालों के जवाब में कहा कि यह गलत बयान है। वहां आम

### कांग्रेस नेता ने कहा: इजरायल ने 60 हजार लोगों को मारा

लोगों के मौत की वजह हमास है। वायनाड सांसद प्रियंका ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि गाजा में सैकड़ों लोगों की मौत भूख से हुई है और लाखों लोग भुखमरी के खतरे में हैं। उन्होंने गाजा में अल जजीरा के 5 पत्रकारों की टारगेट किलिंग को 'जघन्य अपराध' बताया। एक अन्य पोस्ट में प्रियंका ने लिखा कि चुप्पी के जरिए ऐसे अपराधों को बढ़ावा देना भी अपराध है। उन्होंने भारत सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह शर्मनाक है कि वह तब भी चुप है जब इजरायल फलस्तीन के लोगों पर कहर बरपा रहा है।

# आसिम मुनीर सूट पहनने वाला लादेन: माइकल रुबिन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को सूट पहनने वाला ओसामा बिन लादेन बताया है।

उन्होंने कहा कि मुनीर के परमाणु धमकी वाले हालिया बयान से पाकिस्तान गुंडा राज्य जैसा व्यवहार कर रहा है। आसिम मुनीर ने पिछले हफ्ते अमेरिका के टेम्पा शहर में अमेरिकी सैन्य अधिकारियों से मुलाकात के दौरान कहा था कि पाकिस्तान एक न्यूक्लियर स्टेट है, पाकिस्तान डूबा तो आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेगा। रुबिन ने इस बयान की तुलना आतंकी संगठन आईएसआईएस और ओसामा बिन लादेन के खतरनाक बयानों से की। रुबिन ने अमेरिकी सरकार से पाकिस्तान से प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी

### मुनीर के परमाणु धमकी वाले बयान से पाक गुंडा राज्य जैसा व्यवहार कर रहा: पेंटागन के पूर्व अधिकारी

का दर्जा तुरंत छीन लेने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान को आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला देश घोषित करने पर विचार करना चाहिए। नाटो देशों के अलावा जिन देशों के साथ अमेरिका के अमेरिका के रक्षा संबंध हैं। उन्हें वह प्रमुख प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा देता है। रुबिन ने आसिम मुनीर को 'पर्सोना नान ग्राटा' घोषित कर अमे. रिका का वीजा देने पर पाबंदी लगाने की मांग की है। रुबिन ने यह भी कहा कि जब मुनीर ने ये बयान दिया, तो उसी वक्त उन्हें मीटिंग से बाहर निकालकर टेम्पा एयरपोर्ट भेजकर देश से बाहर कर देना चाहिए था।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मेरी माटी मेरा देश
दुर्गा इस्पात प्राईवेट लि.
मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Parikrama Marg, Muzaffarnagar
Approvals
Affiliations
A++ NAAC UGC
www.srgcmzn.com src_mzn@rediffmail.com
Admission Open
Shri Ram Group of Colleges (IC)
BTech (CE, ME, EE, CSE, CSE (AI&ML), ECE)
Polytechnic (CE, ME, EE)
MBA | MCA | BArch | DPharm
Shri Ram Polytechnic
Polytechnic
(CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)
Shri Ram College of Pharmacy
BPharm | DPharm
Shri Ram College of Law
BALLB | BComLLB | LLB
For Admission Scan QR code or Register on www.srgcmzn.com by clicking the link Apply for Registration: 2025-26
Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)
Shri Ram College
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh
BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc-Agronomy
MSc- Agri Chemistry & Soil Sc | BSc-Phy, Chem, Maths, Zoology, Botany
MSc- Maths, Chem, Zoology, Botany | BSc- Biotech | MSc- Biotech
BSc- Microbio | MSc- Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics
MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing & Textile | BAJMC | MAJMC
BPES | BPEd | BEd | MEd | BScBEd | BComBEd | BABEd (under ITEP)
Apprenticeship Embedded Degree Programs (AEDP)- BCom- Banking, Financial Services & Insurance, BSc- Tourism & Hospitality Mgmt
Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism, Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration
Advance Diploma * Software & Web Development
For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.
For Admission Scan QR code or Register on www.srcmzn.com by clicking the link Apply for Registration: 2025-26
Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at Maa Shakumbhari University, Saharanpur Admission Portal
Scholarship more than ₹ 10 Crores Available
For Further Information Please Contact @
Engg: 9927074735, 9927079966; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agriculture: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Physical Edu: 7817861855; Journalism: 9927668855; Home Science & AEDP: 8800538281